# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

बुधवार 20 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 332

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 35.1 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 20.2 |
| डालटनगंज | 29.5 | 18.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता मुर्मू सोरेन ने पार्टी और विधायकी से दिया इस्तीफा



## गुरुजी परिवार में एक और बिखराव

# 'सीता' हुईं भाजपा की

कौशल आनंद। रांची

- पार्टी और परिवार पर लगाया गंभीर आरोप, कहा-परिवार और पार्टी से अलग-थलग करने का होता रहा प्रयास, पार्टी गलत हाथों में चली गयी
- भाजपा में शामिल होने के बाद कहा - महान परिवार को छोड़ कर मोदी परिवार का हिस्सा बनी, राज्य की 14 सीटों पर खिलेगा कमल

गुरुजी (शिबू सोरेन) परिवार में 10 साल बाद दूसरी बड़ी टूट हुई है. शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन मंगलवार को झामुमो और विधायकी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गयीं. सीता सोरेन सुबह 10.20 बजे झामुमो कार्यालय को मेल से अपना इस्तीफा भेजा. इसके दो घंटे बाद उन्होंने जामा से अपनी विधायकी का इस्तीफा स्पीकर डॉ. रवींद्र नाथ महतो को भेज दिया. दिन के दो बजे उन्होंने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी की उपस्थिति में पार्टी का दामन थाम लिया. भाजपा का दामन थामने के बाद सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए वह भाजपा में शामिल हुई हैं. कहा कि उनके ससुर शिबू सोरेन और पति दुर्गा सोरेन की अगुवाई में अलग झारखंड राज्य की लड़ाई लड़ी गई. अलग झारखंड राज्य बना, लेकिन राज्य का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया. आज देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जाता रही है. उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रही हैं. वे एक महान परिवार को छोड़ कर मोदी परिवार का हिस्सा बन रही हैं. उन्होंने दावा किया कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा.

### पार्टी को भेजे इस्तीफे में परिवार और पार्टी पर लगाया गंभीर आरोप




### सीता सोरेन ने अपने इस्तीफा में लिखा....

**आदरणीय गुरुजी बाबा**

**केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड मुक्ति मोर्चा**

**मैं सीता सोरेन,** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय महासचिव एवं सक्रिय सदस्य वर्तमान विधायक हूं, आपके समक्ष अत्यंत दुखी हृदय के साथ अपना इस्तीफा प्रस्तुत कर रही हूं. मेरे स्वर्गीय पति, दुर्गा सोरेन, जो कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा और महान क्रांतिकारी थे, के निधन के बाद से ही मैं और मेरा परिवार लगातार उपेक्षा का शिकार रहे हैं. पार्टी और परिवार के सदस्यों ने हमें अलग-थलग कर दिया है. जो कि मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक रहा है. मैंने उम्मीद की थी कि समय के साथ स्थितियां सुधरेगी, लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ. झारखंड मुक्ति मोर्चा जिसे मेरे स्वर्गीय पति ने अपने त्याग समपर्ण और नेतृत्व क्षमता के बल पर एक महान पार्टी बनाया था आज वह पार्टी नहीं रहीं, मुझे यह देखकर गहरा दुःख होता है कि पार्टी अब उन लोगों के हाथों में चली गयी है. जिनके दृष्टिकोण और उद्देश्य हमारे मूल्यों और आदर्शों से मेल नहीं खाते.

### गुरुजी के अथक प्रयास के बाद सभी एकजुट नहीं रह सके

शिबू सोरेन (गुरुजी बाबा के) अथक प्रयासों के बावजूद जिन्होंने हम सभी को एक जुट रखने के लिए कठिन परिश्रम किया, अफसोस कि उनके प्रयास भी विफल रहे. मुझे हाल ही में यह ज्ञात हुआ है कि मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ भी एक गहरी साजिश रची जा रही है. मैं अत्यंत दुखी हूं. मैंने यह दृढ़ निश्चय किया है कि कि मुझे झारखंड मुक्ति मोर्चा और इस परिवार को छोड़ना होगा. अतः मैं अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं. आप से निवेदन करती हूं कि मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए. मैं आपकी और पार्टी की हमेशा अभारी रहूंगी. मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ रहेंगी.

### गुरुजी बात करना चाहते थे, मगर समय नहीं दिया : सुप्रियो भट्टाचार्य

सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर झामुमो ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह गुरुजी और झामुमो परिवार के लिए क्षति है. निश्चित ही कोई परिवार से जाता है, तो दुख भी होता है और क्षति भी. 10.20 बजे पार्टी कार्यालय में उनका इस्तीफा आया. 11 बजे तक इसकी सूचना गुरुजी को दे दी गयी. गुरुजी ने कहा कि हम बहू से बात करेंगे. इसके एक घंटे बाद सूचना आयी कि वह भाजपा ज्वाइन कर रही हैं. सीता जी ने गुरुजी को बात करने का समय तक नहीं दिया. इसका मतलब साफ है कि यह प्री-प्लान था. पार्टी और मैं निजी तौर पर सीता भाभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं.

**चुनावी महासमर 2024**

## 'शक्ति' पर मोदी हमलावर, कांग्रेस पहुंची चुनाव आयोग

# ये हिंदू धर्म का अपमान करने वाले हैं

एजेंसी। सेलम

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के सेलम में सार्वजनिक सभा में राहुल गांधी की 'शक्ति' टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष दल का इंडिया गठबंधन बार-बार हिंदू धर्म का अपमान करता है. कांग्रेस और डीएमके की प्रवृत्ति हिंदू धर्म का अपमान करने की बन गई है. हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है.

मोदी ने इंडिया अलायंस के सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आप देखिए, और किसी धर्म का अपमान डीएमके और कांग्रेस का इंडिया नहीं करता है. किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से शब्द नहीं निकलते, लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकेंड नहीं लगाते. पीएम मोदी ने राहुल की शक्ति वाली टिप्पणी के जवाब में कहा कि हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका होता है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं. ऐसे विचारों को हराने की शुरुआत 19 अप्रैल को सबसे पहले मेरा तमिलनाडु करेगा.

-शेष पेज 11 पर



*ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है. हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये हर व्यक्ति जानता है* **- पीएम मोदी**

### कांग्रेस ने की चुनाव आयोग से शिकायत

कांग्रेस ने पीएम मोदी पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है. कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. तेलंगाना कांग्रेस के नेता जी निरंजन ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि राहुल गांधी ने रैली में बुरी शक्तियों के खिलाफ जंग की बात की थी.

-शेष पेज 11 पर

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, घोषणा पत्र में होंगे 25 न्याय

# मोदी की गारंटी का हश्र 'इंडिया शाइनिंग' जैसा : खरगे

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की 'गारंटी' का वही हश्र होगा, जो वर्ष 2004 में ''इंडिया शाइनिंग'' नारे का हुआ था. उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा. कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया.पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणापत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा तथा वह घर-घर गारंटी लेकर जाएगा. बैठक में घोषणापत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है. उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय – भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय- पर आधारित होगा. इनमें 25 गारंटी होंगी, जिनकी घोषणा खरगे और राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं.

- शेष पेज 11 पर

**सर्राफा**

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 61,500 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### वंदना दादेल को गृह सचिव की कमान

**रांची।** चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार ने वंदना दादेल को होम सेक्रेटरी की कमान सौंप दी है. वर्तमान में वंदना दादेल वन एवं पर्यावरण विभाग की प्रधान सचिव हैं. साथ ही उनके पास कैबिनेट का भी अतिरिक्त प्रभार है. बताते चलें कि चुनाव आयोग ने झारखंड सहित 6 राज्यों के गृह सचिव को सोमवार को पद से हटा दिया था. इसके बाद कार्मिक विभाग झारखंड ने गृह सचिव के पद के लिए वंदना दादेल, मनीष रंजन और अबू बकर सिद्दीकी के नाम आयोग को भेजे थे. इनमें से वंदना दादेल को गृह सचिव बनाया गया है. चुनाव आयोग की सहमति के बाद कार्मिक विभाग ने मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया.

### अप्रैल में आएगा जैक 10वीं -12वीं का रिजल्ट

**रांची।** जैक 10वीं और 12वीं का रिजल्ट अप्रैल के अंतिम सप्ताह में घोषित कर सकता है. कॉपी जांच का काम शुरू है. जैक तैयारी में है कि समय पर रिजल्ट जारी हो. 6 से 26 फरवरी तक 10वीं और 12वीं की परीक्षा आयोजित हुई थी. परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई थी. पहली पाली में मैट्रिक और दूसरी पाली में 12वीं की परीक्षा ली गई थी.

## पतंजलि आयुर्वेद भ्रामक विज्ञापन मामला : सुप्रीम कोर्ट के तेवर तल्ख

# बालकृष्ण व रामदेव हाजिर हों



भाषा। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्यवाही के मामले में मंगलवार को योग गुरु रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से व्यक्तिगत रूप से अपने समक्ष पेश होने को कहा. न्यायमूर्ति हिमा कोहली और अमानुल्लाह की पीठ ने कंपनी और बालकृष्ण को पहले जारी किए गए अदालत के नोटिसों का जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी फटकार लगाई. उन्हें नोटिस जारी कर पूछा गया था कि उन पर अवमानना कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए. शीर्ष अदालत आईएमए की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें रामदेव पर कोविड रोधी टीकाकरण अभियान और आधुनिक दवाओं के खिलाफ मुहिम चलाने का आरोप लगाया गया है. कोर्ट ने कहा कि उसे रामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी करना उपयुक्त लगता है क्योंकि पतंजलि द्वारा जारी विज्ञापन 21 नवंबर, 2023 को अदालत में दिए गए हलफनामे का विषय हैं. इसने कहा कि ऐसा लगता है कि रामदेव द्वारा इनकी पुष्टि की गई.

### बाबा रामदेव को भी पक्षकार बनाया जाएगा

कोर्ट ने सुनवाई के क्रम में बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी से पूछा कि आप बताइए कि अभी तक जवाब दाखिल क्यों नहीं किया गया है? साथ ही कोर्ट ने कहा कि हम आपके मुवक्किल को अदालत में पेश होने का आदेश जारी करेंगे. कहा कि रामदेव को भी पक्षकार बनाया जायेगा. रामदेव और आचार्य बालकृष्ण दोनों को अगली सुनवाई पर अदालत में आना होगा. कोर्ट ने केंद्रीय आयुष मंत्रालय से नाराजगी जताई कि एक दिन पहले उसने क्यों जवाब दाखिल किया? इस पर मंत्रालय ने सफाई दी कि उसे उचित जवाब देने के लिए और समय चाहिए. पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि आयुर्वेद को कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया था. पतंजलि आयुर्वेद के अलावा आचार्य बालकृष्ण को तीन सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने को कहा गया था. लेकिन किसी ने नोटिस का जवाब नहीं दिया था.

# प्रमोशन में आरक्षण पर रोक


**रांची।** हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ दायर एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण झारखंड सरकार आज से नहीं दे सकती है. जब तक कि झारखंड सरकार सुप्रीम कोर्ट के जरनैल सिंह जजमेंट 1, 2 व एम नागराज के केस में जो दिए गए दिशा-निर्देश के आलोक में नयी नियमावली नहीं बनाती. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड सरकार का 31 मार्च 2003 का संकल्प गलत है, क्योंकि इसमें सुप्रीम कोर्ट के एम नागराज जजमेंट व जरनैल सिंह जजमेंट में जो गाइडलाइन दी गई थी, उसका पालन नहीं किया गया है.

### पशुपति पारस ने छोड़ा मंत्री पद

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी रालोजपा के साथ नाइंसाफी किया है. पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की.

## अच्छी खबर शनिवार-रविवार को भी पितृत्व अवकाश की छुट्टियों में किया जाएगा शामिल

# पुरुष कर्मियों को भी मिलेगा पितृत्व अवकाश



रवि भारती। रांची

राज्य सरकार ने झारखंड सेवा संहिता 2000 के प्रारूप को स्वीकृति दे दी है. इसके तहत महिला कर्मियों के साथ पुरुष कर्मियों को भी पितृत्व अवकाश मिलेगा. राज्य सरकार ने छठे केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में यह निर्णय लिया है. इस प्रारूप में राज्य सरकार ने सरकारी महिला कर्मियों के मातृत्व अवकाश की अधिसीमा में वृद्धि करने के साथ पुरुष कर्मियों के लिए पितृत्व अवकाश का प्रावधान किया है.

## झारखंड सेवा संहिता, 2000 में संशोधन के प्रारूप को मिली स्वीकृति

### क्या है प्रावधान

पितृत्व अवकाश के तहत एकल पुरुष अभिभावक, जिसमें अविवाहित, विधुर या तलाकशुदा शामिल हैं, उन्हें यह सुविधा प्रदान की जाएगी. शिशु देखभाल अवकाश अर्जित अवकाश के समान मानी जाएगी और उसी प्रकार से मंजूर की जाएगी. बताते चलें कि केंद्र सरकार के महिला कर्मियों के लिए समस्त सेवाकाल में दो अवयस्क संतानों की देखभाल के लिए कुल 730 दिनों की शिशु देखभाल अवकाश का प्रावधान किया गया है. एकल पुरुष कर्मियों के लिए भी उक्त सुविधा कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश से प्रदान की गयी है.

### प्रारूप में अवकाश के लिए क्या-क्या हैं प्रावधान

- **महिला या एकल पुरुष कर्मी को यह छुट्टी सवेतन प्राप्त होगी, जो छुट्टी पर प्रस्थान करने के ठीक पहले प्राप्त कर रही/रहा हो .**
- अवयस्क संतान वाली महिला कर्मियों को, उनकी सेवा अवधि के दौरान, केवल दो संतान तक छुट्टी स्वीकृत होगी.
- **निःशक्त बच्चों के मामलों में उम्र सीमा लागू नहीं होगी.**
- किसी भी परिस्थिति में, प्राधिकारी की पूर्वानुमति मंजूरी के बिना, कोई कर्मचारी इस छुट्टी पर प्रस्थान नहीं कर सकेगा .
- **शिशु देखभाल अवकाश एक कैलेंडर वर्ष के दौरान तीन बार से अधिक नहीं मिलेगा. जो प्रत्येक बार 15 दिनों के लिए होगा.**
- शिशु देखभाल अवकाश के दौरान कोई अन्य छुट्टी चिकित्सक का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र होने पर ही मंजूर की जाएगी.
- **संबंधित महिला एकल पुरुष कर्मचारी के छुट्टी लेखा में उपार्जित अवकाश देय होते हुए भी शिशु देखभाल अवकाश मंजूर की जा सकेगी .**




### बाबूलाल मरांडी के बेहद खास दो नेता हैं धनबाद, चतरा में दावेदारों की लिस्ट में हैं सबसे ऊपर

# धनबाद, चतरा में भाजपा के दावेदारों ने सजा दी फिल्डिंग, टिकट के लिए लगा रहे जोर

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड की तीन संसदीय सीट (चतरा, धनबाद, गिरिडीह) में एनडीए का प्रत्याशी कौन होगा, इस पर अब तक संशय बरकरार है. गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू को मिलने की उम्मीद है. लेकिन धनबाद और चतरा में भाजपा अपना प्रत्याशी उतारेगी. आखिरी समय में इन दोनों लोकसभा सीट पर भाजपा के दावेदार टिकट पाने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं. धनबाद और चतरा के वर्तमान सांसद पीएन सिंह और सुनील कुमार सिंह का टिकट कटना तय माना जा रहा है. भाजपा के कई विधायक और पार्टी के पदाधिकारी इन दोनों सीट पर कई महीनों से अपनी फिल्डिंग लगा चुके हैं. कोई प्रदेश नेतृत्व का खास है तो कोई केंद्रीय नेताओं का चहेता है. धनबाद और चतरा लोकसभा सीट के दावेदारों में दो ऐसे नेता भी शामिल हैं, जो झाविमो के समय से ही प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बेहद खास हैं.

## चतरा के लिए योगेंद्र, गिरिनाथ, मेहता, कालीचरण लगा रहे जोर

चतरा लोकसभा सीट के वर्तमान सांसद सुनील कुमार सिंह का भाजपा के अंदर काफी विरोध हो रहा है. भाजपा कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग उनके खिलाफ है. इसे देखते हुए पार्टी नेतृत्व अब तक चतरा सीट पर फैसला नहीं ले पा रहा है. चतरा में भाजपा के पास कोई बड़ा चेहरा भी नहीं है. ऐसे में उम्मीदवार के चयन में भाजपा पूरे हिसाब-किताब के बाद प्रत्याशी के नाम की घोषणा करेगी. वैसे तो चतरा में भाजपा के कई दावेदार हैं, लेकिन भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री और राजद से भाजपा में आये गिरिनाथ सिंह, पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता और प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह के नाम के काफी चर्चे हैं.



## धनबाद में राज, ढुल्लू, रागिनी और सरोज टिकट की रेस में

धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद पीएन सिंह का भी पार्टी के अंदर विरोध हो रहा है. इस सीट पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा, बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो, पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह और भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह के नाम के चर्चे हैं. एक और नाम भी चर्चा में है. वह है जमशेदपुर से विधायक सरयू राय. चर्चा है कि यहां भाजपा वेट एंड वॉट की स्थिति में है. कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा की तरह विधायक सरयू राय भी अगर भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो पार्टी धनबाद से उन्हें चुनाव लड़वायेगी.



### कांग्रेस और झामुमो की सीटों पर कई दावेदार आ रहे हैं सामने

# 'इंडिया' में सीट शेयरिंग करीब-करीब तय अब टिकट को लेकर होने लगी लॉबिंग

कौशल आनंद। रांची

झारखंड में इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का खाका करीब-करीब तैयार कर लिया गया है. एक से दो दिनों के अंदर कांग्रेस दिल्ली से वहीं झामुमो रांची से प्रत्याशी का एलान कर सकती है. सीट शेयरिंग का नया फॉर्मूला तैयार हुआ है. इसके अनुसार चाईबासा सीट झामुमो को देने पर कांग्रेस सहमत हो चुकी है. जबकि लोहरदगा पर अंत तक सस्पेंस कायम है. यह सीट कांग्रेस छोड़ने को तैयार नहीं है.

कांग्रेस के हिस्से रांची, धनबाद, गोड्डा, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा और चतरा हिस्से में आ रही है, जबकि झामुमो के हिस्से राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेदपुर और चाईबासा सीट आ रहा है. वहीं कोडरमा माले को व पलामू सीट राजद के हिस्से जाने की पूरी संभावना है. अब जबकि सीट का खाका करीब-करीब तैयार हो चुका है. ऐसे में अब प्रत्याशियों पर माथापच्ची और टिकट को लेकर लॉबिंग काफी तेज हो गयी है.



### रांची से सुबोधकांत को टिकट मिलना तय

रांची सीट एक बार से फिर से कांग्रेस के हिस्से में आयी है. रांची से दो लोगों का नाम प्रदेश द्वारा कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति के पास भेजा गया. इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व रांची से सांसद सुबोधकांत सहाय और कुरमी नेता केशव महतो कमलेश के नाम हैं, मगर रांची से सुबोधकांत सहाय को टिकट मिलना करीब-करीब तय है. सुबोधकांत सहाय की यह अंतिम पारी ही होगी. सहाय रांची से दो बार लगातार 2014 और 2019 में लोस चुनाव हार चुके हैं.

### गोड्डा हुआ दिलचस्प

गोड्डा संसदीय सीट से पौड़याहाट विधायक प्रदीप यादव की दावेदारी सबसे मजबूत है. इस सीट से महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय भी रेस में हैं. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट से पार्टी किस पर विश्वास व्यक्त करती है.

### धनबाद में भी बड़ी चुनौती पूर्णिमा नीरज सिंह के पक्ष में पीसीसी

धनबाद सीट पर एक प्रत्याशी उतारना कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती साबित होगी. इसमें दो नहीं पांच-पांच दावेदार सामने आ रहे हैं. इसमें पूर्व सांसद ददई दूबे, अजय दूबे, विजय सिंह, अशोक सिंह और पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक के नाम शामिल हैं. मगर इस सीट से अचानक कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का नाम तेजी से आगे आया है.

### कांग्रेस की सीट पर संभावित प्रत्याशी

गोड्डा : प्रदीप यादव, दीपिका सिंह पांडेय
धनबाद : पूर्णिमा नीरज सिंह, ददई दूबे, अजय दूबे, विजय सिंह, अशोक सिंह, मन्नान मल्लिक
रांची : सुबोधकांत सहाय, केशव महतो कमलेश
खूंटी : काली चरण मुंडा, प्रदीप बलमुचू, दयामनी बारला
चतरा : धीरज प्रसाद साहू, जयशंकर पाठक, केएन त्रिपाठी
लोहरदगा : डॉ. रामेश्वर उरांव, सुखदेव भगत
हजारीबाग : अंबा प्रसाद

### झामुमो के संभावित प्रत्याशी

राजमहल : विजय हांसदा, लोबिन हेंब्रम
दुमका : हेमंत सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन
चाईबासा : दशरथ गगराई, दीपक बिरूआ, सुखराम उरांव, जोबा मांझी
जमशदेपुर : सविता महतो, सुमन महतो
गिरिडीह : सुदिव्य कुमार सोनू, बबीता देवी

### माले के संभावित प्रत्याशी

कोडरमा : विनोद सिंह, राजकुमार यादव

राजद के संभावित प्रत्याशी

पलामू : ममता भुईया

### चतरा में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी भी ठोंक रहे हैं ताल

चतरा में सबसे बड़े दावेदार हमेशा से ही धीरज प्रसाद साहू माने जा रहे हैं. मगर नेतृत्व ने गत चुनाव में उनका पत्ता काट दिया था. गत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने मनोज कुमार यादव को चुनाव मैदान में उतार दिया था. इस बार चतरा में धीरज साहू के साथ-साथ दो अन्य नेता जयशंकर पाठक और डालटनगंज के पूर्व विधायक,पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी भी ताल ठोंक रहे हैं.

### सूबे के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन को तेलंगाना और पुडुचेरी का भी प्रभार

रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना और पुडुचेरी का भी प्रभार सौंपा गया है. दरअसल तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने 18 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दिया था. साथ ही तमिलिसाई ने पुडुचेरी के उपराज्यपाल के पद से भी इस्तीफा दिया था. तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने सोमवार को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपा था, जिसे द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया है. राज्यपाल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि मैं तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में सेवा करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी पाकर धन्य हूं.

### छात्रों के हित में होगा उग्र आंदोलनः बबलू मुंडा

रांची। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड में शिक्षा-रोजगार में दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है. झारखंड के 24 साल में 24 बार जेपीएससी परीक्षा होनी चाहिए थी, लेकिन षड्यंत्र के तहत 11वीं और 12वीं जेपीएसी परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया है. इसपर सरकार को जल्द कार्रवाई करनी चाहिए. अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती तो झारखंडी छात्रों के हित में केंद्रीय सरना समिति उग्र आंदोलन करेगी.

## वर्ड पावर चैंपियनशिप में 21 जिले के 68 छात्र हुए चयनित



मुख्य बातें
- छात्रों की जिला स्तरीय एक दिवसीय परीक्षा
- छात्रों का वीडियो के माध्यम से इंटरव्यू लिया गया

रजनीश प्रसाद। रांची

वर्ड पावर चैंपियनशिप का सेमी फाइनल और फाइनल का आयोजन होना है. सेमी फाइनल का आयोजन 27 मार्च को और फाइनल 28 मार्च को जेसीईआरटी कैंपस में होगा. वर्ड चैंपियनशिप का आयोजन पहले जिला स्तर पर हुआ. इसमें 21 जिला के 68 छात्र-छात्राएं सेमी फाइनल के लिए चयनित हुए.

बीते 29 फरवरी को जिला स्तरीय राउंड को पूरा कर लिया गया है. अब सभी जिले के विजेताओं को राज्य स्तर के लिए आमंत्रित किया है. कार्यक्रम का आयोजन झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने किया है. यह कार्यक्रम पिछले साल भी हुआ था. इसका उद्देश्य छात्रों में कौशल बढ़ाने का है. झारखंड में सभी स्कूलों के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया है.

| जिला | संख्या |
|---|---|
| बोकारो | 4 |
| चतरा | 1 |
| धनबाद | 12 |
| देवघर | 3 |
| दुमका | 1 |
| गरवा | 3 |
| गिरिडीह | 3 |
| गोडा | 2 |
| गुमला | 1 |
| हजारीबाग | 4 |
| जामतारा | 3 |
| कोडरमा | 3 |
| लातेहार | 1 |
| लोहरदगा | 3 |
| पाकुड़ | 2 |
| पलामू | 3 |
| पू.सिंहभूम | 2 |
| रामगढ़ | 4 |
| रांची | 11 |
| साहिबगंज | 2 |
| सरायकेला खरसावां | 2 |

## कर्मचारियों ने ही असिस्टेंट रजिस्ट्रार पर लगाया आरोप



संवाददाता। रांची

मुख्य बातें
- झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय का मामला
- असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने कहा- सारे आरोप गलत

झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुमित कुमार गुप्ता पर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने ही वेतन काटने और कैजुअल लीव काटने का आरोप लगाया है. वेतन काटने के विरोध में कर्मचारी बीते सोमवार से हड़ताल पर हैं. वेतन काटने की समस्या को लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव सह रक्षा शक्ति विवि के कुलपति राहुल पुरवार के नाम आवेदन लिखा है. आवेदन में कर्मचारियों ने कहा है कि सहायक कुलसचिव द्वारा हमारे वेतन की कटौती कर ली जाती है. ऐसा हर महीने किया जा रहा है. जब कोई पूछता है, तो उनका जवाब होता है कि 20,000 दिया जा रहा है. लेकिन कर्मचारियों को 13,080 रुपये दिये जाते हैं. असिस्टेंट रजिस्ट्रार फ्रंटलाइन एजेंसी के साथ मिल कर काम कर रहे हैं. कर्मचारियों के ऑफर लेटर में साफ-साफ लिखा है कि कैजुअल लीव दिया जाएगा. कैजुअल लीव में मानदेय काट लिया जाता है. समय पर वेतन नहीं आता है.

**सारे आरोप गलत हैं :** असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुमित कुमार गुप्ता ने कहा है कि उच्च शिक्षा के संकल्प के आधार पर मानदेय का भुगतान किया जाता है. ये सभी कर्मी आउटसोर्सिंग में हैं. पहले ये अनुबंध में थे. इसमें रजिस्ट्रार और असिस्टेंट रजिस्ट्रार का कोई रोल नहीं है. इनके लिए दो प्रशाखा पदाधिकारी और कुलपति ने एक शिक्षकों को नियुक्त किया है. इनका काम और रिपोर्टिंग वही लोग देखते हैं. इनके मानदेय में बढ़ोतरी के लिए दिसंबर में ही अनुमोदन कर दिया गया है. मेरे ऊपर लगे सारे आरोप गलत हैं.

### रिम्स में वित्त पोषित परियोजना पर कार्यशाला का आयोजन

## सभी चिकित्सक और नर्स मैत्री भाव से कार्य करें : डॉ राजकुमार



संवाददाता। रांची

इंडियन काउंसिल ऑफ रिसर्च (आईसीएमआर) द्वारा वित्त पोषित परियोजना पर मंगलवार को रिम्स में कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने कहा कि सभी चिकित्सक व नर्स मैत्री के भाव से कार्य करें. गरीब मरीजों के साथ उचित व्यवहार करते हुए उनके कष्टों के निराकरण के लिए कार्य करें.

उन्होंने कहा कि मैत्री के भाव से कार्य करने में बहुत सारी चीजें सरल व सहज हो जाती हैं. उन्होंने भगवान बुद्ध को प्रेरणास्रोत मानते हुए उन्हीं के विचारों में चलने की सलाह दी.

रिम्स इस परियोजना के लिए समन्वय केंद्र है और इसके तहत वरीय-कनिष्ठ चिकित्सक, नर्स व स्ट्रोक प्रबंधन से जुड़े सभी को प्रशिक्षण दिया जायेगा. प्रशिक्षण में काम को किस तरह से सुगम बनाया जाए, इस पर विस्तार से चिकित्सकों और कर्मचारियों को जानकारी दी जाएगी.

साथ ही प्रशिक्षण में यह भी बताया जाएगा कि किस तरह कार्यस्थल में मैत्रीपूर्ण वातावरण रखा जाए और इसके लाभ की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यशाला में बुखार, शुगर और रक्तचाप प्रबंधन के साथ-साथ निगलने और बहु-विषयक टीम के महत्व पर चर्चा की गई.

कार्यशाला में डीन डॉ विद्यापति, न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ रूपेश कुमार, मेडिसीन विभाग के प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार सिंह के अलावा कई वरिष्ठ नर्स सहित अन्य मौजूद रहे.

## देश की बेरोजगारी दर में 2.8% की कमी

पियूष गोतम। रांची

भारत में 2022-23 के दौरान बेरोजगारी दर में 2.8 फीसदी की कमी दर्ज की गई है. नेशनल सैंपल सर्वे कार्यालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार 2017-18 में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में घटकर 3.2% रह गई है. ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 2017-18 में 5.3% थी, जो 2022-23 में घटकर 2.4% पर आ गई है. शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 7.7% से घटकर 5.4% पर आ गया है. वहीं पुरुषों में बेरोजगारी दर की बात करें तो 2017-18 में 6.1% थी जो 2022-23 में घटकर 3.3% हो गया है. महिलाओं के लिए भी अच्छी खबर है, 2017-18 में महिलाओं की बेरोजगारी दर 5.6% से घटकर 2022-23 में 2.9 फीसदी पर पहुंच गई है.



### 15 वर्ष और उससे अधिक आयु में बेरोजगारी दर

| | ग्रामीण | | | शहरी | | | ग्रामीण-शहरी (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल |
| 2022-23 | 2.7 | 1.8 | 2.4 | 4.7 | 7.5 | 5.4 | 3.3 | 2.9 | 3.2 |
| 2021-22 | 3.8 | 2.1 | 3.2 | 5.8 | 7.9 | 6.3 | 4.4 | 3.3 | 4.1 |
| 2020-21 | 3.8 | 2.1 | 3.3 | 6.1 | 8.6 | 6.7 | 4.5 | 3.5 | 4.2 |
| 2019-20 | 4.5 | 2.6 | 3.9 | 6.4 | 8.9 | 6.9 | 5.0 | 4.2 | 4.8 |
| 2018-19 | 5.5 | 3.5 | 5.0 | 7.0 | 9.8 | 7.6 | 6.0 | 5.1 | 5.8 |
| 2017-18 | 5.7 | 3.8 | 5.3 | 6.9 | 10.8 | 7.7 | 6.1 | 5.6 | 6.0 |

### रामगढ़ स्थित स्पंज प्लांट में धड़ल्ले से हो रहा अवैध कोयले का इस्तेमाल

## अवैध चालान से लगातार हो रही कोल ट्रांसपोर्टिंग

संवाददाता। रांची

अवैध चालान के माध्यम से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग का खेल लंबे समय से चल रहा है. रामगढ़ जिले के कुजू और हजारीबाग के उरीमारी रेलवे साइडिंग से कोयला कारोबारी बिना वैध चालान के कोयले की ट्रांसपोर्टिंग कर रहे हैं. जांच में खुलासा हुआ है कि कोयला कारोबारी साइडिंग के कर्मी की मदद से बिना कोयला साइडिंग पर कोयला गिराये, कोयला का पेपर रिसीव करा लेते हैं. इसके बाद कोयले को कुजू ओपी क्षेत्र स्थित एक स्पंज प्लांट में भेजते हैं. फिर वहां से अवैध कोयले का धड़ल्ले से उपयोग किया जाता है.



### अवैध कोयला का कारोबार रोकने की इनकी है जिम्मेदारी

*पुलिस : संबंधित इलाके के थाना प्रभारी, संबंधित जिले के एसपी और संबंधित क्षेत्र के डीएसपी.*

*प्रशासन : संबंधित जिला के उपायुक्त, संबंधित अनुमंडल के एसडीओ, संबंधित जिला के माइनिंग अफसर और संबंधित इलाके के डीएफओ.*

### एक दिन पहले ही हुआ पूरे मामले का खुलासा

अवैध कोयला कारोबारी प्रवीण साव, पप्पू साव, विनोद पहाड़ी और झारखंड इस्पात के मालिक अवैध चालान के कुजू रेलवे साइडिंग से कोयला की ट्रांसपोर्टिंग कर रहे हैं. इसको लेकर 18 मार्च को रामगढ़ जिला खान निरीक्षक राहुल कुमार ने रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया. बता दें कि रामगढ़ पुलिस ने कुजू रेलवे साइडिंग से एक ही चालान पर कोयला की ढुलाई करते छह हाइवा को पकड़ा था, जिनमें जेएच 24 एल 2412, जेएच 01डीपी 6866, जेएच 02 एयू 4910, जेएच 24 जे 2280, जेएच 24एच 2112 और जेएच 24जे 6029 नंबर के हाइवा शामिल हैं. इनमें से चार हाइवा पर बीस टन, एक हाइवा पर 25 टन और एक हाइवा पर 35 टन कोयला लोड था.

CLASSIFIED
















तापमान
27.6° अधिकतम | 16.2° न्यूनतम



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

बुधवार 20 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 332 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




# राजधानी में पार्किंग के नाम पर बदस्तूर जारी है अवैध वसूली

तरुण कुमार चौबे। रांची

राजधानी रांची में खुलेआम पार्किंग के नाम पर लोगों से अवैध वसूली की जा रही है. नगर निगम द्वारा बंदोबस्ती पर दिये गये सभी पार्किंग स्थलों पर लोगों से अवैध वसूली की जा रही है. पार्किंग संचालक मनमाने तरीके से शुल्क की वसूली कर रहे हैं. नगर निगम के नियम के मुताबिक तीन घंटे के लिए दोपहिया वाहनों से पांच रुपये और चार पहिया वाहनों से 10 रुपये पार्किंग शुल्क लेना होता है, लेकिन शहर भर के किसी भी पार्किंग में नियमों का पालन नहीं हो रहा है. पार्किंग चार्ज के नाम पर लोगों से 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है.

### पार्किंग स्लिप में रेट प्रिंट नहीं

मंगलवार को हम मेन रोड पर महाबीर मंदिर के बगल में स्थित टैक्सी स्टैंड में पार्किंग में मनमाना पार्किंग शुल्क वसूले जाने की शिकायत की जांच करने गये. पार्किंग चार्ट मांगने पर संचालक ने बताया कि दोपहिया वाहन के लिए एक घंटे का 10 रुपये लगेगा. जबकि नगर निगम के मुताबिक दोपहिया वाहन से एक घंटे के लिए 5 रुपये चार्ज हैं. जब हमने पार्किंग रेट चार्ट दिखाने को कहा तो संचालक ने रेट चार्ट दिखाने से इनकार कर दिया. साथ ही पार्किंग पर्ची में रेट भी अंकित नहीं था. संचालक इसका फायदा उठाते हैं और लोगों से मनमाना शुल्क वसूलते हैं.



**पार्किंग में दुकान :** शहर भर में अधिकांश पार्किंग स्थल सड़क के किनारे हैं. जिसकी वजह से जाम की समस्या बनी रहती है. इसके साथ पार्किंग स्थल में ठेकेदारों द्वारा ठेले खोमचे वाले को पैसे लेकर दुकान लगाने की जगह दे देते हैं. दुकानदारों के अनुसार ठेकेदार दुकान लगाने के एवज में 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की रकम वसूलते हैं. साथ ही रोजाना 200 से 400 रुपये भी लेते हैं. निगम द्वारा कार्रवाई होने पर इन दुकानदारों को दुकान हटाना पड़ता है, जिससे इन्हें काफी नुकसान होता है.

### कई पार्किंग सड़क किनारे

वर्तमान में राजधानी रांची में कुल 30 स्थानों पर आधिकारिक रूप से पार्किंग की व्यवस्था है, जिसमें अपर बजार समेत तिन पार्किंग के लिए दो महीने पहले ही बंदोबस्ती दी गई हैं. पांच स्थानों की पार्किंग व्यवस्था निगम के अधीन है. 25 स्थान ऐसे हैं, जिसका टेंडर ठेकेदारों को दिया गया है. इन ठेकदारों से निगम को एक साल में 1 करोड़ 20 लाख और 50 हजार का मुनाफा हुआ हैं. ये सारे पैसे निगम को बंदोबस्ती देते वक्त ही प्राप्त हो जाते हैं. ठेकेदार ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में आमलोगों से मनमाने तरीके से पैसे वसूल रहे हैं. सबसे ज्यादा अवैध वसूली की शिकायत मेन रोड से आती है. ठेकेदार आम जनता के साथ निगम को भी चपत लगा रहे हैं. जिसके कारण नगर निगम की छवि और राजस्व दोनों का नुकसान हो रहा है. पार्किंग में हो रही अवैध वसूली की शिकायत जनता द्वारा कई बार की गयी है. उसके बाद निगम कार्रवाई के नाम पर ठेकेदार को नोटिस भेजकर चेतावनी देता है, लेकिन ठेकेदार किसी की नहीं सुनते. नोटिस के बाद भी अवैध वसूली जारी रहती है. बहुत कम बार देखा गया है कि नगर निगम किसी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई करता है.

### हर साल बढ़ रहा है वाहनों का दबाव

रांची में हर साल 97,187 वाहन बढ़ रहे हैं. 2022 में रांची में कुल निबंधित वाहनों की संख्या 96,267 थी. रांची जब राजधानी बनी थी, तब रांची की सड़कों पर 3292 रजिस्टर्ड वाहन दौड रहे थे. जो कि 2023 में कुल निबंधित वाहनों की संख्या 13.88 लाख पहुंच गयी है. इसका मतलब रांची को राजधानी बनने से अबतक 420 गुणा गाड़ियों की संख्या बढ़ गई है. लेकिन उस हिसाब से न सड़कों में वृद्धि हुई और न ही ढंग की पार्किंग ही बन सकी. नतीजा यह है कि आज पार्किंग के नाम पर नगर निगम वाहनों को सड़क किनारे खड़े करा रहा है.

### शिकायतों पर होती है कार्रवाई : प्रशासक

लोगों से मनमाने तरीके से पार्किंग चार्ज वसूलने के बारे में जब प्रशासक अमीत कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि हम शिकायतों के मुताबिक समय-समय पर कार्रवाई करते रहते हैं. इसके साथ ही पार्किंग स्थल पर रेट लिखा होना चाहिए. हम जल्द ही सभी पार्किंग की दोबारा जांच करेंगे. संचालक के गलत करते पकड़े जाने पर उचित कार्रवाई की जायेगी.

---

**गौशाला न्यास समिति के अजब-गजब कारनामे**

# ट्रस्टी चाचा ने अपने भतीजे को बनवा दिया आजीवन सदस्य

राजन बॉबी। रांची

गौशाला न्यास समिति की कारगुजारियों के क्या कहने. परदेस में रहने वाले व्यक्ति को आजीवन सदस्य बना दिया गया, जबकि यहां के लोगों को सदस्य बना कर भी मान्यता नहीं दी रही है. इसको लेकर समिति के110 सदस्य काफी खफा हैं. पीड़ित बेनी प्रसाद अग्रवाल आदि तो अदालत तक का दरवाजा खटखटा चुके हैं. कई सदस्य सोशल मीडिया ग्रुप में लानत-मलामत करने से भी चूक रहे हैं. एक बुजुर्ग सदस्य ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि ट्रस्टी किशोरी लाल चौधरी ने विशाखपत्तनम में रहने वाले अपने भतीजे को गौशाला की आजीवन सदस्यता दिलवाई है. उनके भाई किशन लाल चौधरी भी गौशाला न्यास में ट्रस्टी हैं. किशन भी अपने पुत्र के साथ ही दूसरे प्रदेश में ही रहते हैं. दोनो-पिता पुत्र खास मौके पर ही रांची आते हैं, ऐसे में इन दोनों को गौशाला न्यास समिति से जोड़े रखना कहां तक उचित है. एक सदस्य ने बताया कि 135 मेंबर की मान्यता को गलत ठहराते हुए माननीयों ने कई बहाने बनाये. इतना तक कह दिया कि एक ही परिवार के पांच-पांच लोगों को सदस्यता नहीं दी जा सकती है, जबकि एक ही परिवार के कई लोगों को पूर्व में ही सदस्य और ट्रस्टी बनाया गया है. उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद जारी वोटर लिस्ट में 135 सदस्यों का नाम शामिल नहीं होने से विरोध शुरू हो गया. ममला गरमाता देख कर ट्रस्टी और पदाधिकारियों ने जल्दबाजी में 50 लोगों को सदस्य बनाया, जिसमें 25 विरोध करने वालों को भी शामिल किया गया, तांकि मामला रफा-दफा हो जाए. उन्होंने बताया कि अन्य 25 नये सदस्यों के नामों की अनुशंसा ट्रस्टियों ने की थी. इनमें ज्यादातर ट्रस्टी और पदाधिकारियों के नाते-रिश्तेदार और पहचान वाले हैं. उन्होंने बताया कि ट्रस्टी किशोरी लाल चौधरी ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया. दूसरे प्रदेश में रह रहे अपने भतीजे सुनील चौधरी को नये बनाये गये सदस्यों में शामिल करवा कर गौशाला न्यास समिति की आजीवन सदस्यता दिलवा दी. इस फैसले के लिए माननीयों को धिक्कार रहा है.

### बेहतर काम हो रहा है : श्यामसुंदर बजाज

श्यामसुंदर बजाज ने बताया कि गौशाला के उत्थान और विकास के लिए बेहतर काम हो रहा है. भूल-चूक और गलती-सही होती रहती है. यदि कुछ गलत हुआ है, तो इसे ठीक भी किया जाएगा. इसको लेकर विचार-विमर्श चल रहा है. उन्होंने बताया कि कौन सही है और कौन गलत, यह तो मैं नहीं कह सकता, पर इतना जरूर कहूंगा कि जो जैसा बोएगा, वैसा ही काटेगा. यही ब्रह्म सत्य है.

### मुंबई अस्पताल में है ट्रस्टी किशन लाल चौधरी

ट्रस्टी किशन लाल चौधरी को फोन करने पर उन्होंने बताया कि वे मुम्बई के अस्पताल में हैं. इस वक्त किसी भी विषय पर बात नहीं कर सकते.

### जीर्णोद्धार के लिए दिए हैं 25 लाख : सुनील चौधरी

सुनील चौधरी का कहना है कि सेवा के लिए सशरीर उपस्थित रहना जरूरी नहीं है. गो सेवा कहीं भी रह कर की जा सकती है. हमने 25 लाख रुपये गौशाला के जीर्णोद्धार के लिए दिए हैं. उन्होंने बताया कि रांची से हमारा कई तरह से जुड़ाव है. 15 दिनों में वहां का चक्कर लगाता रहता हूं. हमारे पिता और चाचा जी गौशाला न्यास समिति के ट्रस्टी हैं. इस बार हम भी सदस्य बनाये गये हैं.



### बायलॉज में मनाही नहीं है : राजकुमार टिबड़ेवाल

ट्रस्टी राजकुमार टिबड़ेवाल बताते हैं कि दूसरे प्रदेश में रहने वाले व्यक्ति या नातेदार-रिश्तेदार सदस्य नहीं बनाये जा सकते, ऐसा गौशाला के बायलॉज मनाही नहीं है. उनसे यह पूछने पर कि ट्रस्टी किशन लाल चौधरी के पुत्र सुनील चौधरी को हाल में आजीवन सदस्य बनाया गया है, उन्होंने कहा इतना याद नहीं हैं. इस बारे में सचिव से जानकारी ले सकते हैं, कह कर फोन काट दिया.

### वर्चस्व से गौशाला में कब्जा करने की साजिश है : स्नेह

स्नेह पोद्दार गौशाला के ट्रस्टियों से काफी खफा हैं. इनका कहना है कि वर्चस्व कर गौशाला में कब्जा करने की साजिश चल रही है. इसी कारण माननीय अपने सगे-संबंधियों और समर्थको को ही आजीवन सदस्य बना रहे हैं. 135 में से 25 सदस्य उनके करीबी हैं. उनके गलत-सही सारे फैसले में हां में हां मिलाने वाले हैं, इस कारण उन्हें सदस्य बना लिया गया. 110 तो हुकूमत मानने से रहे. किसी भी गलत फैसले के खिलाफ उठ खड़े होंगे, इसी करण सभी को येन- केन-प्रकारेण गौशाला से दूर रखने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि माननीयों के मंसूबों को कामयाब किसी भी हाल में नहीं होने दिया जाएगा.

# झारखंड में बारिश ने फिर गिराया पारा आज भी बारिश को लेकर चेतावनी जारी



बारिश के बाद मोरहाबादी में मैदान का हाल.

**रांची।** झारखंड में लगातार बारिश से पारा फिर गिर गया है. दिन में भी ठंडी हवा से मौसम को सुहाना बना दिया है. राजधानी में दिन में धुप के बाद दोपहर में बारिश ने लोगों की परेशानी भी बढ़ाई है. मंगलवार को राजधानी रांची समेत राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर गर्जन और आंधी के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. जबकि एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई. सबसे अधिक वर्षा 38.2 एमएम रामगढ़ में दर्ज किया गया.

### आज भी बारिश की संभावना

बुधवार को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी तथा मध्य भागों गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्ज की वर्षा होने की संभावना है. इस दौरान कहीं-कहीं पर 40- 50 किमी/घंटे से तेज़ हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है. इसको लेकर ब्लू एलर्ट जारी किया गया है.

### बारिश के बाद शहर की सड़कें जलमग्न

मौसम में परिवर्तन के कारण राजधानी में लगातार दूसरे दिन भी बारिश हुई. मंगलवार को 23 मिमी बारिश दर्ज की गयी. बारिश के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ. नालियां जाम होने के कारण शहर की मुख्य सड़के सहित कई गलियां जलमग्न हो गईं. सड़कों पर पानी भरने से वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई, जिसके कारण आवागमन के लिए लोगों को घंटों जाम में इंतजार करना पड़ा. बारिश के बाद शहर के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई. शाम में रांची का तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

---

# पंजी दो में प्लॉट चढ़ाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाला सीआई और अमीन गिरफ्तार

- एसीबी ने मिली शिकायत पर दोनों को दबोचा

संवाददाता। रांची

पंजी 2 में प्लॉट चढाने के नाम पर घूस लेते सीआई और अमीन को एसीबी ने गिरफ्तार के किया है. रांची एसीबी की टीम ने मंगलवार को अनगड़ा अंचल के सीआई कुलदीप साहू और प्राइवेट अमीन प्रभु पाहन को गिरफ्तार किया है. वादी मनोज मुंडा की शिकायत के एसीबी ने यह कार्रवाई की है. मनोज मुंडा ने एसीबी से शिकायत कर कहा था कि 26 एकड़ 52 डिसमिल जमीन जिसका पंजी-II में प्लॉट चढाने के लिए 16 सितम्बर 2023 को ऑनलाईन आवेदन अनगड़ा अंचल में दिया गया था.

### प्रति डिसमिल के हिसाब से सीआई ने मांगा खर्चा



सीआई कुलदीप साहू अनगड़ा अंचल से काम के लिए मनोज मिलते रहे तो कुलदीप साहू के द्वारा बोला गया कि एक हजार रूपया प्रति डिसमिल के हिसाब से खर्चा लगता है. तूम ऐसा करो कि जो जरूरी प्लॉट है उसी का काम करवालो। इस पर दो प्लॉट ऑनलाईन चढवाने के बारे में बोलने पर सीआई ने तुमको आठ सौ प्रति डिसमिल के हिसाब से एक लाख चालीस हजार होता है, तो तुम एक लाख रूपया दे दो, कुछ समय चाहिए तो दे रहे है .और 20 से 25 हजार में काम नही होगा. जबकि मनोज मुंडा रिश्वत देकर काम नही कराना चाहते थे.

**एसीबी से की थी शिकायत :** इसके बाद इसकी शिकायत मनोज मुंडा ने एबीसी से किया. एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया और सत्यापन में घूस मांगे जाने की बात सही पाई गई. इसके बाद एसीबी ने मंगलवार को की कुलदीप साहू और प्राइवेट अमीन प्रभु पाहन को घूस लेते गिरफ्तार कर लिया.

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**बरोरा।** बरोरा पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग किशोरी के अपहरण के आरोपी बरोरा न्यू क्वार्टर निवासी मनोज भुइयां के शादीशुदा पुत्र राहुल भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. साथ ही किशोरी को मेडिकल जांच के बाद 164 के तहत बयान दर्ज करवाया गया. थाना प्रभारी विकाश कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता द्वारा शिकायत दी गई थी कि उनकी पुत्री रविवार सुबह से गायब थी काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का पता नही चला इस संबंध में शिकायतकर्ता ने पड़ोस के ही राहुल भुइयां पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर कर भगा ले जाने का आशंका व्यक्त की थी, जिसके आधार पर पुलिस ने मंडल केंदुआडीह स्थित एक बंद आवास में किशोरी सहित आरोपित को बरामद किया गया.

# ईडी ने डीएसपी पीके मिश्रा से की पूछताछ

## अवैध खनन मामले में बड़हरवा का एसडीपीओ रहते हुए क्या कार्रवाई की

संवाददाता। रांची

साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में ईडी ने मंगलवार को डीएसपी हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा से दिनभर पूछताछ की. उनसे बड़हरवा टोल प्लाजा के टेंडर विवाद मामले में महज 24 घंटे के भीतर सुपरविजन कर मंत्री आलमगीर आलम व बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में भी पूछताछ की गई. इस दौरान ईडी ने उनसे पूछा अवैध पत्थर खनन मामले में उन्होंने बड़हरवा के एसडीपीओ रहते हुए उन्होंने क्या कार्रवाई की. प्रमोद मिश्रा से इससे पहले भी पूछताछ हो चुकी है. उन पर पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत की अवधि में गलत तरीके से मिलने का भी आरोप है.

**कोर्ट के आदेश के बाद ईडी के समक्ष हाजिर हुए थे पीके मिश्रा :** झारखंड के साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में डीएसपी प्रमोद मिश्रा से छह मार्च 2023 को ईडी ने पूछताछ की थी.



इससे पहले ईडी डीएसपी मिश्रा को चार बार समन भेज चुकी थी,लेकिन वे एजेंसी के दफ्तर नहीं पहुंचे. समन के खिलाफ डीएसपी प्रमोद मिश्रा झारखंड हाईकोर्ट गए, लेकिन कोर्ट ने भी उन्हें एजेंसी के सामने हाजिर होने का आदेश दे दिया. डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने बड़हरवा टेंडर विवाद, मारपीट व धमकी मामले के दो मुख्य आरोपित मंत्री आलमगीर आलम व विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को महज 24 घंटे के भीतर बिना ठोस जांच के ही क्लीन चिट दे दी थी. ईडी ने पुलिस की कई खामियों को पकड़ा और इसी मामले में उनका बयान लेना चाहती है.

### बर्लिन अस्पताल के जमीन मामले में प्रीति कुमार से आज पूछताछ

बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल के जमीन मामले में प्रीति कुमार से ईडी बुधवार को पूछताछ करेगी. इससे पहले उनसे बीते 12 जनवरी को ईडी पूछताछ कर चुकी है. ईडी ने जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान पिछले साल 13 अप्रैल 2023 को बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के घर पर रेड किया था. उस दौरान भानु के घर से एक बड़े बक्से में भारी मात्रा में जमीनों के दस्तावेज मिले थे. रांची डीसी के आदेश पर इस मामले में सदर थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी. ईडी को जांच के क्रम में यह जानकारी मिली थी कि कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर और कुछ को गायब कर जमीनों की हेराफेरी की गई है. इसी मामले की जांच के दौरान एजेंसी को बरियातू फायरिंग रेंज के पास की आठ एकड़ जमीन और बर्लिन अस्पताल की जमीन की भी जानकारी मिली थी.

---

**सूरत-ए-हाल** टेंडर के फेर में फंसा स्वास्थ्य उपकरणों का रखरखाव

# एक साल पहले ही खत्म हो गया करार, बढ़ी दिक्कत

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर बायोमेडिकल उपकरण प्रबंधन और रखरखाव कार्यक्रम (बीएमएमपी) के लिए भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम है. इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिला और उपजिला अस्पतालों में मौजूद स्वास्थ्य उपकरणों के देखभाल, मेंटेनेंस और सर्वोत्तम मरम्मत सेवाएं देनी है. इसके लिए राज्य सरकार ने हैदराबाद स्थित निजी कंपनी मेसर्स मेडिसिटी हेल्थकेयर सर्विसेज के बीच निविदा आमंत्रित करने के की शर्तों के आधार पर करार किया था. करीब एक वर्ष पहले यह करार खत्म हो चुका है. इसके बाद से न तो इसे एक्सटेंशन मिला है और ना ही इसके लिए नया करार हुआ है. ऐसे में मशीनों का रखरखाव अब भगवान भरोसे है. अस्पतालों में अगर मशीनें खराब हो जाती हैं, तो इसका मेंटेनेंस भी अभी संभव नहीं है. ऐसे में नुकसान सिर्फ मरीजों को होगा. उन्हें निजी अस्पतालों और क्लीनिकों के भरोसे रहना होगा.

**पिछला भुगतान भी है लंबित :** इस संबंध में जब सेवा प्रदाता मेडिसिटी के प्रतिनिधियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि उनका काफी बकाया भुगतान सरकार के पास लंबित है, फिर भी वे सरकारी सुविधाओं के लिए सेवाएं जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं. नाम न बताने की शर्त पर कार्यरत अधिकारियों ने खुलासा किया कि मेडिसिटी इंजीनियर अभी भी हमारे अनुरोधों और कॉलों पर मरीजों एवं झारखंड की जनता की देखभाल के लिए अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं.

### 22 जुलाई 2023 को ही हुई थी बैठक, नहीं निकला नतीजा

4 जुलाई 2023 को वर्तमान सेवा प्रदाता मेडिसिटी हेल्थकेयर हैदराबाद की ओर से प्रस्तुत आवेदन पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने झारखंड सरकार के कार्यालय आदेश संख्या 827 (एलएचएस) के तहत, इस संदर्भ स्थिति पर चर्चा और विश्लेषण करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक 22-07-2023 को अपराह्न 3:30 बजे उनके कार्यालय कक्ष में बुलाई थी. लेकिन इसका नतीजा नहीं निकल सका है. करार खत्म होने का सबसे बड़ा असर ये होगा कि झारखंड के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में लगे मेडिकल उपकारों पर मेंटेनेंस के आभाव में जंग लग सकता है.

**इन जीवन रक्षक उपकरणों के रखरखाव की है जरूरत :** वेंटिलेटर, डिफैब्रिलेटर, ईसीजी मशीनें, बेबी वार्मर, सीटी स्कैन मशीनें, अल्ट्रासाउंड



मशीनें, कृत्रिम सांस, डिफैब्रिलेटर्स, ऑपरेशन थिएटर उपकरण, आईसीयू उपकरण, एनआईसीयू उपकरण लैब उपकरण, रक्त-गैस विश्लेषक, सभी रिकॉर्ड-कीपिंग.

# बीएम हाइट्स के तीन कॉल सेंटर पर सीआईडी की रेड जारी, दो गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने रांची में अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर के नाम पर चल रही ठगी के नेटवर्क खुलासा किया है. इस मामले को लेकर दूसरे दिन मंगलवार को भी सीआईडी की रेड जारी है. सीआईडी की टीम कोतवाली थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित बीएम हाइट्स के तीन कॉल सेंटर में जांच कर रही है. सीआईडी की टीम ने कॉल सेंटर के सभी उपकरणों को सील कर दिया है और वहां के कर्मचारियों से गहन पूछताछ की जा रही है. इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी की भी सूचना है. जिसमें कॉल सेंटर संचालक एकरामुल अंसारी और रविकांत शामिल हैं.

**सीआईडी और आई4सी ने किया रेड :** सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच को यह शिकायत मिली थी कि किशोरगंज चौक स्थित एक कार्यालय से विदेशी नागरिकों को फोन कर इंटेलिजेंस एजेंसी के नाम पर धमका कर पैसों की ठगी की जा रही है. जानकारी मिलने पर सीआईडी की टीम ने सोमवार की देर शाम किशोरगंज स्थित बीएम हाइट में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर में रेड की. जांच में यह बात सामने आयी है कि एकरामुल अंसारी और रविकांत नाम के दो व्यक्तियों द्वारा रिकी कंसलटेंसी सर्विसेज, जीजी इन्फोटेक और आरोग्य ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा था. फर्जी कॉल सेंटर से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के लोगों को इंटरनेट कॉलिंग सॉफ्टवेयर से कॉल किया जाता था.

### 30 लोग कर रहे थे काम

अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर के नाम पर चल रहे इस फर्जीवाड़ा को अंजाम देने के लिए संचालकों ने 30 आईटी एक्सपर्ट को बहाल कर रखा था. कॉल सेंटर में दोनों शिफ्ट में काम चल रहा था. कॉल सेंटर में काम करने वाले सभी युवक युवतियों से सीआईडी की टीम पूछताछ करेगी. जांच में खुलासा हुआ है कि विदेशी नागरिकों के सिस्टम के तकनीकी कमी को दूर करने को लेकर प्रोटॉन मेल भेजते थे. वही निजी डाटा हासिल करने के बाद खुद को इंटेलिजेंस एजेंसी बता उगाही करते थे.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ बिंदे कुमार
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीके श्रीवास्तव
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ अतीमा भारती
- ईएनटीः डॉ जेडएम खान
- सीटीवीएसः डॉ राकेश कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक कुमार सिंह
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वसुधा, डॉ वीणा विनायक
- शिशु रोगः डॉ संतोष
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- कार्डियो डायबिटिकः डॉ एके झा
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष
- अंकोलॉजीः डॉ गुंजेश कुमार

## शहर में आज

1. दुबई सिटी कार्निवल - मोरहाबादी - 4 बजे
2. श्री श्याम संघ की शोभायात्रा - 10 बजे
3. लोकजन सेवा भारती का होली मिलन - स्वर्णरेखा बैंक्वेट पिस्का - 11 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### मांगों को लेकर निगम कर्मियों ने की नारेबाजी



**रांची।** नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के चैंबर के बाहर अपनी मांगों को लेकर निगम कर्मचारियों ने मंगलवार को नारा लगाया. इनकी मुख्य मांगों में सातवां वेतनमान लागू करना, निगम कर्मियों को एमएसीपी/एसीपी का लाभ देना, निगम में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग का पद सृजित करना, वर्षों से कार्यरत दैनिक कर्मियों को स्थाई करना आदि शामिल है. नारेबाजी कर रहे निगम के कर्मचारियों ने कहा कि अगर हमारी मांग जल्द पूरी नहीं की गई, तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे.

### कांग्रेस के ओबीसी प्रदेश संयोजक भाजपा में गए



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के मोरहाबादी आवास पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हरिशंकर प्रसाद ने भाजपा का दामन थामा. इनके अलावा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में रांची के महेश प्रसाद सोनी, खरवार आदिवासी एकता संघ के मुख्य संरक्षक कुंवर सिंह, अनुज सिंह, अजीत सोनी, प्रह्लाद सिंह, बिहारी सिंह, शंकर बाबू, बैजू बाबू भी शामिल रहे. मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सरोज सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, शिवपूजन पाठक उपस्थित थे.

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव ने की मैराथन बैठक, पाइपलाइन बिछाने और सड़क निर्माण को लेकर दिए कई निर्देश

# गड्ढों के रेस्टोरेशन के बाद ही आगे पाइपलाइन बिछायी जाए : चंद्रशेखर

**संवाददाता । रांची**

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने मंगलवार को जुडको के सभागार में मैराथन बैठक की. बैठक में उन्होंने शहर में चल रहे विकास परियोजना जैसे पाइपलाइन बिछाने और सड़क निर्माण को लेकर कई निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाये जाने से सड़कों पर उभरे गड्ढों को अविलंब सुधारने के लिए रेस्टोरेशन का काम किया जाए.

रेस्टोरेशन के बाद ही आगे पाइपलाइन बिछायी जाए. जुडको के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि एनएचआई, पथ निर्माण एवं वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने में विलंब होने के कारण योजनाओं को धरातल पर उतारने में देरी हो रही है. हिन्दपीढ़ी में जलमीनार बनाने पर स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं. इसके लिए सचिव ने जिला प्रशासन को उनसे बात कर समाधान निकालने को कहा. सचिव ने यह भी कहा कि पाइपलाइन और रेस्टोरेशन का काम रात में कराया जाए. उन्होंने राज्य में चल रही सभी जलापूर्ति योजनाओं का जायजा लिया और जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू कराने का निर्देश दिया.



### फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग की संभावना तलाशने का निर्देश

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने कांटाटोली फ्लाईओवर के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए. साथ ही फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग की भी संभावना तलाशने को भी कहा. उन्होंने रांची ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की. इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि मई माह तक फेज -1 का काम पूरा हो जाएगा.

### पीएम आवास योजना के लाभुकों को बिजली-पानी देने पर जोर

राज्य में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घरों में लाभुकों को शिफ्टिंग कराने पर विशेष बल दिया गया. सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि सभी आवासों में बिजली व पानी जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए, तभी लाभुक आवासों में गृह प्रवेश करेंगे. इसके लिए तेजी से कार्य करते हुए आवास में सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव के अलावा नगर विकास विभाग के अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपालजी, परियोजना निदेशक ( प्रशासन ) अरविंद कुमार मिश्र एवं परियोजना निदेशक (वित्त) उपस्थित थे.

सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर निजी हमले से बचा झामुमो

# सीता का जाना पार्टी और परिवार के लिए क्षतिः सुप्रियो

**झामुमो प्रतिक्रिया**

- झामुमो ने अति राजनीतिक महत्वकांक्षा भरा कदम बताया
- पारिवारिक नाराजगी निजी मसला, पार्टी कुछ नहीं कहेगी

**विशेष संवाददाता । रांची**

झामुमो ने दुर्गा सोरेन की पत्नी और गुरुजी की बड़ी बहु सीता सोरेन के पार्टी से इस्तीफा और भाजपा में शामिल होने पर उन पर निजी हमला नहीं किया. मगर पार्टी ने साफ कर दिया है कि यह अति राजनीतिक महत्वकांक्षा भरा कदम है. देश में कई ऐसे उदाहरण हैं जहां मूल पार्टी और परिवार छोड़ कर जाने के बाद उनका क्या हश्र हुआ है.

शिवपाल यादव, साधु यादव, मेनका गांधी, वरुण गांधी सहित कई उदाहरण हैं. अजीत पवार और एकनाथ शिंदे का हाल क्या होगा, यह तो चुनाव बाद ही पता चल जाएगा. यह बातें झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

**पार्टी ने बहुत मान-सम्मान दिया पारिवारिक नाराजगी का पता नहीं :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक सवाल के जवाब में कहा कि किसी को मंत्री बनाना, नहीं बनाना, यह बहुत चीजों को देख कर होता है. वे यह नहीं मानते कि सीता सोरेन ने मंत्री नहीं बनाए जाने के कारण पार्टी छोड़ी हैं. वे मानते हैं कि अति राजनीतिक महत्वकांक्षा के कारण उन्होंने यह कदम उठाया है. दुर्गा सोरेन के निधन के बाद तुरंत उन्हें उनकी सीट से पार्टी चुनाव लड़ाते आई है. पार्टी के वरिष्ठ नेता उपाध्यक्ष होते हैं, मगर उन्हें न केवल कार्यसमिति सदस्य बनाया गया, बल्कि वर्तमान में उन्हें पार्टी महासचिव भी बनाया गया. फिर यह गुरुजी के निजी परिवार का मसला है. अगर उन्हें परिवार से कोई नाराजगी होगी, तो इसमें वे अधिक कुछ नहीं कह सकते हैं.



### 'दूसरे पार्टी के नेताओं को लाना भाजपा का स्टाइल'

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि यह भाजपा का राजनीतिक का स्टाइल हो गया है. अपने पास अगर नेता न हो तो दूसरी पार्टी से ले आओ. चाहे वह आईटी का भय हो या ईडी का या फिर कॉरपोरेट के माध्यम से ले आओ. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भाजपा में यह प्रचलन बहुत अधिक बढ़ता जा रहा है.

### 'सीता के भाजपा में जाने से चुनाव पर असर नहीं'

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब भी कोई परिवार या पार्टी का सदस्य नहीं रहते हैं या किसी अन्य दल में चले जाते हैं, तो क्षति होती है. चाहे वह एक कार्यकर्ता ही क्यो न हो. मगर चुनावी राजनीति की बात है तो उनका दुमका लोकसभा में एक वोट है, इसके अलावे चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा.

### सुसाइडल काम कर रहे लोबिन हेंब्रम

सुप्रियो ने लोबिन हेंब्रम की नाराजगी और राजमहल सीट से दावेदारी के बारे में कहा कि लोबिन हेंब्रम का कदम सुसाइडल है. राजीव गांधी की हत्या का उदाहरण देते हुए कहा कि उस महिला ने आत्मघाती कदम उठाया, तभी राजीव गांधी की हत्या हुई.

### अधर्म की लंका से मुक्त हुई सीताः प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार किया. कहा कि सीता सोरेन ने खुद अपने पत्र में ये स्वीकार किया है कि पार्टी के अंदर उन्हें हमेशा अपमानित किया जाता रहा है. उनकी और उनकी बेटियों की अनदेखी की जाती रही है. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में बड़ी बहु को मां का दर्जा प्राप्त होता है, लेकिन झामुमो ने अपनी मां समान बड़ी बहू को ही अपमानित किया. आज सीता सोरेन के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले झामुमो ने अपने ट्विटर हैंडल से उनके लिए 'घर का भेदी लंका ढाए' जैसे अपमानजनक बातों को लिख कर अपनी असलियत दिखा दी. यानी, झामुमो ने स्वीकार कर लिया कि यहां रावण राज के समान परिस्थितियां हैं और पूरे प्रदेश में अधर्म का शासन है. आखिरकार सीता सोरेन अधर्म की लंका से एक बार फिर मुक्त हुई हैं.

### महिला उद्यमियों की उन्नति के लिए आईटी के उपयोग पर दी जानकारी

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में मंगलवार को कम आय वाली महिला उद्यमियों की उन्नति के लिए आईटी के उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह उपस्थित थीं. कार्यशाला को संबोधित करते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद को बेहतर मार्केट मिल सके, इस पर कार्य जारी है. वेंडर मार्केट की तर्ज पर प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना का भी प्रयास किया जा रहा है, जिसके दूरगामी परिणाम आएंगे. वहीं, आरती सिंह ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने समावेशी विकास के लिए आईटी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने और देश के विकास में योगदान देने देने की बात कही.

## मकानों के 33 लाभार्थियों को दिया पोजेशन का सर्टिफिकेट



**संवाददाता । रांची**

ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज इंडिया, पीएमएवाई (शहरी) योजना के तहत धुर्वा में सात ब्लॉकों के अंदर कुल 1008 आवासों का आवंटन रांची नगर निगम द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से किया था. नगर निगम की ओर से मंगलवार को नवनिर्मित परिसर में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिन लाभार्थियों ने अपना संपूर्ण ऋष्ण चुका दिया है, उन्हें कब्जा प्रमाण पत्र दिया गया. प्रथम चरण में कुल 33 लाभुकों को पॉजेशन सर्टिफिकेट दिया गया, जिन्होंने अपना लोन समय पर दे दिया था. बता दें कि अब तक कुल 467 लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान लगभग दे दिया गया है. इसके अलावा लाभुकों से ऑन स्पॉट होल्डिंग नंबर के लिए आवेदन लिया गया, जिसमें कुल 06 लाभुकों को होल्डिंग निर्गत कराया गया. बता दें कि अन्य लाभुकों को पोजेशन सर्टिफिकेट विभिन्न चरणों में कैम्प के माध्यम से दिया जायेगा. मौके पर सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, पीएमवाई शाखा के कर्मी तथा लाभुक उपस्थित थे.

राजधानी के संवेदनशील स्थानों पर चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

## दो एवं चारपहिया वाहनों की जांच

**संवाददाता । रांची**



राजधानी रांची में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए मंगलवार को विभिन्न इलाकों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया. रांची में कई चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर चलाये गये अभियान के तहत पुलिस ने दो एवं चारपहिया वाहनों की जांच की. कागजात के साथ चालक की भी तलाशी ली गयी. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में मेन रोड, रातू रोड, कचहरी चौक आदि जगहों पर अभियान चला. एसएसपी ने थानेदारों को लगातार चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है. अभियान में पीसीआर के अलावा गश्ती पुलिस की टीम भी शामिल थी.

## 25 हजार रुपये घूस लेते पर्यवेक्षक समेत दो गिरफ्तार

**संवाददाता । रांची**

चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र स्थित आम्रपाली कोल परियोजना में सीबीआई की टीम ने मंगलवार को छापेमारी की. यह छापेमारी सीबीआई की एसीबी टीम ने की है. टीम ने आम्रपाली कोल परियोजना में कार्यरत पर्यवेक्षक रामभज्जु और दलाल अशोक राम को 25 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. दोनों को सीबीआई टीम अपने साथ रांची ले आई है.

बताया जा रहा है कि आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में रेस्ट हाउस की देखरेख के लिए 95 लाख रुपये का टेंडर निकला था. इसे 42 प्रतिशत कम रेट में वसंत विहार नाम की कंपनी को दिया गया था. कंपनी के द्वारा कर्मचारी नागेश्वर राम को जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इसकी देखरेख की कार्य अवधि अगस्त से नवंबर माह के बीच साढ़े चार लाख रुपये के भुगतान को लेकर नागेश्वर से परियोजना पर्यवेक्षक द्वारा राशि के छह प्रतिशत कमीशन के रूप में 25 हजार रुपये घूस की मांग की गई थी. पर्यवेक्षक ने कह दिया था कि राशि का भुगतान नहीं होने पर बिल क्लियर नहीं किया जाएगा.



- सीबीआई की एसीबी टीम ने आम्रपाली परियोजना में की कार्रवाई
- संविदा कंपनी कर्मी से भुगतान के एवज में मांगी गई थी रिश्वत

नागेश्वर ने रिश्वत नहीं देने का मन बना लिया और उसने सीबीआई, रांची के पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दी. इसके बाद मामले का सत्यापन कराया गया. वहीं, नागेश्वर राम ने पर्यवेक्षक रामभज्जु के सहयोगी अशोक राम को जैसे ही रिश्वत की रकम दी, सीबीआई की एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया. अशोक से पूछताछ के बाद पर्यवेक्षक रामभज्जु को भी गिरफ्तार कर लिया गया. सीबीआई की टीम ने रामभज्जु के टंडवा स्थित आवास पर भी छापेमारी की है.

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने की सुगम एवं समावेशी मतदान पर चर्चा

## दिव्यांग वोटरों का विशेष ध्यान

**संवाददाता । रांची**



**चुनाव तैयारी**

- सक्षम ऐप से अपने लिए व्हील चेयर ले सकते हैं दिव्यांग वोटर
- मतदान केंद्र तक आने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट में फ्री पास

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार गठित सुगम निर्वाचन पर जिला संचालन की बैठक हुई. बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा, रविशंकर मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सुरभि सिंह, प्रतिनिधि साईट सेवर, गोपिका आनंद, दिव्यांग आईकॉन एवं संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित थे.

इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम ऐप का उपयोग कर दिव्यांग मतदाता अपने लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कर सकते हैं. मतदान के दिन इन मतदाताओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट में फ्री पास की सुविधा रखी जाएगी. वहीं, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं रहेगी, वहां मतदान केंद्र तक आने जाने के लिए निजी वाहन भी रखे जाएंगे. इसके साथ-साथ जो वाहन से भी मतदान केंद्र पर आने में अक्षम हैं, उनके लिए घर पर ही मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है. उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र में चार-चार की संख्या में वॉलिंटियर रहेंगे, जो दिव्यांग मतदाता को मतदान कराने में सहयोग करेंगे. मतदान के लिए तीन लाइन बनेगी. इसमें पुरुष व महिलाएं रहेंगी. वहीं, दिव्यांग मतदाता सीधे बिना लाइन में लगे अपना मतदान कम समय में कर पाएंगे. उन्होंने मतदान केंद्र में विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा. उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी मतदाता मतदान केंद्रों के समीप पहुंच सके, इसके लिए मतदान कर्मी एवं प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मी को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है. मतदान केंद्रों में मौजूद स्वास्थ्य टीम मतदाताओं को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराएगी. जानकारी हो कि आगामी निर्वाचन में सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध है या नहीं, इसके लिए एक थर्ड पार्टी सोशल ऑडिट टीम द्वारा सभी बूथों पर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है, ताकि निष्पक्ष रूप से सभी बूथों का ऑडिट हो सके और समय से आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके.

## उत्तर-पूर्व के राज्यों की आपसी समन्वयता भाई-बहन की तरह

**संवाददाता । रांची**



**साहित्यिक चर्चा**

- उत्तर-पूर्व राज्यों की संस्कृति व इतिहास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
- आदिवासियों के बीच की समानताओं का रेखांकन

डॉ. रामदयाल मुंडा शोध संस्थान रांची में उत्तर-पूर्व राज्यों की संस्कृति एवं सांस्कृतिक इतिहास पर मंगलवार को चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में देश भर के विद्वान, इतिहासकार, भाषाविद और शोधार्थी शामिल हुए. अतिथियों का स्वागत पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर किया. स्वागत फूल और आदिवासी गमछा देकर किया गया. झारखंड के वरिष्ठ आलोचक रविभूषण ने उत्तर-पूर्व राज्यों की आपसी समन्वयता और सहभागिता के लिए ही इन्हें सात बहनों और एक भाई का राज्य कहा.

संत जेवियर कॉलेज रांची के प्रोफेसर संतोष किड़ो ने झारखंड और उत्तर-पूर्व राज्यों के आदिवासियों के बीच की समानताओं का रेखांकन किया. मुर्गा उत्तर-पूर्व राज्यों के आदिवासियों का सांस्कृतिक प्रतीक है. यह आदिवासियों में एक पवित्र स्थान रखता है. वहीं, गुवाहाटी विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रितामणि वैश्य ने असमिया समाज जीवन के प्रतीक बिहू त्योहार को असम जीवनशैली की आत्मा कहा. उन्होंने बताया कि असम के लोग बिहू नाचते हैं, गाते हैं, बिहू खाते हैं और बिहू ही जीते हैं.

असम विवि के हिंदी प्रोफेसर जय कौशल ने कार्बी जनजाति के मृत्यु-अनुष्ठान चोमांगकान के बारे में विस्तृत चर्चा की. उन्होंने बताया कि कार्बी समुदाय में मृत्यु को भी एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है. इस आदिवासी समुदाय में स्वर्ग और नर्क की परिकल्पना नहीं है. उन्होंने चोमांगकान परंपरा से संबंधित कार्बी जनजाति की मशहूर लोककथा भी श्रोताओं से साझा किया.

**साहित्यिक समारोह** मोरहाबादी के स्वाध्याय परिसर में आयोजित मां राजमणि सम्मान समारोह

# गीतकार बृजेंद्र को रामछबीला त्रिपाठी वाग्देवी सम्मान

**संवाददाता । रांची**

हिन्दी साहित्य संकल्प संधान पीठ के तत्वावधान में मंगलवार को मोरहाबादी के स्वाध्याय परिसर में मां राजमणि समारोह का आयोजन किया गया. इसमें विख्यात साहित्यकार कुमार बृजेंद्र को लोकपूज्य रामछबीला त्रिपाठी वाग्देवी सम्मान प्रदान किया गया. समारोह में इनके सहित तीन साहित्यिक सम्मान प्रदान किये गये.

कार्यक्रम का शुभारंभ माधवी उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ. कुमार बृजेंद्र को लोक पूज्य रामछबीला त्रिपाठी वाग्देवी सम्मान के रूप में 11000 की नगद राशि, प्रशस्ति पत्र तथा वाग्देवी की प्रतिमा दी गई. वहीं रांची की कवयित्री सत्या शर्मा कीर्ति को माता राजमणि स्यमंतक मणि सम्मान प्रदान किया गया. इस सम्मान के अंतर्गत उन्हें 5000 रुपये की नकद राशि, स्मृति चिह्न तथा शॉल दिया गया. शहीद श्रीराम तिवारी कौस्तुभमणि सम्मान मुजफ्फरपुर के डॉ. ब्रजभूषण मिश्र को प्रदान किया गया. डॉ. मिश्र वर्तमान में अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष हैं तथा भोजपुरी के जानेमाने साहित्यकार हैं. इस सम्मान में 5000 रुपये की नकद राशि, स्मृति चिह्न तथा सम्मान पत्र दिया गया. समारोह की अध्यक्षता डॉ. चंद्रकांत शुक्ल ने की. मुख्य अतिथि जमशेदपुर के डॉ. अंगद तिवारी थे. वह अरका जैन यूनिवर्सिटी के डीन हैं. विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय की मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. अर्चना दुबे तथा अशोक प्रियदर्शी थे. सम्मानित रचनाकारों का परिचय पाठ तथा कृति चर्चा कनक किशोर, निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, राजीव थेपड़ा, संगीता कुजारा टाक, सरस, रामचंद्र ओझा व पंकज प्रसाद ने कराया. स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष डॉ. हरेराम त्रिपाठी चेतन ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीरज नयन त्रिपाठी ने किया. मुख्य अतिथि डॉ. अंगद तिवारी ने कहा कि साहित्यकारों का सम्मान किया जाना बहुत ही गौरव की बात है. कलमकार को सामाजिक सरोकार से संबद्ध रहना चाहिए. इस अवसर पर नगर के कई प्रबुद्ध साहित्यकार, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य उपस्थित थे.





जगन्नाथ पुरी में हुआ लायंस जिला का 58वां वार्षिक अधिवेशन

# वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बनीं शुभ्रा

**संवाददाता । रांची**



जगन्नाथपुरी में लायंस जिला 322ए का 58वां वार्षिक अधिवेशन हुआ. इसमें जिलापाल और प्रथम जिलापाल के पद पर क्रमशः सीमा वाजपेयी और संजय कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए. द्वितीय उपजिलापाल पद के उम्मीदवार शुभ्रा मजूमदार और सुनील केडिया के बीच में मुकाबला हुआ. मतदाताओं ने शुभ्रा मजूमदार को भारी मतों से विजयी बनाया.

सम्मलेन के मुख्य अतिथि पूर्व अंतराष्ट्रीय निदेशक लायन जेपी सिंह ने 322ए के कार्यकलापों की सराहना करते हुए जिलापाल कमल जैन को बधाई दी. मुंबई के लायन पंकज मेहता ने भी अपने विचार रखे. अधिवेशन में साढ़े चार सौ से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. मौके पर बैनर प्रेजेंटेशन में मार्च पास्ट भी हुआ, जिसमें ग्रुप डी में प्रथम लायंस क्लब ऑफ रांची, द्वितीय लायंस ईस्ट, तृतीय लायंस ऑफ रांची ग्रेटर रहा. पूर्व जिलापाल एसपी वर्मा, सुदीप्तो मुखर्जी, डॉ प्रकाश सिंह, विनोद कुमार गद्ध्यान, राजीव रंजन, विवेक चौधरी, डॉ हरमिंदरबीर सिंह, आनंद चौधरी, राहुल वर्मा, माधव लखोटिआ, रजनीश कुमार, राजीवा सिंह, राजेश गुप्ता पवन, राजीव लोचन, आरपी सरिया, राम नारायण सिंह दिवाकर, कंचन सिंह, सिद्धार्थ मजुमदार, संजय कुमार, सुषमा त्रिवेदी, नलिनी मुखर्जी आदि अधिवेशन में मौजूद थे.

# एक्वा वर्ल्ड में धमाकेदार रहा रंगरसिया



**रांची।** एक्वावर्ल्ड (मछली घर) में होली के शुभ अवसर पर मंगलवार को एक रंगीन धमाकेदार कार्यक्रम 'रंगरसिया' का आयोजन किया गया है. पीआरस इवेंट्स द्वारा रंग रसिया का आयोजन हुआ. रंग रसिया में सैकड़ों युवक युवतियो ने डीजे की धुन पर जमकर रंग और अबीर खेले और झूमे. इस अवसर पर परिसर में एक रंगीन पानी से भरा पौंड बनाया गया, जिसमें सभी ने रंगों की डुबकी लगाई और जमकर नाचे. इस अवसर पर कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं. इन प्रतियोगिताओं में युवाओं ने मस्ती के साथ अपनी सहभागिता की. साथ ही मिलकर होली मिलन के कार्यक्रम को सफल बनाया. मालूम हो कि एक्वा वर्ल्ड में हर वर्ष सामूहिक होली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. इसमें होली स्पेशल गानों पर युवाओं ने अपने डांस स्टेप्स से सबका मन मोह लिया.

## गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** मंगलवार को गांधीनगर अस्पताल सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में 120 लोगों की जांच की गई. शिविर में चिकित्सा के दौरान 45 मोतियाबिंद के मरीज मिले. इन मरीजों का इलाज व सर्जरी गांधीनगर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क किया जायेगा. शिविर में शामिल हुए बाकी सभी मरीजों को भी निःशुल्क दवा दी गयी. इस शिविर के सफल आयोजन में डॉ. रत्नेश जैन, सीएमएस इंचार्ज, सीसीएल, डॉ. प्रीति तिग्गा, सीएमओ सीएसआर इंचार्ज, डॉ. दीपाली, डॉ. सत्यप्रकाश रंजन, डॉ. रजनी कुजूर, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. स्मिता आनंद, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. अंशु, डॉ. शाम्भवी एवं पारा मेडिकल स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा. ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गदर्शन एवं निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र के नेतृत्व में सीसीएल अपने हितधारकों के लिए इस तरह का आयोजन समय-समय पर करता रहता है. सीसीएल के कमान क्षेत्र सहित आस-पास के लोग इस शिविर का लाभ लेने के लिए शामिल हुए. इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा प्रदान करना था.

**माह-ए-रमजान**

## तमाम इंसानों के लिए मोहब्बत का पैगाम है रमजान : मौलाना तहजीबुल

**रांची।** मस्जिद ए जाफरिया के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि



रमजान का मुबारक महीना तमाम इंसानों के लिए मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है. दुनिया का हर इंसान भूखे व प्यासे से मोहब्बत करता है और उस बंदे ने अल्लाह की खुशनुदी (खुशी) के लिए भूखे व प्यासे रह अपनी तमाम चीजों का त्याग किया. तुमसे अल्लाह के सच्चे बंदे क्यों न मोहब्बत के साथ पेश आयें. सच्ची इंसानियत की मसीहा की अलामत (पहचान) है. रोजा इंसान के स्वास्थ्य में अच्छा बनाने के लिए साबित होता है. हमें रमजान में हर एक दूसरे का ख्याल करना चाहिये.

**नन्हे रोजेदार**

### सात साल की आएशा ने रखा तीन रोजा

**रांची।** हरमू निवासी मो तारिफ अंसारी की सात साल की बेटी आएशा ऑफरीन इस छोटी उम्र में



भी बड़ों की तरह रोजा रख रही है. आएशा ने मंगलवार को अपने तीन रोजे पूरे किये. बच्ची रोजा रखने के साथ स्कूल भी जाती है. बच्ची के इस जज्बे से घर परिवार के सारे सदस्यों में खुशी की लहर है.

### छह साल के अम्माद ने रखा चार रोजा

**रांची।** कर्बला चौक निवासी सादिक खान के 6 साल के बेटे अम्माद सादिक ने इसी साल से रोजा रखने



की शुरुआत की है. अम्माद डोरंडा संत जेवियर स्कूल में पढ़ता है. बच्चे ने अबतक अपने चार रोजे पूरे किये हैं. अम्माद रोजा के साथ नमाज में पाबंदी से पढ़ रहा है. बच्चे की इस जज्बे से घर परिवार के लोग काफी खुश हैं.

**ब्रीफ खबरें**

### एयरटेल ने झारखंड में किया नेटवर्क का विस्तार

**रांची।** भारत की अग्रणी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर में से एक भारती एयरटेल ने अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए झारखंड में अतिरिक्त साइटें तैनात करने का एलान किया है. कंपनी ने झारखंड के दूर-दराज इलाकों में वॉइस व डाटा कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए 146 साइटों को सफलतापूर्वक तैनात कर दिया है. झारखंड के सुदूर इलाकों में अपने नेटवर्क को मजबूत करने के लिए इन साइटों की तैनाती से 92,000 आबादी वाले 180 गांवों को लाभ होगा.

### फाल्गुन उत्सव पर निशान यात्रा आज

**रांची।** श्रीश्याम संघ के फाल्गुन उत्सव पर बुधवार को भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जायेगी. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे. सुबह से देर रात तक कार्यक्रमों का क्रमवार सिलसिला चलेगा. श्रद्धालु बहती भक्ति गंगा खूब डुबकी लगायेंगे. अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया कि पूजा-अर्चना से उत्सव की शुरुआत होगी. श्रीराधा वल्लभ मंदिर, अपर बाजार में सुबह सात बजे श्रीगणेश और निशान पूजन किया जाएगा. इसके बाद यात्रा शुरू होगी.

### दुबई कार्निवल में लोगों को मिला खाने का लुत्फ़

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मेले दुबई कार्निवल में मंगलवार को लोगों ने बारिश में खाने का लुत्फ़ उठाया. बारिश के दौरान मेले में लोगों ने बारिश से शरण ली. बारिश में मेले में लोगों की भीड़ रही. मेले में खाने पीने के स्टॉल में लोगों ने चाय, चाट, फुचका, ढोसा, बेबी कॉन के मजे लिए. शाम में बारिश के रुकने के बाद लोगों ने दुबई कार्निवल मेले बने में सेल्फी पॉइंट में सेल्फी ली. कपड़ों की स्टॉल में महिलाओं की रुचि दिखी. मेले में महिलाएं साड़ियां कुर्ती खरीदती दिखीं.

### एनसीसी नेवल ट्रूप में शामिल होने की स्वीकृति

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग के विद्यार्थियों को नेशनल कैडेट कॉर्प (एनसीसी) के नेवल ट्रूप में शामिल होने की स्वीकृति मिल गई है. इसके तहत विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाएंगे. छात्रों में आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता के विकास के साथ शारीरिक तथा मानसिक विकास पर बल दिया जाएगा. प्राचार्य एसके मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उम्मीद है, विद्यार्थी इस अवसर का पूरा लाभ उठाएंगे.

**लोयला मैदान में भव्य समारोह का हुआ आयोजन**

# रांची कलीसिया के नए आर्च बिशप ने ग्रहण किया पदभार

संवाददाता। रांची

रांची कलीसिया के नये आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने मंगलवार को अपना पद भार ग्रहण कर लिया. उनका पदग्रहण समारोह लोयला मैदान में आयोजित किया गया, जहां उन्हें कलीसिया सेवा की जिम्मेदारी सौपी गयी. बता दें कि विंसेंट आइंद की उक्त पद पर नियुक्ति पूर्व आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पा के स्थान पर हुई है, जो दिसंबर 2023 में अपने पद से सेवा निवृत्त हुए थे. नये आर्च बिशप विंसेंट आइंद इससे पूर्व बंगाल के बागडोरा जिले बिशप के पद पर आसीन थे. पद ग्रहण समारोह की अध्यक्षता पूर्व आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पा कर रहे थे, जबकि बिशप थियोडोर मास्केहेरेनस, फादर अजित खेस, संत मरिया महागिरजाघर पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ, जिसमें 30 बिशप, 400 से अधिक फादर, धर्म-बहनें और हजारों मसीहियों के साथ राजनीतिक दल के नेता भी मौजूद थे.

संत मरिया महागिरजा चर्च के पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो ने पोप के आदेश पत्र को मौजूद विश्वासियों को दिखाया गया. लोगो को पढ़कर सुनाया गया. आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने संदेश में कहा कि ईश्वर उन्हें जिम्मेवारियों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी दी है. कलीसिया की सेवा करना धर्म होगा. हम यीशु का अनुग्रह करते हैं, इसलिए हम यीशु का परिवार बन जाते हैं. जीवन में यीशु की तरह बनने की कोशिश करते हैं. मसीही समुदाय में प्रभु के दुख, मरण और पुनरुत्थान मायने रखता है. हममें और हमारे जीवन में परमेश्वर यीशु है. जो प्रभु का अनुसरण करते हैं. वे ही परिवार का सदस्य होते हैं. पूर्व धर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो ने महाधर्माध्यक्ष को परंपरा का पालन करते हुए स्टाफ (डंडा) प्रदान किया. उन्हें प्रतिष्ठापित किया. आर्च बिशप विंसेंट आइंद को अपने रेवड़ का सच्चा चरवाहा बनने का संकल्प दुहरवाया गया.



**रांची धर्माध्यक्ष महाधर्मप्रात के आर्च बिशप**

| | |
|---|---|
| लुईस वान हुक | 1928–1933 |
| आस्कर सेवरिन | 1934–1951 |
| निकोलस कुजूर | 1951–1960 |
| पियुस केरकेट्टा | 1961–1985 |
| तेलेस्फोर पी टोप्पो | 1985–2018 |
| फेलिक्स टोप्पो | 2018–2023 |

विंसेंट आइंद 30 दिसंबर 2024



### नये आर्च बिशप विंसेंट आईंद का जीवन वृत्त

रांची महाधर्मप्रांत के नए आर्च बिशप विंसेंट आईंद का जन्म 30 जनवरी 1955 पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी डायसिस के कालचीनी गांव में ख्रीस्तीय परिवार में हुआ. 30 अप्रैल 1984 को पुरोहित बने और दमनपुर पेरिश में एक वर्ष तक सहायक पुरोहित रहे. वर्ष 1987 से रीजनल मॉर्निंग स्टार सेमिनरी, बरकपुर में फिलॉसफी के प्रोफेसर रहे. उन्होंने जन दीप विद्यापीठ, पुणे से लाइसेंटिएट इन फिलोसॉफी और पॉन्टिफिकल ग्रेगोरियन विश्वविद्यालय, रोम से फिलॉसफी में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की. वे अंग्रेजी, हिंदी, नेपाली, बंगला, सादरी, मुंडारी, इटालियन लिखते बोलते,और फ्रेंच पढ़ते हैं. 7 अप्रैल 2015 को बागडोगरा के बिशप बने.वे बागडोगरा से नए आर्च बिशप पोप द्वारा चुने गए. बिशप विसेंट बारवा, बिशप विनय कंडुलना, बिशप तेलस्फोर बिलूंग, बिशप आनंद जोजो, बिशप लिनुस पेंगेल एक्का, बिशप सिल्वराज समेत अन्य शामिल थे.

# 'कक्षा प्रबंधन' पर कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। रांची

जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में दो दिवसीय अंतरविद्यालयीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. सीबीएसई के शिक्षण अभिक्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत 10 घंटे की 'क्लासरूम मैनेजमेंट' विषय पर आयोजित कार्यशाला में 150 शिक्षकों ने हिस्सा लिया. एसआर डीएवी, पुंदाग की वरीय शिक्षिका स्वाति डे एवं डीएवी हेहल की शिक्षिका अनुराधा सिंह बतौर प्रशिक्षक कार्यशाला में शामिल हुई. इस अवसर पर शिक्षकों को कक्षा कक्ष में आने वाली समस्याओं को हल करने के गुर सिखाए गए. इसके अलावा विद्यार्थियों का पढ़ाई में रुचि बढ़ाने के लिए, नई तकनीक के उपयोग से शिक्षण कार्य को सरल व प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई. प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में आपको अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए कक्षा प्रबंधन में सक्षम होना आवश्यक है. एक स्मार्ट टीचर के लिए स्मार्ट शिक्षण स्किल सीखना आवश्यक है. कार्यशाला में उप प्राचार्य एसके झा, बीएन झा, संजय कुमार प्रभाग प्रभारी, अनुपमा श्रीवास्तव, शीलेश्वर झा 'सुशील', दीपक कुमार सिन्हा, ममता दास, कार्यक्रम नोडल अधिकारी एलएन पटनायक, कार्यकम समन्वयक सुष्मिता मिश्रा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शशांक कुमार सिन्हा सहित शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रही.



### रांची विवि के छात्रों ने किया पंजाब का भ्रमण

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक भारत श्रेष्ट भारत युवा संगम कार्यक्रम में भाग लिया है. कार्यक्रम का आयोजन भटिंडा स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी में हो रहा है. यह कार्यक्रम 9 से 16 मार्च तक चला. इस दौरान छात्रों ने कई स्थलों का भ्रमण किया. सभी प्रतिभागियों ने जलियांवाला बाग का भी भ्रमण किया. छात्रों ने धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण किया. इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय कर रहा है. रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस कॉ-डिनेटर डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत ही छात्रों को भ्रमण करवाया जा रहा है. इसमें एक दूसरे की सभ्यता संस्कृति समेंत कई अन्य जानकारियों का आदान प्रदान किया जाता है.

# थैलेसीमिया पर संत जेवियर्स कॉलेज में सेमिनार आयोजित

संवाददाता। रांची

संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में मंगलवार को आईक्यूएसी व झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन ने थैलेसीमिया, सिकल सेल, एनीमिया जागरूकता और रक्तदान के महत्व विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया. जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने किया. मुख्य वक्ता के तौर पर सर्वेयर्स रांची के संस्थापक अतुल गेरा शामिल रहे. उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया बीमारी बहुत कम ही व्यक्तियों में पाई जाती है और उन्हें हमेशा खून की जरूरत रहती है. इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए,



इससे इम्युनिटी में वृद्धि होती है. हमारे शरीर में उपलब्ध रक्त की कोशिकाएं हर चार महीने में मर जाती हैं. नए सेल बनने लगते हैं. उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर स्वस्थ दिनचर्या को अपनायें और रक्तदान कर एक जिम्मेदार नागरिक बनें. सेमिनार में डॉ. जयंत सिन्हा, डॉ. जेपी. पांडेय, डॉ. मनोहर लाल, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. मारकुस बारला, फादर संजय केरकेट्टा आदि शामिल रहे.

# नए पदाधिकारियों को मिला प्रमाण पत्र

संवाददाता। रांची

श्रीमहावीर मंडल रांची चुनाव समिति की ओर से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपा गया. साथ ही सभी विजयी उम्मीदवारों को सम्मानित भी किया गया. मंदिर ट्रस्ट भवन में मंगलवार को दिन के साढ़े तीन बजे से आयोजित कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने भी खास तौर से भागीदारी निभायी. अध्यक्ष रविकुमार पिंकु, उपाध्यक्ष राजा सेन गुप्ता, राजकिशोर प्रसाद, मंत्री दीपक ओझा, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास और प्रेमचंद चौधरी सहित निर्विरोध चुने गये मंत्री मुन्ना शर्मा और अंकेक्षक प्रदीप गुप्ता को मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश यादव ने सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र दिया. प्रमोद श्रीवास्तव, शंकर साहू, पर्यवेक्षक जगदीश साहू, राजकुमार गुप्ता, सह चुनाव अधिकारी, रौशन अग्रवाल, बिंदुल वर्मा, राजू यादव,शंकर प्रसाद मौके पर मौजूद थे. बाद में सभी ने स्थानीय श्रीमहावीर मंदिर में पूजन-आरती कर मंगल कामनाएं की. साथ ही एक स्वय में इस बार भी भव्य रूप में रामनवमी जुलूस निकालने का संकल्प दुहराया.



# बाजार में बिक रहे लुभावने रंग, पिचकारी और मुखौटे

संवाददाता। रांची

रंगों का त्योहार हैं होली, होली में लोग एक दूसरे को गुलाल, रंग लगाते और रिश्तेदार पड़ोसियों के साथ मिठाई बांटते हैं. होली के दिन सुबह से दोपहर तक रंग खेलते हैं, शाम में अबीर गुलाल चेहरे पर लगाते हैं. शाम से ही सभी के घरों में होली के पाकवान शुरू हो जाते हैं. होली को लेकर रांची के बाजार में मंगलवार से ही रौनक शुरू हो गई है. रांची के अपर बाजार में होली को तरह तरह के आइटम देखने को मिल रहे हैं. बाजार में अबीर, गुलाल, पिचकारी, मुखौटा, स्मोक कलर, रंग बिरंगे विग एवं अन्य कई चीजें शामिल हैं.

इस वर्ष की होली के लिए बाजार में हर्बल अबीर और गुलाल आ गये हैं. बाजारों में हर्बल गुलाल की बिक्री इस वर्ष ज्यादा है, जिसका दाम 15 से 30 रुपये पैकेट है, जिससे चेहरे और शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं होता है. बच्चों के लिए इस वर्ष विभिन्न प्रकार की होली की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है, जिनमें छोटी बंदूक वाली पिचकारी, छोटा भीम गुब्बारे वाली पिचकारी, कार्टून कैरेक्टर पिचकारी, धनु पिचकारी, मोदी जी की तस्वीर वाली पिचकारी, बोतल आकार की पिचकारी, मशीन गन की पिचकारी जैसे कई अन्य, जिनकी कीमत 100 रुपये से 350 रुपये के हैं. मुखौटे में भी कई किस्म के मुखौटे हैं, जिनमें कंकाल, फिल्म कैरेक्टर हल्क, शेर, भालू और लाल, पीले, गुलाबी आदि शामिल हैं. बाजार में अबीर के साथ ही स्मोक कलर के विभिन्न प्रकार उपलब्ध है. बाजारों में होली की रौनक दिखनी शुरू हो गयी है.



**खास बातें**

- रांची के बाजारों में बढ़ी होली की रौनक
- इस वर्ष ज्यादा हो रही हर्बल अबीर-गुलाल की बिक्री

**आस्था**

**भव्य निशान शोभायात्रा से श्रीश्याम मंडल का फाल्गुन सतरंगी महोत्सव शुरू**

# मधुर भजनों के सुर-ताल पर थिरकते रहे श्रद्धालु

संवाददाता। रांची

श्रीश्याम मंडल का तीन दिनी श्रीश्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव मंगलवार को निशान शोभायात्रा से शुरू हो गया. लक्ष्मी नारायण मंदिर से शाम पौने पांच बजे पूजन-आरती के बाद यात्रा निकाली गयी. गाजे-बाजे और भजन मंडली के साथ झूम कर श्रद्धालु निकले तो भक्ति की सतरंगी छटा से वातावरण गुलजार हो गया. भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते और रंग-गुलाल उड़ाते भक्तों का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी. यात्रा जिधर से गुजरती लोग अपने घरों और छतों से पुष्प वर्षा कर सब का स्वागत करते. स्वागत को खड़े भक्तगण प्रभु की आरती उतारते नहीं अघाते. राहगीर टकटकी लगाये यात्रा की भव्यता को अपलक निहारते, फिर श्रीश्याम धणी का दर्शन कर आगे बढ़ जाते. यह नजारा पूरे यात्रा के दौरान आम रहा. निशानधारी श्रद्धालुओं की कतारों के बीच, मंडल के भजन गायक श्याम रंगीला पलका उघाड़ों फाल्गुन आ गयो ... जैसे भजनों की वर्षा पूरे रास्ते करते रहे. फाल्गुन की मस्ती संग श्रीश्याम की भक्ति रंग में रंगे भक्तगण अपर बाजार, शहीद चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक, कार्टसराय रोड होते हुए देर शाम श्रीश्याम मंदिर, अग्रसेन पथ आये.

### भजन गायकों ने जमाया रंग

निशान शोभायात्रा में श्रीश्याम मंडल के भजन गायक चंद्रप्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनिया, लल्लू सारस्वत, राजेश सारस्वत आदि ने भक्ति का खूब रंग जमाया. भक्ति रस की वर्षा करते रहे. विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यवसायी संगठनों की ओर से शोभायात्रा में शामिल भक्तों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया. लोगों के बीच खाने-पीने के समान बांटे गये.



### 21 तक रहेगी उत्सव की धूम

श्रीश्याम मंदिर में अब 21 मार्च तक उत्सव की धूम रहेगी. बुधवार को प्रभु का पुष्प शृंगार किया जायेगा. रात नौ बजे से एकादशी जागरण होगा. मौके पर मंडल के भजन पुस्तिका 20वें बसंत उत्सव का विमोचन किया जायेगा. मुख्य अतिथि ओम प्रकाश केजरीवाल पुस्तक का विमोचन करेंगे .अंतिम दिन गुरुवार को मनोहारी झांकी सजायी जायेगी. द्वादशी दर्शन का कार्यक्रम दिनभर चलेगा. श्रद्धालु श्रीश्याम को खीर-चूरमा का भोग लगायेंगे.

# फागण महोत्सव के तीसरे दिन सुंदरकांड





संवाददाता। रांची

श्रीश्याम मित्र मंडल के 52वें स्थापना दिवस, रंग रंगीलो फागण महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया. अपने इष्ट का दर्शन-पूजन कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. आहूति अर्पित कर रोग-शोक और दुःखों से छुटकारे का आशीष मांगा. मंगल कामनाएं की. श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड का परिसर देर शाम तक किये जा रहे दीन दयाल विरद सम्भारी, हरहु नाथ मम संकट ... जैसे सुमधुर और कर्णप्रिय पाठ से गुंजायमान रहा. श्रीश्याम मंदिर में दिन के साढ़े तीन बजे पूजा-अर्चना की गयी. आचार्य रत्नाकर शर्मा, अनूप दाधीच संग मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी, उप मंत्री अनिल नारनोली और संजय सराफ ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गयी. यजमान विनोद अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, आदित्य और सौम्या अग्रवाल ने ज्योत जगाया. साथ ही साज-बाज के साथ पाठ शुरू हुआ. धनबाद से आये पाठ वाचक पंकज मोदी और पंकज सांवरिया संग श्रद्धालुओं ने सस्वर पाठ कर उच्चार कर रात आठ बजे तक भक्ति में रमे रहे. सवा आठ बजे आरती उतारी गयी. प्रसाद वितरण के साथ उत्सव संपन्न हुआ. इसमें मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू आदि ने इसके आयोजन में योगदान दिया.

## ब्रीफ खबरें

### इटकी में पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**इटकी।** लोकसभा चुनाव को लेकर इटकी पुलिस ने थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान पुलिस ने दर्जनों दो पहिया व चार पहिया वाहनों को रोका और वाहनों के कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की. पुलिस ने चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर व दो पहिया वाहनों के चालकों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दे कर छोड़ दिया गया. थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के अनुसार वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा.

### भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने की आर्थिक मदद

**चान्हो।** प्रखंड के बलसोकरा पंचायत करमटोली के पूर्व बूथ अध्यक्ष नंदन महतो का बिगत 11 दिन पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गयी थी. कल के ब्राह्मण भोज कार्यक्रम के लिए परिवार को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो के सहयोग से चान्हो मंडल के द्वारा राशन सामग्री उपलब्ध कराया गया. मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय महतो, उपाध्यक्ष दीपक साहू, पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद साहू,सांसद प्रतिनिधि दया सिंह, पूर्व महामंत्री रामलखन महली, करमटोली बूथ अध्यक्ष सोमरा उरांव उपस्थित रहे. आगे स्व नंदन महतो के परिवार के साथ भाजपा परिवार हमेशा साथ रहेगी ऐसा आश्वासन दिया गया.

### राहे थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**राहे।** होली पर्व को लेकर राहे थाना में मंगलवार को थाना प्रभारी फैज रब्बानी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. पर्व आपसी सौहार्द एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए मनाने पर चर्चा की गई. थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर्व ऐसे मनाई की भाई- चारा का संदेश दूसरे जगह के लोगों तक पहुंचे. पुलिस आप सबों की मदद करेगी. मौके पर एएसआई पिंटू कुमार, जिप सदस्य बदल महतो, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, अक्षय महतो, राज किशोर मुंडा, देवाशीष चटर्जी, आदि मौजूद थे.

### सोनाहातू में पुलिस ने वाहन चेकिंग की

**सोनाहातू।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोनाहातू पुलिस वाहनों का सघन चेकिंग किया जा रहा. साथ ही बंगाल की सीमा लगने वाला गांव दुलमी के सामने भी चेक पोस्ट बनाया गया है. जहां पर पुलिस के द्वारा हर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है. मंगलवार को थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देशानुसार एएसआई दलगोविंद महतो और पुलिस बल सोनाहातू-बुंडू-सिल्ली सड़क पर सभी वाहनों का चेकिंग किये. दुपहिया वाहनों के चालक को हेमलेट पहने की सलाह दिया गया. वाहन चेकिंग अभी लगातार किया जाएगा.

### बुढ़मू सीओ ने किया कई क्षेत्रों का दौरा

**बुढ़मू।** बुढ़मू सीओ सचिदानंद वर्मा तथा बीडीओ धीरज कुमार ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन को लेकर दौरा किया. इस क्रम में अधिकारियों ने पीडीएस दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, सामुदायिक भवनों से फोटोयुक्त बैनर व पोस्टरों को हटाने का निर्देश दिया. मौके पर बीडीओ व सीओ ने बंसरी, बरौदी, खखरा, ठाकुरगांव, सोबा, सुरीद आदि गांवों में पीडीएस दुकानदारों से दुकानों में राजनेताओं के फोटो लगे पोस्टरों को हटवाया. सीओ सचिदानंद वर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत प्रखंड क्षेत्र में आचार संहिता का पालन किया जाएगा.

## चार सालों तक करता रहा यौन शोषण, तीन बार कराया गर्भपात, शादी की बात पर करने लगा गाली-गलौज, तब पीड़िता पहुंची थाने

# शादी का प्रलोभन बनाया गर्भवती, गर्भपात कराकर अब शादी से कर रहा इंकार



संवाददाता। महुदा

- महूदा थाने में मुकदमा दर्ज, आरोपी जावेद को भेजा गया जेल

महुदा थाना क्षेत्र में शादी के नाम पर यौन शोषण करने और गर्भवती बनाकर शादी से इनकार करने का मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर पीडिता ने महुदा थाने में शिकायत दर्ज कराई है. आरोपी जावेद अंसारी जो पीड़िता का पड़ोसी है, उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है. पीड़िता का 164 के तहत बयान दर्ज कराने और उसकी मेडिकल जांच कराई जा रही है.

महुदा बाजार स्थित झोपड़पट्टी निवासी एक युवती ने पड़ोस के ही जावेद अंसारी नामक युवक पर पिछले चार साल से शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने व गर्भपात करवाने का आरोप लगाया है. युवती व युवक दोनों अलग-अलग समुदाय से आते हैं. युवती के अनुसार आरोपी जावेद अंसारी शादी का झांसा देकर पिछले चार साल से उसके साथ यौन शोषण कर रहा था. जावेद ने उसका तीन बार गर्भपात भी करवा दिया. शादी की बात करने पर जावेद ने गाली गलौज करते हुए शादी से इनकार कर दिया. तब पीडिता ने थाने में न्याय की गुहार लगाई. पुलिस ने युवती की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी युवक जावेद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.है जबकि युवती को 164 का बयान व मेडिकल जांच के लिए धनबाद भेजा है. इस मामले में जावेद के घरवालों का कहना है कि युवती ने जावेद पर झूठा आरोप लगाया है. इस मामले को लेकर महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया की युवती के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, तथा युवती को मेडिकल जांच के लिए धनबाद भेज दिया है.

### शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो का केस, गया जेल

**धनबाद।** नाबालिग बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में सरायढेला थाना क्षेत्र के कार्मिक नगर निवासी शिक्षक संजय राउत दबोचा गया है. उसके खिलाफ सरायढेला थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया. इस मामले को लेकर बताया जा रहा है कि वह ट्यूशन पढ़ाता था. इसी क्रम में बच्चियों के साथ गलत हरकत करता था. लड़कियां जब टीचर के खिलाफ घरों में शिकायत करती, तो घर वाले भी समझाते थे कि बच्ची पढ़ाई से बचने के लिए बहाना बना रही है, इसी में एक बच्ची ने घर से मोबाइल लाकर टीचर की गलत हरकतों को रिकार्ड कर लिया और अपने परिजनों को दिखा दिया. तब परिजनों को अपनी गलती का अहसास हुआ और पूरे मामले की शिकायत थाने में की गई. एक पिता की शिकायत पर आरोपी टीचर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और उसे जेल भेज दिया गया. थानेदार फाल्गुनी पासवान ने बताया कि इस मामले में जल्द से जल्द चार्जशीट दायर कर आरोपी को सजा दिलाने का काम पुलिस करेगी.

## पूरे कतरास में पवन झुनझुनवाला के ब्रांड की लॉटरी की होती है बिक्री

# तीन राज्यों में फैला है नेटवर्क

रिजवान शम्स। धनबाद

धनबाद में प्रतिबंधित लॉटरी का कारोबार जिसके कांधे के इर्द- गिर्द घूमता है, उनमें सबसे बड़ा नाम है पवन झुनझुनवाला. पवन जो डेहरीओनसोन का रहने वाला है. डेढ़ दशकों से धनबाद में लॉटरी के अवैध कारोबार को लेकर किंग रहा है, हाल के दिनों में कई कारोबारी जरूर सामने आए हैं लेकिन पवन का रुतबा कम नहीं है. उसका धनबाद ही नहीं बल्कि बंगाल से लेकर बिहार तक उसका नेटवर्क फैला हुआ है. धनबाद में उसका सबसे करीबी कुलदीप अग्रवाल है, जो हाल के दिनों में लॉटरी का अवैध कारोबार कर करोड़ों रुपये की संपति अर्जित कर चुका है. कुलदीप का अपना ब्रांड भी जमकर बिक रहा है. साथ ही वो झुनझुनवाला का ब्रांड भी बेच रहा है.

पवन झुनझुनवाला ने सबसे पहले गोविंदपुर के चर्चित गेसिंग किंग के साथ कारोबार किया था. इसके साथ ही उसने झुनझुनवाला के साथ कोयलांचल को गेसिंग, लॉटरी समेत कई अन्य तरह के जुआ खेल से रूबरू करा दिया. अब एक ओर गोविंदपुर का धंधेबाज खुद को इन धंधों से अलग बताता है, हालांकि लॉटरी के कारोबारी के लोग बताते हैं कि वो आज भी पर्दे के पीछे से इस कारोबार से जुड़ा है. इधर पवन झुनझुनवाला वक्त के साथ अपने कारोबार को बड़ा करता गया. धनबाद में कई लोगों के साथ काम करने के बाद फिलहाल वह और कुलदीप दोनों साथ मिलकर काम कर हैं. धनबाद के कतरास क्षेत्र में पवन झुनझुनवाला की लॉटरी एक नंबर पर बेची व खरीदी जा रही है, यहां इसे टक्कर देने वाला कोई नहीं है. बता दें कि पवन की सेटिंग कई राज्यों में लॉटरी का कारोबार करने वालों के साथ है. यहां तक कहा जाता है कि लॉटरी परिणाम में हेरफेर करने की अगर धनबाद में किसी की ताकत है तो वह सिर्फ पवन झुनझुनवाला ही है. यानी पवन लॉटरी इनाम में हेरफरे कर मुनाफा कमाने का दम रखता है.

#### आसनसोल में पवन की लॉटरी में एक दर्जन हो चुके हैं गिरफ्तार




### सलाउद्दीन पर्दे के पीछे का किंग

गेसिंग किंग के नाम से मशहूर गोविंदपुर का सलाउद्दीन अब पर्दे के पीछे से खेल रहा है. सूचना है कि लॉटरी के कारोबार में उसने अपना रोल बदल लिया है, अब धंधेबाजों को वह लॉटरी छाप कर देता है. पहले उसने गोविंदपुर में एक मशीन भी लगाई थी. बाद में लॉटरी कारोबारियों को बंगाल भेजने लगा. बंगाल के बारे में चर्चा ये है कि वहां उसके एक खास रिश्तेदार की मशीन है, जहां लॉटरी छपवाने पर उसे कमीशन मिलता है. उसके खिलाफ विभिन्न थानों में डेढ़ दर्जन मुकमदे कायम हुए हैं, कई बार वो जेल भी जा चुका हे. कुछ दिनों में आइपीएल जैसे बड़ा टूर्नामेंट भी शुरू होने वाला है, धनबाद के कई शातिर इस टूर्नामेंट लाखों-करोड़ों का वारा-न्यारा करेंगे. इधर सलाहउदीन का कहना है कि उसने अपने सारे गलत कारोबार बंद कर दिए हैं. अब वह इमानदारी की जिंदगी गुजार रहा है. उसे किसी भी गलत कार्य से कोई लेना देना नहीं है. गोविंदपुर में अपना अस्पताल है, यहीं लोगों की खिदमत करता हूं.

#### शुभम संदेश की मुहिम का असर

### रांची से आई सीआईडी टीम, स्टेशन में चार को धरा

धनबाद में अवैध लॉटरी के कारोबार को अपराध अनुसंधान विभाग रांची मुख्यालय ने काफी गंभीरता से लिया है. इस मामले को लेकर रांची से एक टीम मंगलवार को धनबाद पहुंची थी, टीम ने धनबाद के रेलवे स्टेशन से एक हॉकर समेत चार को उठाया है. हॉकर से टीम पूछताछ करने में जुटी है. टीम उससे धनबाद में लॉटरी के कारोबार करने वालों की जानकारी ले रही है. बता दें कि धनबाद में लॉटरी का कारोबार प्रतिदिन करोड़ों का हो चुका है. इस कारोबार में सैकड़ों हॉकर हैं, जो प्रतिदिन लॉटरी बेचा करते हैं. रांची अपराध अनुसंधान विभाग को भी कई माध्यम से इस अवैध कारोबार के मिलने की बात कही जा रही है, जिसमें इस गोरखधंधे का जिक्र था, शुभम संदेश ने इस मामले को पूरी गंभीरता से उठाया और लॉटरी से करोड़ों का साम्राज्य खड़ा करने वालों को बेनकाब करने का काम किया है.

## न्यूज अपडेट

### झामुमो ने सिल्ली में लोगों के बीच अभियान चलाया




**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिस्का पंचायत में झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया जी के नेतृत्व में न्याय मार्च यात्रा निकली गयी. यात्रा में शामिल लोगों ने ग्रामीणों से अपील किया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने का कम करें तथा झारखंड में झामुमो की सरकार बनाने में अपना अपना योगदान दे. इस मौके पर रांची जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मंजू महतो, रांची जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष फलाहारी महतो, हेमंत कुमार महतो, रघुनाथ बेदिया, निरंजन, दिनेश, सावन, हरिचरण, नारायण, रंथु, शिवराम, बनमाली, सोनाराम, सोनाराम, मकरु आदि झामुमो के सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे.

### कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय यज्ञ शुरू



**मांडर।** कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय यज्ञ का आयोजन मांडर प्रखण्ड स्थित केम्बो गांव में ग्राम देवी मंडप में हुआ. देवी मंडप के सुंदरीकरण के अवसर पर दो दिवसीय यज्ञ का आयोजन भी किया गया है .इसके आयोजन करता संघर्ष वादी युवा संगठन केम्बो है, आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मंगलवार को यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा चंडी पाठ के साथ की गई ,साथ ही इस दौरान रात्रि में 12 घंटे के अखंड हरी कीर्तन का भी आयोजन किया गया है ,बुधवार को इस यज्ञ की समाप्ति दुर्गा पाठ हवन आरती एवं होली मिलन समारोह के साथ होगी मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, उपाध्यक्ष उपेंद्र साहू ,कुणाल सिंह, प्रभाकर सिंह ,दिवाकर सिंह, मेघनाथ साहू आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

### लापुंग के मुख्य सड़क पर गिरा पेड़ , आवागमन बाधित



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में झमाझम बारिश, बारिश के साथ आंधी व आकाशीय बिजली की चमक से इलाकों में ग्रामीण सहमें रहे. बारिश के साथ तेज आंधी की चपेट में आने से अलग-अलग इलाकों में पेड़ों के गिरने तथा छप्पर उजड़ने की खबर मिली. लापुंग से फतेहपुर जाने वाली खूंटी कर्रा लापुंग सड़क पर एक विशालकाय पेड़ गिरने से लापुंग पुलिस की गाड़ी चपेट में आने से बाल बाल बची. हालांकि सड़क पर पेड़ के गिरने से यातायात बाधित रही. पेड़ जिस समय गिरी उसके महज कुछ ही सेकेंड बाद ही लापुंग के थानेदार संतोष कुमार यादव अपने पुलिस बल के साथ उसी रास्ते से ड्यूटी कर लौट रहे थे. थानेदार संतोष कुमार यादव ने आसपास के ग्रामीणों की मदद से पेड़ की डालियों को कटवाकर रास्ते से हटवाया. इस दौरान पेड़ के गिरने से जियो कंपनी का केबल कवर तार भी सड़क पर गिर गया था. था मनोज कुमार साहु (बजरंग कुमार नाग) सहित अन्य लोगों की मदद से बीडीओ की परेशानी दूर हो पाई. भारी बारिश से लापुंग में कुछ देर तक जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था. हालांकि बाद में हालात सामान्य हो गया. बारिश के कारण खेतों में लगी खड़ी फसलों को नुक्रसान भी उठाना पड़ा.

### डीसीए कोर्स में छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाण-पत्र



**ओरमांझी।** इन्फोटेक एजुकेशन सेंटर सिलदिरी ने ओरमांझी के चकला मोड़ स्थित अपने क्रेस्ट हाउस प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया. समारोह में डीसीए कोर्स में प्रशिक्षित 60 छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया. समारोह की सफलता में अध्यक्ष सह परियोजना निदेशक धनेश कुमार,सचिव सह सीईओ खुर्शीद आलम, कोषाध्यक्ष तारिक अल्तमस, प्रशिक्षक मुसद्दीक, शाहनवाज व फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मौके पर सीईओ खुर्शीद आलम ने इन्फोटेक एजुकेशन सेंटर सिलदिरी संस्था में महिलाओं के लिए निश्शुल्क कौशल विकास पाठ्यक्रमों की घोषणा करते हुए बताया कि इस के तहत 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं और युवतियों को विशेष रूप से आगामी तीन माह तक मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा. कहा कि ये पाठ्यक्रम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 4.0 के माध्यम से कराया जाएगा.

## बुढ़मू में पुलिस के हत्थे चढ़ा टीएसपीसी का एक उग्रवादी



संवाददाता। बुढ़मू

प्रखंड के सीरम जंगल से पुलिस ने छापामारी कर टीएसपीसी के उग्रवादी दिलेश्वर गंझु (25वर्ष) को गिरफ्तार किया. बताया जा रहा है कि एसएसपी रांची को गुप्त सूचना मिली थी कि सबजोनल कमांडर राहुल गंझु अपने दस्ते के साथ बुढ़मू और ठाकुरगांव इलाके में उग्रवादी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा हैं। इसी सूचना पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में बुढ़मू और ठाकुरगांव थाना पुलिस एवं एसएसपी की स्पेशल टीम ने छापेमारी की .इस दौरान टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर राहुल गंझु दस्ते के अन्य लोगों के साथ भागने में सफल रहा. वहीं सिरम निवसी दिलेश्वर गंझु (25 वर्ष) को पुलिस ने दबोच लिया. बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान चोरी के अपाचे बाईक मे सवार तीन उग्रवादी पुलिस को देख भागने लगे जिसे पीछा कर एक उग्रवादी को धर दबोच गया, वहीं दो अन्य जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले. अन्य उग्रवादियों की गिरफ्तारी को लेकर खबर लिखें जाने तक छापेमारी अभियान जारी था.उग्रवादी के साथ चोरी का एक अपाचे बाईक बरामद की गई है छापेमारी में खलारी डीएसपी आर एन चौधरी, बूढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार, ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार सहित थाना के जवान शामिल थे.

### नाबालिग छात्रा को जलाकर मार देने के आरोपी दोषी करार

**दुमका।** जरुवाडीह में अगस्त 2022 में नाबालिग को जलाकर मारने की घटना के दोनों आरोपियों को कोर्ट ने मंगलवार को दोषी करार दिया है. दोनों की सजा के बिंदु पर 28 को सुनवाई होगी. प्रथम जिला एवं अपर सत्र जज पॉक्सो रमेश चंद्रा की कोर्ट ने आरोपियों शाहरुख और नईम अंसारी को दोषी करार दिया. बता दें कि जरुवाडीह में एकतरफा प्यार में शाहरुख ने खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर नाबालिग छात्रा के शरीर में आग लगा दी थी. घटना में छात्रा करीब 95 प्रतिशत तक जल गई थी. रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी.

### होली से पहले रामगढ़ के वकीलों के लिए खुशखबरी

**रामगढ़।** होली से पहले वकीलों के लिए खुशखबरी है. रामगढ़ जिला बार एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि वह अपने सभी वकीलों को होली से पहले 8 हजार रुपए देगा. एसोसिएशन ने जिले के वकीलों को यह निर्देश दिया है कि वह अपनी पासबुक की फोटो कॉपी सचिव के पास जमा कर दें ताकि पैसों का भुगतान हो सके. इसके साथ ही एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह के लिए 7 सदस्यीय कमेटी का गठन भी कर दिया है. रामगढ़ सिविल कोर्ट में 22 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा

## परसुडीह में चोरों ने दो दुकानों का ताला तोड़ की हजारों की चोरी



#### खास बातें

- अजंता कॉन्फेक्शनरी व पूजा सामग्री दुकान में चोरी की
- घटना से क्षेत्र के दुकानदारों में दहशत का माहौल है

संवाददाता ।जमशेदपुर

परसुडीह बाजार में एक ही रात दो दुकानों का ताला तोड़ कर चोरी की घटना और एक दुकान में चोरी के प्रयास ने पुलिस गश्ती की पोल खोल दी है. यहां चोरों ने एक ही रात में दो दुकानों का ताला तोड़ कर चोरी कर ली. चोर दुकानों से नकद के साथ-साथ सामान भी लेकर चले गए. इसकी जानकारी मंगलवार सुबह दुकान संचालक को तब हुई जब वे दुकान खोलने पहुंचे. इधर, सूचना मिलते ही परसुडीह पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने परसुडीह बाजार स्थित अजंता कॉन्फेक्शनरी और एक पूजा सामग्री की दुकान में चोरी की. जबकि चोरों ने एक दुकान का ताला भी तोड़ा, पर उसमें चोरी करने में सफल नहीं हो पाए. अजंता कॉन्फेक्शनरी से लगभग पांच हजार नकद, दूध और बिस्किट समेत अन्य सामान की चोरी की, जबकि पूजा सामग्री दुकान से दो हजार नकद ले भागे. इस तरह की घटना से दुकानदारों में दहशत का माहौल है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## गाय के गोबर से तैयार पेंट की हो रही सब तरफ खूब तारीफ

# स्वदेशी मेले में महिला उद्यमी का प्राकृतिक पेंट मचा रहा धूम

संजीव मेहता। आदित्यपुर



#### खास बातें

- प्रोडक्ट को खादी ग्रामोद्योग ऑफ इंडिया ने किया है लॉन्च
- ईको फ्रेंडली इस पेंट है पूरी तरह दुर्गंधमुक्त

झारखंड का पहला गाय के गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट गोपाल मैदान में लगी स्वदेशी मेले में धूम मचा रही है. इस प्रोडक्ट को खादी ग्रामोद्योग इंडिया ने लांच किया है. इस तकनीकी ब्रांड को आदित्यपुर की महिला उद्यमी ज्योति बाला ने तैयार किया है, जिन्हें इसका पहला प्लांट लगाने का श्रेय जाता है. इसका प्लांट सरायकेला के हाथीमारा गांव में लगा है. जो पूर्ण रुप से जनजातीय गांव है. ज्योति बाला ने प्रधानमंत्री की पीएम ईजीपी योजना के तहत इसका निर्माण किया है. इसकी विशेषता है कि यह एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल, इको फ्रेंडली, नॉन टॉक्सिक और दुर्गंधमुक्त है. इसका स्टॉल स्वदेशी मेले में लगा है. जिसका स्टाल नंबर 607 है.

जहां इसकी अच्छी डिमांड हो रही है और लोग इसको पसंद कर रहे हैं. गांव से गोबर मिल रहा है, जिससे गो पालक को भी इससे फायदा हो रहा है. तीन रुपये प्रति किलो गो पालक को कीमत मिल रहे हैं. इसमें रेंडी ऑयल के साथ सारे नेचुरल मैटेरियल लगते हैं. ज्योति बाला ने बताया उन्हें इस प्रोडक्ट के बारे में खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी क्षेत्र के बोर्ड मेंबर मनोज कुमार सिंह ने बताया. जिससे प्रेरित होकर इसे अपनाई. मौके पर मनोज कुमार सिंह के साथ वरिष्ठ उद्यमी मनोज कुमार और प्लांट की चीएफ को ऑर्डिनेटर अमिता सिंह मौजूद थीं.

### दो बुलेट की टक्कर में दो लोग घायल, गंभीर

**चक्रधरपुर।** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के चक्रधरपुर स्थित सौरभ लॉज के समीप मंगलवार को दो बुलेट बाइक की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के चांदमारी निवासी मंजीत सरदार व नकटी के नवादा गांव निवासी रामराय गागराई बुलेट पर सवार होकर भगत सिंह चौक की ओर से पवन चौक की तरफ जा रहे थे. इसी दौरान सौरभ लॉज के समीप सामने से एक अन्य बुलेट सवार से उनकी बुलेट की जोरदार टक्कर हो गई. घटना पर बुलेट में सवार मंजीत सरदार व रामराय गागराई को गंभीर चोट पहुंची. घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायल को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच रेफर कर दिया गया.

## बाजार समिति के प्रयासों से जगमग हुई सब्जी मंडी

संवाददाता। बेड़ो



शंकर कच्छप हत्याकांड से सुर्खियों में आया बेड़ो का प्रसिद्ध सब्जी मंडी में व्यापक सुधार का पहल शुरू हुआ. रांची गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित झारखंड की प्रसिद्ध सब्जी मंडी व सोमवार, गुरुवार और शनिवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में मंगलवार को बाजार समिति के खद्दी उरांव की देखरेख में सब्जी मंडी व पूरे बाजार में जगह-जगह लाइट लगाई गई. वही लाइट लगाने लगने से पूरा परिसर रोशनी से जगमग हो उठा. समिति के लोगों ने कहा है कि पूरे बाजार समिति में धीरे-धीरे सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं. इसके बाद सीसीटीवी कैमरा व ध्वनि विस्तारक यंत्र भी बाजार परिसर में लगाई जाएगी. बाजार में खुलेआम शराब बेचने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है. वहीं पिछले 25 वर्षों से बंद बेड़ो का ऐतिहासिक होली मेला इस वर्ष से गुरुवार 21 मार्च से होली मेला की शुरुआत की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि लगभग 25 वर्षों से आपराधिक घटनाओं के कारण बेड़ो का प्रसिद्ध होली मेला बंद हो गया था. खेल तमाशे, झूला तथा सर्कस लगना बंद हो गया था. लेकिन बाजार समिति के प्रयासों से इस वर्ष नई पहल की जा रही है. उल्लेखनीय कि बेड़ों मे होली का 10 दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता था. लेकिन 25 साल पहले मेला बंद कर दिया गया था.


## 2024 लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां पूरी तरह से कस चुकी हैं कमर

# सबसे ज्यादा मतदाता वाला सीट 'पलामू'

**127** साल पुराना है पलामू जिले का इतिहास

**2003** में डालटनगंज का नाम मेदिनीनगर कर दिया गया

**01** जनवरी 1892 को पलामू जिला बना था



विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड के पलामू जिले का इतिहास 127 साल पुराना है. एक जनवरी 1892 को पलामू को जिला घोषित किया गया था. इसे डालटनगंज के नाम से भी जाना जाता है. वर्ष 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डालटनगंज का आधिकारिक नाम मेदिनीनगर कर दिया. इस क्षेत्र पर दलित और आदिवासी समुदाय के खरवार, चेरो, उरांव जनजाति भी रहते है. झारखंड की राजनीति में पलामू लोकसभा सीट का खासा महत्व है. 2024 लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां पूरी तरह से कमर कस चुकी हैं. बता दें कि पलामू लोकसभा सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है. भाजपा नें अपना उम्मीदवार फिर से विष्णु दयाल राम को बनाया है. वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से इस बार राजद चुनाव लड़ने वाली है. राजद ने ममता भुइयां की उम्मीदवारी की पुष्टि की है. गौरतलब है कि पलामू लोकसभा में कुल छह विधानसभा की सीट क्रमशः डालटनगंज, बिश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर है.

### जानिए 1952 से अब तक पलामू सीट पर किसका कब्जा रहा

1952 से अब तक हुए चुनावों में यहां सबसे ज्यादा छह बार कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीते हैं. वहीं भाजपा ने पांच बार इस सीट पर कब्जा किया है. बता दें कि 1952 को लोकसभा चुनाव में एक सीट से दो उम्मीदवार जीता करते थे. पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिन्हा और जेठन सिंह खरवार ने यहां से जीत हासिल की.

#### 1957 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस जीती

इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिंह फिर चुनाव जीते. कांग्रेस को कुल 40.8 % वोट मिले. छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के उम्मीदवार राम अवतार शर्मा को 24.8 % वोट मिले, जबकि झारखंड पार्टी को 15.1 % वोट मिले.

#### 1962 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई हार

इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा. 1962 में स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार शशांक मंजरी पलामू सांसद बने. उन्हें कुल 56.1 % वोट मिले. जबकि पहली और दूसरी लोकसभा चुनाव में विजयी रहे कांग्रेस के सांसद गजेंद्र प्रसाद सिंह को 25.6% वोट से संतोष करना पड़ा.

#### 1967 फिर से कांग्रेस के खाते में गयी सीट

1967 के चुनाव में पलामू सीट पर फिर से कांग्रेस ने कब्जा जमाया. इस बार कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बदल कर कमला कुमारी को बनाया था. कांग्रेस उम्मीदवार को कुल 41.2 % वोट मिले, वहीं संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी को 22.6 % वोट मिले.

#### 1971 का लोस चुनाव

1971 के लोकसभा चुनाव कांग्रेस की जीत हुई. कांग्रेस के कमला कुमारी को पूरे 50 % वोट मिले. दूसरे स्थान पर भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार रामदेव राम को 30 % वोट मिले.

#### 1977 के लोस चुनाव में हार गई कांग्रेस

1977 के चुनाव में पलामू में बदलाव हुआ और कांग्रेस की कमला कुमारी को इस बार हार का सामना करना पड़ा. भारतीय लोक दल के उम्मीदवार रामधनी राम चुनाव जीते. उन्हें कुल 76.01% वोट मिले. जबकि कांग्रेस की कमला कुमारी को मात्र 14.7% वोट मिले.

#### 1980 में सीट पर कांग्रेस का कब्जा

1980 के चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी खोई हुई सीट पर कब्जा कर लिया. कांग्रेस की कमला कुमारी को 47 % वोट मिले, वही जनता पार्टी रामधनी राम को 30.5 % वोट मिले.

#### 1984 में कांग्रेस की रिकॉर्ड जीत

इस चुनाव में कांग्रेस की कमला कुमारी को 71.2 % रिकार्ड वोट मिले. वहीं, जनता पार्टी के रामसुंदर दास को मात्र 19.5 फीसदी वोट मिले.

#### 1989 में जनता दल का खुला खाता

इस चुनाव में पलामू में परिवर्तन हुआ और यह सीट जनता दल के खाते में चली गयी. जनता दल के जोरावर राम ने सीट पर कब्जा जमाया. जिन्हें कुल 36.5 % वोट ,जबकि भाजपा के रामदेव राम को 27.9 तथा कांग्रेस आई की कमला कुमारी को 22.8 % वोट मिले.

#### 1991 के चुनाव में भाजपा के खाते में गयी सीट

1991 के लोकसभा चुनाव उस सीट पर पहली बार भाजपा की झोली में गया. भाजपा के रामदेव राम को कुल 37.3 % वोट मिले. दूसरे स्थान पर रहे जनता दल के जोरावर राम रहे. इनको 31.6 % वोट मिले. जबकि कांग्रेस की कमला कुमारी को 13.4 % वोट मिले.

#### 1996 के चुनाव में फिर जीती भाजपा

1996 के चुनाव में भाजपा के बृजमोहन राम ने 42.4 % वोट पाकर इस सीट पर फिर कब्जा किया. दूसरे स्थान पर जनता दल के उदय नारायण चौधरी रहे. उन्हें कुल 31.20% वोट मिले थे. जबकि कांग्रेस के राधा कृष्ण किशोर को केवल 10.5% वोट ही मिल सके.

#### 1998 में भाजपा ने लगाया हैट्रिक

इस चुनाव में भाजपा ने पलामू सीट पर हैट्रिक लगाया. भाजपा के बृजमोहन राम को कुल 52.6 % वोट मिले. वहीं, राजद के उदय नारायण चौधरी को कुल 39.20% वोट मिले थे.

#### 1999 चुनाव में भाजपा जीती

1999 के चुनाव में पलामू सीट भाजपा के कब्जे में रही. भाजपा के बृजमोहन राम को 52.6 % वोट मिले. राजद से जवाहर राम चुनाव लड़े, जिन्हे 36.01 % वोट मिले.

#### 2004 के लोस चुनाव में राजद की जीत हुई

2004 के लोकसभा चुनाव में राजद के मनोज कुमार भुइयां ने 32.2 % वोट लाकर जीत हासिल की. जबकि भाजपा के चार बार के विजयी उम्मीदवार बृजमोहन राम को 23.6 % वोट मिले. वहीं, जनता दल यूनाइटेड के राधा कृष्ण किशोर को 16.6 % वोट मिले.

#### झामुमो ने जीता 2009 का चुनाव

इस चुनाव में पहली बार झामुमो ने जीत हासिल की.झारखंड मुक्ति मोर्चा के कामेश्वर बैठा को 25.8, जबकि राजद को 22.02, झारखंड विकास मोर्चा प्र. को 13.99 और जदयू को 10% वोट मिले.

#### पलामू में मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 22,27,034 |
| महिला | 11,55,669 |
| पुरुष | 10,71,695 |
| ट्रांस जेंडर | 01 |

#### 2014 का लोकसभा चुनाव में भाजपा जीती

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के विष्णु दयाल राम को उम्मीदवार बनाया. उन्हें 48.8 % वोट मिले. जबकि राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार को 21.8 % और झारखंड विकास मोर्चा प्र. के घूरन राम को 16 % वोट मिले.

#### 2019 के लोकसभा चुनाव में फिर से आई भाजपा

2019 के चुनाव में भी पलामू सीट भाजपा के खाते में गई थी. विष्णु दयाल राम भाजपा ने फिर अपना उम्मीदवार बनाया और भाजपा को कुल 62.5% वोट प्राप्त हुआ. दूसरे स्थान पर राजद के घूरन राम रहे, जिन्हें 23 % वोट मिले.

## कई मोर्चों पर सीता सोरेन ने अपनाया था बगावती तेवर

# सीता सोरेन भी अपर्णा यादव की राह पर चल पड़ीं

**2021** में दोनों बेटियों ने किया था दुर्गा सोरेन सेना का गठन

**2009** से लगातार सीता सोरेन जामा से रही हैं विधायक

रवि भारती। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन भी अपर्णा यादव की राह पर चल पड़ी. वजह यह है कि वह खुद को झारखंड की राजनीति में स्थापित करना चाहती हैं. उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपर्णा यादव एक अहम चेहरा हैं. अपर्णा समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं. वह भी अपने आप को उत्तर प्रदेश की राजनीति में स्थापित करना चाहती थीं. समाजवादी पार्टी में रहते हुए अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहीं थी. कई मौके पर उन्होंने पार्टी और इसके नेता अखिलेश यादव को आड़े हाथों लिया था. अपर्णा यादव 2022 में



बीजेपी में शामिल हो गईं. यही कहानी कमोबेश झारखंड में भी दुहराई जा रही है. जामा से झामुमो विधायक सीता सोरेन भी बीजेपी का दामन थाम लिया है. सीता सोरेन ने भी कई मौके पर पार्टी की नीतियों के खिलाफ बगावती तेवर अपनाया था.

### हेमंत से सीएम और कल्पना के मिलकर लौटने के बाद आया सीता का इस्तीफा

**रांची (विशेष संवाददाता)।** मंगलवार को झामुमो खेमे में सुबह से हलचल तेज रहीं. अब यह इत्तिफाक था या प्री-प्लान. यह चर्चा शुरू हो गयी है. मंगलवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिलने होटवार जेल पहुंचे. इनके बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई. हेमंत सोरेन से मिलकर निकलने के बाद सीता सोरेन का इस्तीफा सामने आया. अब पार्टी एवं राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा है कि क्या इसकी भनक सोरेन परिवार को पूर्व में मिल चुकी थी. क्या सूचना मिलने के बाद सीएम चंपाई और कल्पना सोरेन हेमंत से मिलने गए. या वाकई में सोरेन परिवार को इसकी जानकारी नहीं थी और परिवार को डैमेज कंट्रोल करने का समय नहीं मिला. मिली जानकारी के अनुसार तीनों के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे, प्रत्याशी चयन सहित चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई.

#### बहन सीता का अयोध्या में आगमन

बीजेपी का दामन थामने के बाद विधायक रंधीर सिंह ने कहा कि बहन सीता का अयोध्या में आगमन. जामा की विधायक सीता सोरेन को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. पूर्ण विश्वास है कि आप मोदी जी के आदिवासी कल्याण, उत्थान और विकास के संकल्प को झारखंड में और मजबूत करेंगी !

#### सांसद संजय सेठ ने भी किया स्वागत

रांची सांसद संजय सेठ ने भाजपा परिवार में सीता का स्वागत किया. कहा कि भ्रष्टाचार, अत्याचार और व्याभिचार से मुक्त झारखंड के निर्माण में हम सब अग्रणी भूमिका निभाएंगे. राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने भी जामा की विधायक सीता सोरेन को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.

#### अगला नंबर चंपाई सोरेन का

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि उन्होंने (सीता सोरेन) उचित समय पर उचित निर्णय लिया. हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचारी सरकार दी, दुर्गा सोरेन का संघर्ष हेमंत खत्म करना चाहते हैं. अगला नंबर आंदोलनकारी चंपाई सोरेन का है. सीता भाभी को बधाई. निशिकांत ने एक्स पर लिखा है कि सीता सोरेन मेरे परम मित्र स्व. दुर्गा सोरेन की धर्म पत्नी हैं.

#### तीन साल पहले नया मोड़ आया

विरोध के स्वर तो कई साल पहले से ही फूट रहे थे. साल 2021 में एक नया मोड़ भी आया था. जब सीता सोरेन की दोनों बेटियों राजश्री और जयश्री सोरेन ने अपने पिता के नाम पर पार्टी का गठन किया था और उनका नाम दुर्गा सोरेन सेना रखा था. उन्होंने पार्टी के गठन का मकसद बताते हुए कहा था कि इसके जरिए मकसद राज्य में भ्रष्टाचार, विस्थापन और जमीन की लूट समेत कई मुद्दों को उठाना है.

#### मेरे परिवार के खिलाफ रची जा रही है गहरी साजिश

सीता सोरेन ने पत्र में लिखा है कि गुरुजी के अथक प्रयासों के बावजूद जिन्होंने हम सभी को एकजुट रखने के लिए कठिन परिश्रम किया, अफसोस कि उनके प्रयास भी विफल रहे. मुझे हाल ही में ज्ञात हुआ है कि मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ भी एक गहरी साजिश रची जा रही है. मैं अत्यंत दुखी हूं. मैंने यह दृढ़ निश्चय किया है कि मुझे झारखंड मुक्ति मोर्चा और इस परिवार को छोड़ना होगा. मैं अपनी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं और आप से निवेदन करती हूं कि मेरे इस्तीफे को स्वीकार किया जाए. मैं आपकी और पार्टा की हमेशा अभारी रहूंगी और मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ रहेगी.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रहेगी. काम के प्रति जिमेवार होना होगा. हो सके तो किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद लें. कानूनी अड़चन दूर होगी. स्थिति अनुकूल रहेगी. व्यवसाय ठीक रहेगा. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें.

**वृषभ** सुख में वृद्धि होगी, पर वाहन के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है. लोगों के बहकावे में न आना. कुसंगति से हानि होगी. पुलिस से बिगाड़ हो सकती है. कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने से तनाव रहेगा. कार्य और प्रभाव से व्यवसाय ठीक रहेगा.

**मिथुन** किसी बाहरी व्यक्ति का आगमन होगा. स्वास्थ्य पर व्यय होगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है. कोर्ट कचहरी के काम का निपटारा नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी. अन्न दान करें.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है. धन की प्राप्ति की योजना बनेगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. अंक व रोग के प्रति सावधान रहें. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. सफलता की राह खुलेगी.

**सिंह** विदेश से किसी बड़े लाभ का योग है. समय पर कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. आय में वृद्धि होगी. ग्राहक सक्रिय रहेंगे. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** समय सामान्य है. विवाद को बढ़ावा देना ठीक नहीं. आय में कमी रहेगी. बेवजह तनाव रहेगा. काम में मन नहीं लगेगा. धैर्य रखें. व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा. प्रयास अधिक करना पड़ेगा. थकान रहेगी. लड्डू का दान करें.

**तुला** सरकारी कार्य में गति मिलेगी. कार्यों में तेजी आई है. लाभ के अवसर हाथ आयेंगे. सामाजिक प्रतिफल में वृद्धि होगी. व्यवसाय ठीक है. काम के लिए बाहर जाना पड़ सकता है. पार्टनरों से तालमेल बैठेगा. इतर दान करें.

**वृश्चिक** धर्म और सामाजिक कार्य में मन लगेगा. जल्दबाजी से बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. भूले-बिसरे साथियों से मेलजोल बढ़ेगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** किसी मित्र से विवाद हो सकता है. गलत निर्णय लेने से बचें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. केला का दान करें.

**मकर** किसी नया कार्य के पहले सोच विचार कर करें. व्यापार में नुकसान हो सकता है. घर में कोई बड़ा खर्च नहीं होगा. तनाव रहेगा. कुसंगति से. घर में तनाव बना रह सकता है. व्यवसाय ठीक है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कुंभ** मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है.व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. वस्तुओं को संभालकर रखें. नए अनुबंध हो सकते हैं. कोर्ट कचहरी में अनुकूलता रहेगी. कोई बड़ी बाधा होने से प्रसन्नता रहेगी. काली वस्तु का दान करें.

**मीन** संतान सुख में वृद्धि का योग है. साथ ही आय में वृद्धि होगी. ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है. भाग्य का साथ मिलेगा. काम में अनुकूलता रहेगी. व्यवसाय ठीक है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. नये कार्य को जल्दबाजी में न करें.

# कहीं कल्पना के सक्रिय राजनीति में आने से तो नहीं दिया सीता ने इस्तीफा!

प्रवीण कुमार। रांची

कांग्रेस के गांधी परिवार की कहानी झारखंड में दोहराते हुए दिख रही है. गांधी परिवार की एक बहु मेनका गांधी और उनका पुत्र वरुण गांधी परिवार की उपेक्षा की वजह से भाजपा में चले गये. उसी तरह झामुमो से अलग होकर सोरेन परिवार की बड़ी बहु सीता सोरने ने भी मंगलवार को दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. संजय गांधी की मौत के बाद गांधी परिवार से मेनका गांधी और वरुण गांधी को जिस तरह बेदखल कर दिया गया था. उसी तरह की कुछ बातें सीता सोरने ने अपने इस्तीफा में भी लिखा है. अपने इस्तीफा में उन्होंने कहा है कि परिवार की उपेक्षा और दुखी मन से पार्टी से अलग हुई हूं... मेरे स्वर्गीय पति दुर्गा सोरेन, जो कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा और महान क्रांतिकारी थे, के निधन के बाद से ही मैं और मेरा परिवार लगातार उपेक्षा का शिकार रहा. पार्टी और परिवार के सदस्यों ने हमें अलग-थलग कर दिया है. जो कि मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक रहा है.

### त्वरित टिप्पणी

- झामुमो में दोहरा रही है कांग्रेस की कहानी
- सोरेन परिवार में दो फाड़ होने से भाजपा को फायदा

#### चंद घंटे में ही बदल गया नजारा

सीता सोरेन के इस्तीफा देने के चंद घंटे के अंदर राजनीतिक गलियारे में खलबली मच गई है. सीता सोरेन के पार्टी बदलने के फैसले से एक नयी बहस छिड़ गयी है. सीता सोरेन भी कह चुकी हैं कि पार्टी के कई लोग उनके साथ हैं, लेकिन मौजूदा हालात की वजह से खुलकर सामने नहीं आ रहे. जानकारों का कहना है कि सोरेन परिवार में दो फाड़ होने से भाजपा को फायदा होने की संभावना है. क्योंकि अबतक जो बातें भाजपा के नेता कहा करते थे, उसे अब सीता सोरेन कहेंगी.

#### सीता सोरेन ने कहा था- मेरी उपेक्षा हो रही है

सीता सोरेन कई बार कह चुकी हैं कि उनकी उपेक्षा हो रही है. उन्होंने इस बात पर आपत्ति भी जताई थी कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद यदि कल्पना सोरेन को सीएम बनाया जाता है, तो वह इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी. चर्चा है कि ताजा राजनीतिक माहौल में अब सीता सोरेन जब जनता के बीच पार्टी में ''उपेक्षा'' की बात उठाएंगी, तो कल्पना सोरेन को मिलने वाली सहानुभूति प्रभावित होगी. क्योंकि खासकर संथाल में गुरुजी के बाद सीता सोरेन के दिवंगत पति दुर्गा सोरेन का ही प्रभाव रहा है. वह गुरुजी के साथ पार्टी की हर गतिविधियों में शामिल हुआ करते थे.

#### राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म है

सीता सोरेन के इस्तीफे को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का बाजार गर्म है. इसकी वजह यह भी है कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन राजनीति में सक्रिय हो गई हैं. वह जगह-जगह सभाएं कर रही हैं. पिछलों दिनों मुंबई में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के समापन कार्यक्रम में भी पार्टी की ओर से कल्पना सोरेन शामिल हुईं थीं. उनकी सक्रियता की वजह से झारखंड में इस बात की जोरशोर से चर्चा हो रही थी कि उनको सहानुभूति मिल सकती है. इससे गठबंधन को फायदा होगा.

# हेमंत सोरेन के उदय के साथ ही परिवार से दूर होते गयीं सीता

कौशल आनंद। रांची

पार्टी और परिवार में एक समय में दुर्गा सोरेन की तुती बोलती थी. शायद ही पार्टी या परिवार का कोई ऐसा निर्णय हो जहां पर दुर्गा सोरेन की सलाह नहीं ली जाती थी. दुर्गा सोरेन का असामयिक निधन 21 मई 2009 को हो गया. दुर्गा सोरेन के रहते हेमंत सोरेन का राजनीति में कोई खास इंटरेस्ट नहीं था. हेमंत सोरेन झामुमो का छात्र इकाई झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष हुआ करते थे. मगर दुर्गा सोरेन के निधन के बाद अचानक से हेमंत सोरेन की महत्ता पार्टी और परिवार में बढ़ गयी. सक्रियता इस कदर बढ़ी कि अर्जुन मुंडा की सरकार में वे डिप्टी सीएम बने. इसके बाद अर्जुन मुंडा सरकार को गिरा दी गयी और कांग्रेस की मदद से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बन गए. 2019 के विधानसभा चुनाव में अपने दम पर उन्होंने न केवल पार्टी को 30 सीट दिलाई, बल्कि राज्य कांग्रेस और राजद के सहयोग से पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनायी और मुख्यमंत्री बने. फिर सीता का कद घटता गया. सीता सोरेन की नाराजगी परिवार से बढ़ती चली गयी. हालात यहां तक पहुंच गए थे कि सीता सोरेन की बड़ी बेटी राजश्री ने दुर्गा सोरेन सेना गैर राजनीतिक संगठन तक खड़ा कर दिया.

#### कल्पना के राजनीति में एक्टिव होने से परिवार से दूरी और बढ़ी

परिवार में हेमंत सोरेन दंपति का बढ़ता कद कहीं न कहीं सीता सोरेन के लिए असहनीय साबित हो रहा था. वे बड़ी बहू होने के नाते खुद को उपेक्षित महसूस कर रही थीं. दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी की पूरी कमान एक तरह से हेमंत सोरेन के अधीन होता चला गया. यह भी उनके लिए असहनीय था.

#### सीता सोरेन के दिल्ली में होने के समय से पक रही थी खिचड़ी

जब पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की सरकार चली गयी और चंपाई सोरेन के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन हो रहा था, तब सीता सोरेन दिल्ली में जमी रहीं. खबरें आयी कि वह निजी काम से गयी हैं. दिल्ली से लौटने के बाद वे सीधे गुरूजी से मिलीं. इसके बाद संभवतः नाराजगी दूर होने की बातें सामने आयीं. मगर इतना तय है कि सीता की भाजपा से दोस्ती की पटकथा बहुत महीने पहले से लिखीं जा चुकी थी.

### झारखंड की दुर्दशा से आहत सीता ने झामुमो छोड़ा : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीता सोरेन के झामुमो छोड़ भाजपा ज्वाइन करने का स्वागत किया है. कहा कि झामुमो छोड़ने के फैसले पर सीता ने शिबू सोरेन के नाम जो मार्मिक पत्र लिखे हैं उसमें उनकी पीड़ा स्पष्ट झलक रही है. वे अपनी पार्टी और परिवार के सदस्यों से वर्षों से प्रताड़ित हो रही थीं. बाबूलाल ने कहा कि अपमान सहने की भी एक सीमा होती है. सीता सोरेन शिबू सोरेन की बड़ी बहू और स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं. दुर्गा सोरेन ने छाया की तरह झारखंड आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया और संघर्ष किया. यदि दुर्गा सोरेन जीवित होते तो झामुमो में मुख्यमंत्री के उम्मीदवार होते, लेकिन सीता सोरेन की पीड़ा यही है कि दुर्गा सोरेन के संघर्ष को भुला दिया गया और जिन्होंने कोई संघर्ष नही किया वे शीर्ष पर पहुंच रहे. इसलिए सीता सोरेन की नाराजगी स्वाभाविक है.

## राजनीतिक दांव : रवींद्र राय, रवींद्र पांडेय, बड़कुंवर, शशिभूषण, तुबीद के बाद अब सुनील सोरेन की बारी !

# भाजपा ने आयातितों के लिए कुर्बान किए अपने पांच समर्पित नेता

सत्य शरण मिश्रा। रांची

भाजपा ने आयातित नेताओं के लिए अपने कई समर्पित नेताओं को कुर्बान कर दिया है. जिन नेताओं ने बूथ से लोकसभा स्तर तक संगठन को सींचा. संघर्ष कर अपनी पहचान बनाई और पार्टी को मजबूती दी वही नेता एक झटके में दरकिनार कर दिये गये. पूर्व सांसद रवींद्र राय, रवींद्र पांडेय, बड़कुंवर गगराई, शशिभूषण सामड और जेबी तुबीद जैसे कई ऐसे नेता हैं जिनकी तिलांजलि भाजपा ने आयातित नेताओं के लिए दे दी है. इन्हीं कुर्बान नेताओं की लिस्ट में जल्द ही दुमका सांसद सुनील सोरेन का नाम जुड़ सकता है. सोरेन परिवार की बड़ी बहू और जामा से विधायक सीता सोरेन झामुमो से नाराज होकर भाजपा में शामिल हो गई हैं. जाहिर है चुनाव से ठीक पहले सीता सोरेन लोकसभा चुनाव का टिकट मिलने के भरोसे पर ही भाजपा में शामिल हुई होंगी. सोरेन परिवार का किला ढाहने के लिए भाजपा उन्हें दुमका से चुनाव लड़वा सकती है, लेकिन भाजपा दुमका में वर्तमान सांसद सुनील सोरेन को टिकट दे चुकी है. अब भाजपा सीता की खातिर जेएमएम के गढ़ में सेंधमारी कर झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को चुनाव हराने वाले सुनील सोरेन का टिकट काट कर सीता सोरेन को दे सकती है.

### सीता सोरेन के लिए सुनील सोरेन की तिलांजलि देगी भाजपा ?

#### गीता कोड़ा ने बड़कुंवर, शशिभूषण सामड और जेबी तुबीद की उम्मीदों पर फेरा पानी

भाजपा ने इससे पहले सिंहभूम में चुनाव लड़ने की तैयार कर रहे अपने तीन नेताओं (बड़कुंवर गगराई, शशिभूषण सामड, जेबी तुबीद) की कुर्बानी दी है. सिंहभूम की कांग्रेस विधायक गीता कोड़ा को पार्टी में शामिल कराके भाजपा ने इन तीनों नेताओं की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. जेबी तुबीद सिंहभूम सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं. सिंहभूम के पूर्व सांसद लक्ष्मण गिलुआ के निधन के बाद वे भाजपा से इस सीट के प्रबल दावेदार थे. वहीं सिंहभूम सीट से भाजपा की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ चुके बड़कुंवर गगराई भी 2024 में चुनाव लड़ने की उम्मीद लेकर 2 साल पहले वापस भाजपा में आये थे. चक्रधरपुर से झामुमो से विधायक रहे शशिभूषण सामड भी इसी उम्मीद से भाजपा आये थे, लेकिन उन्हें भी निराशा हाथ लगा.

#### चंद्रप्रकाश के लिए कुर्बान कर दिए गए रवींद्र पांडेय

2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने गिरिडीह में आजसू की खातिर अपने दिग्गज नेता रवींद्र कुमार पांडेय की तिलांजलि दी थी. झामुमो और कांग्रेस के गढ़ गिरिडीह सीट पर भाजपा को पहली बार रवींद्र पांडेय ने ही जीत दिलाई थी. वे पांच बार गिरिडीह विधानसभा से भाजपा के सांसद रहे थे. 2019 में वे सीटिंग सांसद थे, लेकिन एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा ने गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू को दे दिया. भाजपा के इस फैसले से तो रवींद्र पांडेय का पॉलिटिकल करियर भी खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है.

#### अन्नपूर्णा को लाकर रवींद्र राय को कर दिया दरकिनार

2019 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा ने राजद से आयातित अन्नपूर्णा देवी के लिए कोडरमा के सीटिंग सांसद रवींद्र राय की तिलांजलि दी थी. रवींद्र राय एक समय भाजपा का बड़ा चेहरा थे. वे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे. राजधनवार सीट से विधायक रहे. 2014 में कोडरमा से भाजपा के सांसद बने. 2019 में भी वे टिकट के प्रबल दावेदार थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अन्नपूर्णा देवी राजद छोड़ भाजपा में शामिल हो गईं और रवींद्र राय दरकिनार कर दिये गये.

## रूस में फिर पुतिन

बहुदलीयता के बदले एकदलीयता में बदले किसी देश की पहचान एक नेता से ही होती है, क्योंकि वह नेता सत्ता के तमाम स्रोतों पर काबिज होता है और सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल अपने हक में करता है. दुनिया के अनेक लोकतंत्र इसी तरह के चुनावी अधिनायकत्व की ओर अग्रसर हैं. ऐसे देश भी प्रतिस्पर्धा के लिए कुछ दल के अस्तित्व को बनाए रखते हैं, ताकि उनकी लोकतांत्रिक साख बरकार रहे. ऐसे ही वैश्विक माहौल में एक बार फिर ब्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं. वे पांचवीं बार राष्ट्रपति बने हैं, जो बताता है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज्य है. वैसे खुफिया एजेंसी प्रमुख से लेकर राष्ट्रपति बनने तक पुतिन की निरंकुश सत्ता लगातार परवान चढ़ती रही है. पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लायी गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा. शासन, चुनाव तंत्र और मीडिया पर वर्चस्व रखने वाले पुतिन ने अपनी सुविधा का लोकतंत्र गढ़ा. यही वजह है कि पांचवीं बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे पुतिन का राष्ट्रपति बनना अटल सत्य था. उनके सामने जो तीन उम्मीदवार थे, कहा जाता है कि उन्हें क्रेमलिन की ओर से ही खड़ा किया गया था. वे पुतिन की तारीफ में कसीदे पढ़ते देखे गए.

> पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लायी गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा.

वह बात अलग है कि कुल वोट का 87 फीसदी हिस्सा मिलने के बाद पुतिन ने कहा कि रूसी लोकतंत्र कई पश्चिमी देशों के लोकतंत्र से ज्यादा सशक्त है, लेकिन जैसा कि पश्चिमी जगत आरोप लगाता रहा है कि पुतिन ने अपने तमाम विरोधियों को ठिकाने लगा दिया था और वास्तविक युद्ध विरोधियों को चुनाव लड़ने की इजाजत तक नहीं दी गई. वे उनके सशक्त विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की हालिया संदिग्ध मौत को इसी कड़ी का हिस्सा बताते हैं. नवेलनी समर्थकों ने रूस के शहरों व पश्चिमी देशों में रूसी दूतावासों के बाहर विरोध स्वरूप प्रतीकात्मक रूप से मतदान किया. उनका मानना रहा है कि रूस में एक भी प्रत्याशी ऐसा नहीं था, जिसकी विश्वसनीयता मानी जा सके. वहीं पश्चिमी देश कुछ लोगों की गिरफ्तारी का भी आरोप लगाते हुए कहते हैं कि चुनाव स्वतंत्र, पारदर्शी व निष्पक्ष नहीं रहा. दूसरी ओर जर्मनी जहां इन चुनावों को सेंसरशिप के बीच छद्म चुनाव बता रहा है, वहीं ब्रिटेन का आरोप है कि रूस द्वारा यूक्रेन के अधिकृत इलाकों में अवैधानिक तरीके से चुनाव कराए गए. निरंकुश सत्ताधीश सरकारी सूचना माध्यमों पर वर्चस्व कायम कर और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाकर सूचना के तमाम स्वतंत्र स्रोतों का प्रवाह बंद कर देते हैं, जिससे वास्तविक सूचना व लोकतांत्रिक आजादी से लोग वंचित रह जाते हैं. ऐसा नहीं है कि यूक्रेन में जारी दो साल लंबे युद्ध में रूस ने बड़ी कीमत न चुकायी हो, लेकिन सूचना माध्यमों से युद्ध में बढ़त के तौर पर दर्शाया जा रहा है.

### सुभाषित

**असूयैकपदं मृत्युः अतिवादः श्रियो वधः।**
**अशुश्रुषा त्वरा श्लाघा विद्याः शत्रुवस्त्रयः॥**

एक विद्यार्थी के लिए द्वेष मृत्यु के समान है. निरंतर अनावश्यक बातें करने से धन का नाश होता है. सेवा करने की मनोवृत्ति का अभाव, जल्दबाजी तथा स्वयं की प्रशंसा स्वयं करना, यह तीन बातें विद्या ग्रहण करने के वालों के लिए शत्रु हैं, जिनसे सावधान रहना चाहिए.

# कितनी मजबूत हैं महागठबंधन की गांठें

**इधर झारखंड में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने हजारीबाग समेत आठ सीटों पर उम्मीदवार देने का एलान कर दिया है. इसका क्या उद्देश्य है, यह समझना थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि इसका लाभ भाजपा को ज्यादा दिख रहा है. हो सकता है यह स्थिति भी बदले, लेकिन ऐसा ना हो कि आपसी रगड़े में नुकसान ज्यादा हो जाए. लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा तो होने ही वाली है और यह समय इन छोटे-छोटे विवादों को विपक्षी दलों को बंद कमरों में निपटाना चाहिए, न कि पब्लिक प्लेटफॉर्म पर.**



• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

जैसे जैसे आगामी लोकसभा चुनाव पास आता जा रहा है, वैसे वैसे महागठबंधन की गांठें ढीली पड़ती दिखाई दे रही हैं. अब यह क्या खेल है, यह समझना तो मुश्किल है, लेकिन इतना निश्चित है कि विपक्ष का हाल-चाल बहुत ठीक नहीं है. वैसे राजनीति में कभी भी कुछ भी संभव हो सकता है, इसलिए कुछ ठोस टिप्पणी करना शायद जोखिम भरा हो, लेकिन जो दिख रहा है उसके संकेत शुभ नहीं हैं. कुछ महीने पहले बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तब इंडिया गठबंधन के सूत्रधार के रूप में उभर कर सामने आए थे और उन्होंने विपक्ष के बिखरे स्वरूप को एक मुकम्मल चेहरा दिया था. एक पहचान दी और एक संभावना भी दी. शायद कुछ और भी होता, लेकिन उसके पहले खेल बदल गया. राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कारगर विकल्प तैयार होने की जो आस बंधी थी, वह टूट गई. एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए कारगर विपक्ष का होना बहुत जरूरी होता है और देश के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, लेकिन फिलहाल इसकी संभावना थोड़ी कम दिख रही है. नीतीश कुमार तो वैसे भी मुख्यमंत्री हैं, लेकिन फिलहाल भाजपा के साथ हैं.

वैसे विपक्षी एकता को तो एक करारा झटका लग ही गया. एक समय ऐसा लग रहा था कि लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए विपक्षी खेमे के नेता अपना निजी अहम त्याग कर गैर भाजपा दलों को गोलबंद करने का कोई भी प्रयास नहीं छोड़ेंगे. लेकिन हाल फिलहाल की खबरें कुछ और ही बयां करती हैं. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एलान कर दिया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस राज्य की सभी 42 सीटों पर लड़ेगी. इतना ही नहीं, उन्होंने उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी. सबसे मजेदार खबर थी कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ क्रिकेट खिलाड़ी यूसुफ पठान को उम्मीदवार बनाना. अब यह तृणमूल की जीत के लिए जरूरी था या अधीर रंजन की हार की संभावना बढ़ाने के लिए यह समझना मुश्किल है. और इसके पीछे का खेल भी समझ में नहीं आ रहा. अब ऐसा होगा या नहीं यह प्रश्न बेमानी है. हो सकता है यह दबाव की भी राजनीति हो. मगर जो भी है यह विपक्षी एकता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है. इधर झारखंड में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने हजारीबाग समेत आठ सीटों पर उम्मीदवार देने का एलान कर दिया है. इसका क्या उद्देश्य है, यह समझना थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि इसका लाभ भाजपा को ज्यादा दिख रहा है. हो सकता है यह स्थिति भी बदले, लेकिन ऐसा ना हो कि आपसी रगड़े में नुकसान ज्यादा हो जाए. लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा तो होने ही वाली है और यह समय इन छोटे-छोटे विवादों को विपक्षी दलों को बंद कमरों में निपटाना चाहिए, न कि पब्लिक प्लेटफॉर्म पर. इसका संकेत दूर तक जाता है. हो सकता है यह तस्वीर अंतिम नहीं हो, लेकिन इतना निश्चित है कि इन घटनाओं से सबसे ज्यादा खुशी भाजपा को मिलेगी और यह विपक्ष को भी मालूम है. कितनी अजीब बात है कि गैर भाजपा दलों के फैसले भाजपा को लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं.

यह तो महज दो प्रदेशों की बात है. अभी तो कई राज्यों में इस तरह की गहमा-गहमी चल रही होगी. उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र एवं आंध्र में तो कुछ-कुछ चल भी रहा है, मगर अन्य राज्यों में क्या हो रहा है यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं. देखने वाली बात यह है कि लोकसभा चुनाव के पहले अंतिम तस्वीर कैसी होती है. इतना तो तय है कि अगर विपक्ष की एकता मजबूती से नहीं बनी और आम जनता को इसका भरोसा नहीं हुआ तो भाजपा को प्रचंड बहुमत से रोकना मुश्किल होगा. इतिहास गवाह है कि जब-जब सरकारें प्रचंड बहुमत से जीत कर आती हैं, तब तब तानाशाही का रूप ले लेती हैं. भारत में भी ऐसा देखने को मिला, जब 1971 की जीत के बाद संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया था. आज सत्ता पर बैठे बहुत से लोग आपातकाल के उन काले दिनों की दुहाई भी देते हैं. चलिए यह सब तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन अभी प्रश्न यह है कि आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यों उत्पन्न हो रही हैं. तमाम प्रयासों के बावजूद विपक्षी एकता छिन्न-भिन्न होती दिख रही है. वह भी तब, जब एकता न होने की सूरत में परिणाम की चिंता सबको है. अब इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा दोषी कौन है, यह तय करना तो थोड़ा मुश्किल है, लेकिन कांग्रेस की भूमिका बहुत वस्तुनिष्ठ नहीं लग रही. भ्रम हो या अहंकार यह कहना मुश्किल है, लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि कोई दल यह सोचता है कि वह भाजपा के विकल्प के रूप में स्वाभाविक तौर पर जन समर्थन पाएगी तो सही नहीं है. इसके लिए प्रयास करना पड़ेगा, न कि स्वाभाविक विकल्प जैसी कोई अवधारणा पालना. इसलिए कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती. अब इसके पीछे कारण क्या है यह समझना मुश्किल है, क्योंकि वस्तु स्थिति तो कमोबेश किसी से छुपी नहीं है. दरअसल कांग्रेस की पुरानी समस्या रही है सत्ता केंद्र के इर्द-गिर्द खेमा बंदी. आज भी कांग्रेस में सत्ता के एक से ज्यादा केंद्र हैं और सबके अपने अपने गिरोह हैं. पार्टी अध्यक्ष के समानांतर राहुल गांधी की व्यवस्था चल रही है और पार्टी एक पेज पर दिखाई नहीं दे रही. शायद न्याय यात्रा का यह माकूल समय नहीं था, लेकिन इस पर मंथन करने की आवश्यकता किसी ने नहीं समझी. राहुल गांधी की समानांतर पार्टी मशीनरी एक अलग इकाई के रूप में काम करती है और कई बार पार्टी अध्यक्ष के रूप में खड़गे साहब अलग दिखाई पड़ते हैं. यह निहायत जरूरी है कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप में और भाजपा के स्वाभाविक विकल्प के रूप में कांग्रेस को अपना एक मजबूत स्वरूप प्रस्तुत करना होगा, तभी वह विपक्ष को सही नेतृत्व दे पाएगा, जिसकी आज सबसे ज्यादा जरूरत है.

• बोधि-वृक्ष सुज्ञ



### नाथ अभिमान

एक घर के मुखिया को यह अभिमान हो गया कि उसके बिना उसके परिवार का काम नहीं चल सकता. उसकी छोटी सी दुकान थी. उससे जो आय होती थी, उसी से उसके परिवार का गुजारा चलता था. चूंकि कमाने वाला वह अकेला ही था, इसलिए उसे लगता था कि उसके बगैर कुछ नहीं हो सकता. वह लोगों के सामने डींग हांका करता था. एक दिन वह एक संत के सत्संग में पहुंचा. संत कह रहे थे, ₹दुनिया में किसी के बिना किसी का काम नहीं रुकता. यह अभिमान व्यर्थ है कि मेरे बिना परिवार या समाज ठहर जाएगा. सभी को अपने भाग्य के अनुसार प्राप्त होता है. सबको देनेवाला तो ऊपर बैठा ईश्वर है, मनुष्य तो निमित्त मात्र है.₹ सत्संग समाप्त होने के बाद मुखिया ने संत से कहा, ₹मैं दिन भर कमाकर जो पैसे लाता हूं, उसी से मेरे घर का खर्च चलता है. मेरे बिना तो मेरे परिवार के लोग भूखे मर जाएंगे.₹ संत बोले, ₹यह तुम्हारा भ्रम है. हर कोई अपने भाग्य का खाता है.₹ इस पर मुखिया ने कहा, ₹आप इसे प्रमाणित करके दिखाइए.₹ संत ने कहा, ₹ठीक है. तुम बिना किसी को बताए घर से एक महीने के लिए गायब हो जाओ.₹ उसने ऐसा ही किया. संत ने यह बात फैला दी कि उसे बाघ ने अपना भोजन बना लिया है. मुखिया के परिवार वाले कई दिनों तक शोक संतप्त रहे. गांव वाले आखिरकार उनकी मदद के लिए सामने आए. एक सेठ ने उसके बड़े लड़के को अपने यहां नौकरी दे दी. गांव वालों ने मिलकर लड़की की शादी कर दी. एक व्यक्ति छोटे बेटे की पढ़ाई का खर्च देने को तैयार हो गया. एक महीने बाद मुखिया छिपता-छिपाता रात के वक्त अपने घर आया. घर वालों ने भूत समझकर दरवाजा नहीं खोला. जब वह बहुत गिड़गिड़ाया और उसने सारी बातें बताईं तो उसकी पत्नी ने दरवाजे के भीतर से ही उत्तर दिया, 'हमें तुम्हारी जरूरत नहीं है. अब हम पहले से ज्यादा सुखी हैं.' उस व्यक्ति का सारा अभिमान चूर-चूर हो गया. संसार किसी के लिए भी नहीं रुकता!! इस संसार में एक अवलंब टूटता है तो दूसरा तैयार हो जाता है. यहां सभी के बिना काम चल सकता है. संसार सदा से चला आ रहा है और चलता रहेगा. जगत को चलाने की हामी भरने वाले बडे बडे सम्राट, मिट्टी हो गए, जगत उनके बिना भी चला है. इसलिए अपने बल का, अपने धन का, अपने कार्यों का, अपने ज्ञान का गर्व व्यर्थ है.

## चुनावों में धनशक्ति का बढ़ता प्रभाव

• सियासत

एन. बनर्जी

भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) भले ही संदिग्ध चुनाव प्रचार प्रथाओं को नियंत्रित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हो, सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टी के व्यवहार को प्रभावित करना या निर्देशित करना, उसके लिए आसान नहीं है. पार्टियों और उनके उम्मीदवारों द्वारा प्रति लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की आधिकारिक खर्च सीमा 75 लाख से 90 लाख रुपये के बीच है. संघीय सरकार चुनाव कराने के लिए अनुमानित सकल व्यय का लगभग 10 प्रतिशत वहन करती है. आधिकारिक तौर पर, इसने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए 38.70 अरब रुपये खर्च किये. शेष राशि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने खर्च की. हालांकि, कानूनी रूप से लेखा व्यय उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों द्वारा खर्च की गई वास्तविक राशि का केवल एक अंश दर्शाता है. अनौपचारिक रूप से या वास्तविक स्थितियों में, उम्मीदवार द्वारा खर्च किया गया धन आधिकारिक खर्च सीमा से 10 से 15 गुना या उससे भी अधिक हो सकता है. चुनाव आयोग इस बारे में कुछ नहीं कर सका. चुनाव अभियान का खर्च उम्मीदवारों और नकद धन उत्पन्न करने की उनकी क्षमता के अनुसार अलग-अलग होता है. सत्ताधारी दल के उम्मीदवार आम तौर पर सरकारी ठेकों या खर्चों से अवैध रूप से एकत्र किये गये गंदे धन, सभी प्रकार के अवैध व्यवसायों, रिश्वत, नौकरियों के लिए नकद और हवाला लेनदेन आदि से सुसज्जित होते हैं. काले धन के पहाड़ों पर बैठकर, वे सरकारी सत्ता बरकरार रखने और अगले चुनाव होने तक अधिक पैसा कमाने के लिए चुनाव जीतने के लिए बेतहाशा खर्च करते हैं. उनका मकसद किसी भी संभव तरीके से चुनाव जीतना है. वास्तविक मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के लिए गलत मतदान और बाहुबलियों का इस्तेमाल असामान्य नहीं है, हालांकि असाधारण मामलों में समस्याग्रस्त बूथों पर दोबारा चुनाव होते हैं. दुर्भाग्य से, चुनाव और नयी सरकार के गठन के बाद सीमित प्रशासनिक अधिकार और शक्ति के साथ, ईसीआई शायद ही कभी सत्तारूढ़ दल के विजयी उम्मीदवार को अयोग्य ठहरा सकता है.फिर भी, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और राजस्व खुफिया निदेशालय सहित लगभग 20 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की संयुक्त सेवाओं का उपयोग करके चुनाव में अवैध धन के प्रभाव को रोकने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की नवीनतम पहल सबसे अधिक स्वागत योग्य है. उन्होंने कहा कि निगरानी और जांच एजेंसियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हवाई अड्डों, हेलीपैडों और चार्टर्ड उड़ानों पर माल की आवाजाही पर नजर रखें. कानून-व्यवस्था की स्थिति कड़ी की जायेगी,

> चुनाव अभियान का खर्च उम्मीदवारों और नकद धन उत्पन्न करने की उनकी क्षमता के अनुसार अलग-अलग होता है. सत्ताधारी दल के उम्मीदवार आम तौर पर सरकारी ठेकों या खर्चों से अवैध रूप से एकत्र किये गये गंदे धन, सभी प्रकार के अवैध व्यवसायों, रिश्वत, नौकरियों के लिए नकद और हवाला लेनदेन आदि से सुसज्जित होते हैं.

हालांकि यह पूरी तरह से राज्यों की जिम्मेदारी है. हिंसा, आतंकी रणनीति और प्रभाव का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बलों की तैनाती की योजना के बारे में राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को सभी राजनीतिक दलों को सूचित करना होगा. ये स्वतंत्र, निष्पक्ष और राजनीतिक उकसावे से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सीईसी द्वारा निर्देशित कई अन्य कदमों में से कुछ हैं. ऐसा नहीं है कि पहले के चुनावों में ऐसे कदम नहीं उठाये गये, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम देने में विफल रहे. चुनाव अभियानों में नकदी बंडलों का उपयोग बड़े पैमाने पर और बढ़ रहा है. राज्यों में सत्तारूढ़ दल और उनके उम्मीदवार हमेशा पुलिस और प्रशासन के समर्थन और सहयोग से पूरी कमान संभाले हुए हैं. अपने चुनाव अभियान को मजबूत करने के लिए उम्मीदवारों के पास अवैध धन का प्रवाह जारी है. ऐसा माना जाता है कि 543 सीटों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों द्वारा रिकॉर्ड नकद व्यय देखा जायेगा, जो पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ देगा. दिल्ली स्थित सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक, इस बार कुल खर्च 1.2 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा हो सकता है, जो 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के समय खर्च किये गये 14.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक होगा.चुनावी बांड प्रणाली को खत्म करने से आगामी चुनाव में प्रचार खर्च पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है, हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य स्तर पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को थोड़ा झटका लग सकता है. 2017-18 से 2022-23 के बीच 12,008 करोड़ के चुनावी बांडों की बिक्री हुई, जिसमें भाजपा को करीब 55 फीसदी या 6,564 करोड़ रुपये मिले. कांग्रेस को केवल 1,135 करोड़ रुपये मिले. दिलचस्प बात यह है कि राज्य स्तरीय पार्टी टीएमसी को इसी अवधि के दौरान 1,096 करोड़ रुपये मिले, जो किसी क्षेत्रीय पार्टी द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी रकम है

## क्षमताओं को मिले संभावनाओं का खुला आकाश

• शिक्षा जगत

दीपिका

शिक्षा को मानव जीवन का अपरिहार्य अंग माना गया है. ज्ञान प्राप्ति की सहज प्रक्रिया कदाचित तनाव बनकर जीवन पर हावी होने लगे तो विषय विचारणीय हो जाता है. विगत कुछ वर्षों के दौरान भारतीय छात्रों में अवसाद तथा आत्मघात के मामलों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि देखी गई. किसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में सीट सुरक्षित करने की होड़, नौकरियों की अपर्याप्तता आदि जहां इसमें संभावित कारण आंके गए, वहीं पारिवारिक अपेक्षाएं एवं शैक्षणिक संस्थानों का बोझिल वातावरण भी प्रमुख कारणों में शामिल रहे. कोचिंग संस्थानों में ऐसी घटनाएं घटना मानो एक आम बात बन चुकी है. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने में अग्रणी राजस्थान के कोटा की ही बात लें; वर्ष 2023 के दौरान 26 छात्रों द्वारा आत्महत्या करने को लेकर बहुचर्चित रहे इस शहर में, प्रशासनिक चेतावनी के बावजूद समस्या का समाधान संभव नहीं हो पाया. जनवरी से लेकर अब तक घटित हो चुके चार आत्महत्या प्रकरणों में, दुर्भाग्यवश, 5वां मामला भी जुड़ गया. हाल ही में, एक 16 वर्षीय किशोर ने प्रतियोगी परीक्षा पास न कर पाने संबंधी असमर्थता जताते हुए अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. 'पापा! मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा. क्षमा कीजिएगा, मैं जा रहा हूं', घटना में बरामद सुसाइड नोट में अंकित ये शब्द व्यवस्थात्मक आधार पर एवं बतौर अभिभावक हमें बहुत कुछ सोचने पर बाध्य करते हैं. देखा जाए तो कार्यक्षेत्रीय परिधि में अपेक्षाकृत विस्तार होने के बावजूद पूर्वाग्रह ग्रसित भारतीय समाज में आज भी इंजीनियरिंग, चिकित्सा, सिविल सेवा जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में स्थापित होना गौरव का विषय माना जाता है. कई बार तो बच्चे की रुचि अथवा प्रतिभा का आकलन किए बिना ही अभिभावक इन्हीं क्षेत्रों में दाख़िला लेने संबंधी निर्णय जबरन इसलिए थोप देते हैं, क्योंकि बेहतर जीवनशैली के साथ उन्हें यहां उच्च आय की लाभकारी संभावनाएं नज़र आती हैं. हालांकि, इस सोच के पीछे एक अन्य कारण देश में फैली बेरोज़गारी भी है. बदलते परीक्षा पैटर्न के साथ, आवेदकों की संख्या भी अनवरत बढ़ने के कारण एक अच्छे संस्थान में प्रवेश पाना कठिन होता जा रहा है. इसी स्थिति को सफलता की गारंटी के रूप में भुनाते हैं कोचिंग संस्थान. वास्तविकता तो यह है, प्रतिस्पर्धात्मक माहौल होने के कारण ये संस्थान बहुधा शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर ही विशेष ध्यान देते हैं. औसत छात्रों को संस्थानों से समायोजन करने में ख़ासी समस्याएं पेश आती हैं. मानसिक उथल-पुथल के साथ अनेक कठिनाइयों से जूझ रहे इन छात्रों को अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने से उनमें हीन भावना पनपने लगती है, जिसका सीधा असर उनकी शैक्षणिक क्षमता पर पड़ता है. गहराते तनाव के मध्य प्रेरणा व सकारात्मक संवाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें संस्थात्मक सहयोग के साथ अभिभावकों की व्यक्तिगत सहभागिता अनिवार्य हो जाती है. ऐसा न हो पाने की स्थिति में तनाव आत्मघाती रूप धारण कर सकता है. इसी संदर्भ में चिंता प्रकट करते हुए, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग सेंटर विनियमन, 2024 के अंतर्गत नए दिशा-निर्देश जारी किए. प्रस्तावित दिशा-निर्देशों में कोचिंग संस्थानों को भ्रामक वादों अथवा रैंक की गारंटी न देने, कोचिंग संस्थान में 16 वर्ष से कम आयुवर्ग के छात्रों को नामांकित नहीं करने आदि सहित छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता उपलब्ध कराने की बात भी कही गई. माता-पिता विभिन्न परिस्थितियों पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं, बच्चे का मानसिक स्वास्थ्य काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है. मानसिक तनाव से उबारने का एक अन्य शक्तिशाली उपकरण है. संस्थागत विशेषज्ञों द्वारा संचालित कार्यशाला, जो छात्रों को नियमित पाठ्यक्रम के साथ समस्या समाधान, संघर्ष, भावनात्मक बुद्धि तथा तनाव प्रबन्धन के एकीकरण के साथ समस्याओं की पहचान, प्रबंधन तथा समाधान में सहायक बनती है. शिक्षण केंद्रों में इनका आयोजन नियमित व अनिवार्य होना चाहिए. हितैषी होने के नाते बच्चे के स्वर्णिम भविष्य की कामना करना अनुचित नहीं है, लेकिन किसी भी क्षेत्र में दाख़िला दिलाने से पूर्व बच्चे की प्रतिभा का सही आकलन करना एवं उसकी रुचि-राय जानना अत्यावश्यक है.

> गहराते तनाव के मध्य प्रेरणा व सकारात्मक संवाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें संस्थात्मक सहयोग के साथ अभिभावकों की व्यक्तिगत सहभागिता अनिवार्य हो जाती है. ऐसा न हो पाने की स्थिति में तनाव आत्मघाती रूप धारण कर सकता है. इसी संदर्भ में चिंता प्रकट करते हुए, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग सेंटर विनियमन, 2024 के अंतर्गत नए दिशा-निर्देश जारी किए.

### मीडिया में अन्यत्र

## निर्यात और वैश्विक व्यापार की पहेली

**उतार-चढ़ाव** भरे व्यापारिक वर्ष के अंत में, फरवरी महीने के दौरान भारत का माल निर्यात 11.9 फीसदी बढ़ गया, जो कि पिछले 20 महीनों में हुई सबसे अच्छी वृद्धि है. कुल 41.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा बीते 11 महीनों में सबसे ज्यादा है और पिछले दो सालों में यह सिर्फ तीसरी मर्तबा है, जब भारतीय निर्यात ने 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार किया है. उल्लेखनीय है कि यह उछाल इस साल के पहले दस महीनों में 35.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के औसत निर्यात से काफी ज्यादा है और लाल सागर एवं सूखा प्रभावित पनामा नहर में व्याप्त व्यवधानों से जुड़ी चिंताओं के बीच आया है. लाल सागर और पनामा नहर के व्यवधानों ने इन महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों को अवरुद्ध कर दिया है और इसके चलते खेपों को ले जाने में लगाने वाले समय और लागत में बढ़ोतरी हो गई है. अब जबकि पिछले दो महीनों के व्यापार के आंकड़े यह बताते हैं कि भारत को अभी भी यूरोप और अमेरिका के प्रमुख बाजारों में पहुंचने में आने वाली रसद (लॉजिस्टिक्स) संबंधी चुनौतियों का पूरा असर महसूस नहीं हुआ है, लिहाजा इस किस्म का निष्कर्ष कुछ ज्यादा ही सरल साबित हो सकता है. यह सुखद है कि फरवरी के कुछ आंकड़े उन खेपों को दर्शाते हैं, जो शायद पहले भेजे गए थे और लंबे मार्गों का इस्तेमाल करके पिछले महीने ही अपने गंतव्य पर पहुंचे. अर्थशास्त्रियों का मानना है कि लंबित ऑर्डरों के पूरा होने और मांग में सुधार का संयुक्त असर हुआ है. हालांकि, ब्याज दरों के अभी भी ऊंची रहने के चलते वैश्विक मांग में वह उछाल नहीं दिख पाया है, जिसकी विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने 2024 में होने की उम्मीद की थी. डब्ल्यूटीओ को उम्मीद है कि 2023 में 0.8 फीसदी की गिरावट के बाद इस साल वैश्विक व्यापार में 3.3 फीसदी की बढ़ोतरी होगी. लेकिन उसके अपने हिसाब से, गुड्स ट्रेड बैरोमीटर नाम के पैमाने के आधार पर, चीजें अभी भी बेहतर नहीं हुई हैं. बीते 8 मार्च तक उक्त बैरोमीटर की रीडिंग महज 100.6 थी. इस बैरोमीटर पर 100 से ज्यादा की रीडिंग ऊपर की ओर रूझान वाले आयात-निर्यात (एक्जिम) की मात्रा को दर्शाती है. निर्यात के ऑर्डर का पैरामीटर जहां बस थोड़ा सा ही ऊपर चढ़कर 101.7 पर रहा, वहीं कंटेनर का लदान लुढ़क कर 98.6 पर आ गया. डब्ल्यूटीओ ने चेतावनी दी है कि 2023 के कमजोर आधार प्रभावों की वजह से 2024 की पहली तिमाही में कुछ मामूली बढ़त दिख सकती है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्षों और भू-राजनैतिक तनावों की वजह से ऐसी कोई भी बढ़त आसानी से बेपटरी हो सकती है. (द हिंदू)



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## जग/मग

**जब** घर मुहल्ला जगमग हो जाता है तो बहुत आनंद आता है. प्रकाश की महत्ता को कोई नकार नहीं सकता. आनंद तो उसी प्रकाश में है, जो अंधकार को दूर भगा कर उस स्थान को जगमग कर देता है. जगमग का मतलब है प्रकाशित, जिस पर रोशनी पड़ी हो, चमकीला, चमकदार, जो प्रकाश पड़ने पर चमकता हो, जहां बहुत से दीपक या चमकते पदार्थ हों. इस शब्द से अकर्मक क्रिया बनती है जगमगाना. मतलब किसी चीज का प्रकाश में चमकना, जगमग होना, प्रकाशित होना, दमकना, दीप्त होना, चमचमाना, वैभवयुक्त होना, शान दिखाना, मेधावी या प्रतिभावान होना. ऐसा ही संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है जगमगाहट. यह भाव वाचक संज्ञा है. मतलब जगमगाने की अवस्था या भाव, दमक, प्रकाश में होने वाली चमक, चमचमाहट. आप गौर करेंगे तो पायेंगे, जगमग शब्द के साथ दो शब्द सार्थक हैं-जग और मग, लेकिन आश्चर्य तब होगा, जब आप महसूस करेंगे कि जगमग न तो जग के अर्थ से मेल खाता है और न ही मग से. मतलब यह कि आपस में जुड़कर ये दोनों शब्द स्वतंत्र रूप से तीसरा अर्थ उत्पन्न कर देते हैं. जग तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है संसार, जगत, दुनिया, विश्व, चैतन्य, सृष्टि, संसृति, दुनिया के लोग. इसका अर्थ पानी भरने का लंबा पात्र भी होगा, जब यह अंग्रेजी की रोमन लिपि में जेयूजी के रूप में सामने आएगा. जग से तो बहुत सारे शब्द बने हैं, लेकिन उनमें मजेदार भाव पैदा करनेवाला शब्द जगजगाना. यह शब्द जब भी आपके होठों पर आएगा, वह अकेला नहीं होगा. उसके साथ होगी मधुर मुस्कान, आंखों में चमक और मन में पूरा विश्वास. वह इन तीनों के साथ आता है मन-प्राण को जगजगा देता है. दूसरा शब्द है मग. यह भी संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग ही है. मग को मार्ग, रास्ता, राह, शाकद्वीपीय ब्राह्मण, जो सूर्योपासक हैं, मगह क्षेत्र, मगध, मगध का निवासी, पिप्पली मूल के रूप में जानिए. इन सभी अर्थों में अपना सार्थक भाव है.

## सत्ता मिली न काम, हाय राम! हाय राम!

• तीर-तुक्का

डॉ. अशोक गौतम

दुनिया राकेट की चाल से आगे बढ़ रही है, मुझे क्या? उन्हें क्या? तो बढ़ती रहे. आ अब लौट चलें. उत्तर आधुनिक दुनिया में बहुत जी लिए. एक बंदे ने नहीं, पूरी पार्टी न मिल बैठ कर ये नतीजा निकाला है कि उन्हें अब लौट जाना चाहिए. डनलप के गद्दे उन्हें चैन नहीं दे पाए. बेकार नए के चक्कर में पड़ बुढ़िया गए. सत्ता मिली न काम. हाय राम! हाय राम!! वैसे भी भैया कहावत है कि नया नौ दिन तो पुराना सौ दिन. जहाज का पंछी लौट फिर जहाज पर आवै. आखिर उन्हें विश्वास हो ही गया कि ताजे टटके एजेंडे उन्हें जीत नहीं दिलवा सकते. या कि उन्हें ताजे टटके एजेंडे तोड़ने ही नहीं आते. ताजे एजेंडे उन्हें सांसद से सरकार नहीं बना सकते. और सांसद वही जो हर हाल में सरकार हो. हर वक्त लालकिले पर सवार हो. जिसे बस मंत्री पद का बुखार हो. इसलिए वे अब लौट चले. मुझमें तो इतना दिमाग बचा नहीं. पहले तो दिमाग को बीबी खा गई ,उसके बाद जो बचा था उसे बच्चों की फीस खा गई. जनता को सस्ते राशन की बात मंद. जनता को भय से मुक्त करवाने की बात में द्वन्द्व. जनता को भ्रष्टाचार से मुक्त करवाने की कसम में छंद. वे अब जान गए कि ये वे बातें हैं जो जीत हासिल नहीं करवा सकतीं, केवल उनका मन बहला सकती हैं. अब वे हर हाल में जनता को फुसलाने पर उतारू हैं. उन्होंने अबके जनता से बूढ़ा गला फाड़ फाड़कर कहा भी कि हे जनता! हमारे साथ आओ , महंगाई से सात जन्मों के लिए मुक्त हो जाओ. हे जनता, हमारे साथ आओ और भय युक्त निर्भय हो जाओ. हे जनता, हमारे साथ आओ और भ्रष्टाचार से छुटकारा पाओ. पर नहीं, जनता को कुछ भी उनका अच्छा न लगा. बरसों से इन सबके साथ आत्मीय संबंध स्थापित कर चुकी जनता क्या जाने इनसे मुक्ति का स्वाद! या पता नहीं, जनता हिंदी समझना भूल गई है. उसे हिंगलिश में कहते तो बात बनती. इन टीवी सीरियलों ने समाज का तो समाज का, हिंदी का हुलिया भी बिगाड़ कर रख दिया है. अब मंथन के बाद समझे ब्रदर! जीत हासिल करने के लिए खिचड़ी होते देश में हिंदू होना बहुत जरूरी है. उन्होंने मंथन के बाद मथ मथ कर मक्खन रूपी निष्कर्ष के रूप में यह सत्य निकाला कि जनता भय में निडर हो जी सकती है, कि जनता भूख में भी टीवी के पेट भरने वाले कार्यक्रम देखकर अपने आंसू आप चुपचाप पी सकती है, कि जनता भ्रष्टाचार में भी निराकार हो जी सकती है, पर बीस साल पुराने बासी मालपुए को खाए बिना वह एक भी वोट नहीं दे सकती.



# Her Story



होली के जायके

## कुछ मीठा, कुछ नमकीन



रानी प्रसाद

### गाजर के गुलाब जामुन



**यह चाहिए**
गाजरः 250 ग्राम लाल रंग के
चीनी : डेढ़ कटोरी
पानी : डेढ़ कटोरी
इलायची पाउडर : एक चम्मच,
शुद्ध घी : दो चम्मच
सूजी : एक कप
मिल्क पाउडर : 6 टेबल स्पून,
खाने वाला सोडा : एक चुटकी, तलने के लिए रिफाइंड ऑयल, दूध एक कप.

**ऐसे बनाएं**
सर्वप्रथम गाजर को छीलकर उसके छोटे-छोटे टुकड़े करें और मिक्सर के जार में थोड़े-थोड़े पानी के सहारे एकदम महीन पीस लें. इसमें थोड़े भी टुकड़े नहीं होने चाहिए. ध्यान रखने योग्य बात यह है कि गाजर बिल्कुल पतले पतले और सॉफ्ट होने चाहिए तभी यह गुलाब जामुन ज्यादा अच्छे तैयार होंगे. अब एक पैन में दो चम्मच शुद्ध घी डालकर इस गाजर के पेस्ट को पानी सूखने तक भूने. जब इसका पानी बिल्कुल सूख जाए तब इसमें एक कप दूध डाल दें और एक कप सूजी डाल दें. इसमें 6 चम्मच मिल्क पाउडर डाल दें और इसे धीमी आंच पर चलते रहें. थोड़ी देर में यह गुथे हुए आटे की तरह हो जाएगा. अब गैस ऑफ करके इसे थोड़ा सा ठंडा होने दें. एक दूसरे पैन में चीनी और पानी डालें. पानी घुलने तक उसे पकाएं. इसमें इलायची का पाउडर भी डाल दें. हमें चीनी की चासनी में किसी तार की जरूरत नहीं है. थोड़ा सा चिपचिपापन आ जाने से यह चाशनी तैयार हो जाती है. हाथ में थोड़ा सा घी लगाकर गाजर के मिश्रण को में एक चुटकी खाने वाला सोडा डालकर हाथों से मसले और उसे चिकने चिकने बॉल का रूप दे दें. ध्यान रहे इसमें किसी भी तरीके का क्रैक नहीं आना चाहिए. जब यह सारे बॉल तैयार हो जाएं तब एक कढ़ाही में रिफाइंड डालकर मध्यम आंच पर इन्हें तले और गरम चासनी में डाल दें. आधे घंटे में यह गुलाब जामुन खाने लायक हो जाएंगे.

### अंगूर का मिल्क शेक



**यह चाहिए**
हरे वाले अंगूर : 250 ग्राम
चीनी : 100 ग्राम
दूध : आधा लीटर
मलाई : दो बड़े चम्मच
कटे हुए मेवे गार्निश करने के लिए.

**ऐसे बनाएं**
सबसे पहले अंगूर को अच्छी तरह धोकर एक पैन में चीनी और आधा कप पानी मिलाकर धीमी आंच पर उबलने के लिए छोड़ दें.15 मिनट में यह अंगूर सॉफ्ट हो जाएंगे तब इन्हें ठंडा करके मिक्सर के जार में पीस ले. पीसने के बाद इन्हें छननी से छान कर अंगूर के मोटे टुकड़ो को हटा दें. अब हॉफ लीटर दूध और मलाई डालकर इस मिश्रण को मिक्सर के जार में डालकर अच्छी तरह चला दे. बर्फ के टुकड़े और कटे हुए मेवे के साथ इस सर्व करें.

### चूड़ा या पोहा के कटलेट



**यह चाहिए**
चूड़ा : दो कप
मध्य साइज के उबले आलू : तीन
प्याजः आधा कप महीन कटा हुआ
गाजरः घिसा हुआ आधा कप
शिमला मिर्च : महीन कटा हुआ आधा कप
उबले हुए मटर : आधा कप
धनिया : बारीक कटी हुई आधा कप
अदरक लहसुन का पेस्ट : दो चम्मच
चाट मसाला : दो चम्मच
नमक : स्वाद अनुसार
भूना हुआ जीरा पाउडर : एक चम्मच
लाल मिर्च पाउडर : एक चम्मच
अमचूर : एक चम्मच
ब्रेड क्रम्स : आधा कप
अरारोट पाउडर : दो चम्मच
मैदा : दो चम्मच
तलने के लिए तेल

**ऐसे बनाएं**
सबसे पहले चूड़ा को अच्छी तरह से धो लें और इसे 5, 6 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें ताकि इसका पानी सूख जाए उसके बाद आलू को अच्छे से मसल लें. अब इन आलुओं को चूड़ा में अपने हाथों से मसल मसल कर मिला दे. तत्पश्चात इसमें प्याज गाजर शिमला मिर्च धनिया के पत्ते अदरक लहसुन का पेस्ट नमक भुना हुआ जीरा पाउडर लाल मिर्च का पाउडर आमचूर और उबले हुए मटर को अच्छी तरह मिला दे. मिलाने के बाद इनको टिक्कियों का शेप दें. अब कॉर्न फ्लोर और मैदा को एक कटोरी में थोड़ा सा नमक डालकर पानी की सहायता से पतला घोल तैयार करें और इन टिक्कियों को इस मैदा वाले घोल में डालें और उसके बाद इसे ब्रेड क्रंब्स में डालें और प्लेट पर निकल लें. इस तरह सारी टिक्कियों को एक साथ तैयार कर ले और आधे घंटे के लिए फ्रिज में सेट होने के लिए रख दें आधे घंटे के बाद इन टिक्कियों को गर्म तेल में या रिफाइंड में तल लें. ध्यान रहे आंच बहुत तेज नहीं होनी चाहिए और बहुत धीमा भी नहीं . यह टिक्कियां फ्रिज में बनाकर एक हफ्ते तक रखी जा सकती हैं और जब खाने का मन हो तब इन्हें तलकर खाया जा सकता है.

रंग-गुलाल, पकवान, लोगों से मिलना और भरपूर मस्ती... यही तो है होली की रौनक. लेकिन रंग-गुलाल का इस्तेमाल कई बार हमारी त्वचा और बालों के लिए परेशानी का कारण बना है. एक्सपर्ट से जानिए होली से पहले क्या करें और क्या नहीं करें ताकि इसकी रंगीनी मधुर याद बन कर दिल में सालों साल संजोई रहे.



डॉ सरोज राय
डर्मेटोलॉजिस्ट कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# खुशनुमा हैं ये रंग

## होली से तुरंत पहले यह नहीं करें

किसी तरह का स्किन ट्रीटमेंट अब होली के बाद ही लें. स्किन ट्रीटमेंट या फेशियल जिसमें त्वचा का एक्सफोलिकेशन होता है या त्वचा की ऊपरी परत की पीलिंग होती है, वह होली के पहले कराने पर समस्या हो सकती है. दरअसल फेशियल के बाद त्वचा थोड़ी संवेदनशील यानि सेंसेटिव हो जाती है. यह संवेदनशीलता कुछ दिनों तक बरकरार रहती है. होली के कुछ रंग त्वचा पर बुरा असर डाल सकते और इसके गंभीर प्रभाव हो सकते. बालों को रंगने या स्ट्रेटेनिंग का काम भी अभी टालें. पुरुषों को सलाह दी जाती है कि होली से एक दिन पहले शेविंग नहीं करें. होली के हफ्ते भर पहले से ही इरिटेंट या पीलिंग स्किन प्रोडक्ट जैसे रेटिनॉल, ग्लाइकोलिक एसिड आदि का उपयोग नहीं करें. इससे रंग त्वचा पर खराब प्रभाव डालेंगे.

## होली से पहले बालों की देखभाल

सूखे बाल अधिक रंग और पानी सोखेंगे. इसलिए अपने बालों की ऑयलिंग और कंडिशनिंग जरूर करें. होली खेलने से एक रात पहले बालों में तेल लगाना बालों को सुरक्षा कवच सा दिलाएगा. सिर की त्वचा को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए होली से पहले पानी, नारियल पानी, फलों का रस आदि खूब लें. बालों की जड़ में बचाव के लिए सीरम या कंडिशनर जरूर लगाएं. खोपड़ी में नारियल तेल लगाकर भी रंगों को बालों की जड़ों तक जाने से रोक सकते हैं. बालों को बांध कर रंगीन स्कार्फ से उन्हें कवर करना भी एक बढ़िया विकल्प है. होली खेलने के बाद अपने बालों को ठंडे पानी से धोएं क्योंकि गर्म पानी से रंग जम सकता है. रंग साफ करने के लिए माइल्ड शैम्पू का उपयोग करें. घरेलू उपाय अपनाना चाहते हैं तो थोड़े से दही में कुछ बूंद रोजमेरी एसेंशियल ऑयल मिलाकर सिर की त्वचा पर हल्के हाथों से लगाएं. 30 मिनट बाद पानी से धो लें. एक मसले केला में कुछ बूंद शहद और थोड़ा दूध मिला कर इस पेस्ट को भी बालों में लगाया जा सकता है. यह न केवल बालों की गंदगी और रंग की सफाई करेगा, बल्कि सिर की त्वचा और बालों की डीप कंडिशनिंग भी करेगा.



## होली खेलने के बाद

होली खेलने के बाद रंगों की सफाई के लिए खूब नहाने से बचें. रंगों को सूखने दें. फिर इन्हें हल्के से त्वचा से झाड़ कर हटाएं. इसके बाद नारियल या कोई और तेल का लेयर लगाएं और दस मिनट के लिए यूं ही छोड़ दें. यह प्रक्रिया रंग को छुड़ाने में मददगार होगी. न तो तेज साबुन का इस्तेमाल करें और न घरेलू नुस्खों में नींबू जैसी सामग्रियों का. इससे त्वचा का पीएच बैलेंस बिगड़ सकता है. किसी मॉइश्चराइजिंग सोप की मदद से भी रंग छुड़ा सकते हैं. सफाई की प्रक्रिया के बाद थोड़ी-थोड़ी देर पर मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं. गर्म पानी से नहीं नहाएं क्योंकि इससे त्वचा और सूखी और इरिटेडेड हो जाएगी. सफाई के बाद फिर त्वचा पर भरपूर मॉइश्चराइजर लगाएं.
घरेलू उपाय अपनाना चाहते हैं तो एक छोटे चम्मच बेसन में दो बड़े चम्मच दूध मिला कर पेस्ट बनाएं. इसमें लेवेंडर एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे मिलाएं. इस पेस्ट को पूरे शरीर पर लगाएं और तब नहाएं. थोड़ा गुनगुना ऑलिव ऑयल भी रंग छुड़ाने के लिए लगाया जा सकता है. लगाने के बाद सॉफ्ट कॉटन कपड़े से हल्के हाथों से रगड़िए. फिर करीब 30 मिनट तक यूं ही रहने दें. दही में बेसन और दूध मिला कर त्वचा में लगाएं. इससे रंग छूटने के क्रम में रफ हुई त्वचा थोड़ी मुलायम भी होगी. होली की सफाई और बाद के एक हफ्ते तक कम से कम त्वचा की नमी लौटाने के लिए कुछ उपाय अपनाएं. चेहरे पर गुलाबजल का स्प्रे दिन में दो-तीन बार करें. स्प्रे करने के बाद इसे यूं ही थोड़ी देर रहने दे. दिन भर में तीन-चार बार रिच मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें. पानी, नारियल पानी, ताजे फलों का रस आदि का अधिक सेवन करें.




## होली खेलने से पहले त्वचा की देखभाल

अपनी त्वचा में अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर लगाएं जिससे त्वचा मुलायम और नमीयुक्त रहे. इससे आपकी त्वचा रंग चिपकने से बचेगी और उन्हें हटाना भी आसान होगा. नमी की वजह से त्वचा को जो नुकसान पहुंची है, उसकी भरपाई भी हो सकेगी. अक्सर होली हम घरों के बाहर ही खेलते हैं. इसलिए कम से कम 30 एसपीएफ का सनस्क्रीन चेहरे और शरीर के खुले भागों पर लगा कर ही होली खेलने बाहर जाएं. इतना ही नहीं, भींगने या पसीने आने पर हर दो घंटे पर इसे वापस अपने चेहरे, हाथों, गले, पैरों आदि में लगाएं. नारियल तेल की जगह वैसलीन भी लगा सकती हैं. सूखी त्वचा के लिए रोजहिप ऑयल लगाने के बाद चेहरे पर सनस्क्रीन लगाएं. ऑयली स्कीन है तो ऑर्गेन ऑयल और उसके बाद सनस्क्रीन लगाएं. सेंसेटिव स्कीन है तो बैरियर रिपेयर क्रीम लगाएं. अगर त्वचा पर बड़े एक्ने व मुहांसे हैं तो होली खेलने से ठीक पहले एक्ने पैचेज लगाएं जो मार्केट में उपलब्ध हैं. खेलने जाने से पहले आंखों पर एक बेहतर सनग्लास पहनें. इससे आंखों का बचाव होगा. अगर स्किन एलर्जी या रैशेज की समस्या आपके लिए आम है तो होली से एक दिन पहले ही रात में एक एंटीएलर्जिक टेबलेट लेना बेहतर रहेगा. इससे एलर्जी, खुजलाहट आदि की समस्या नहीं रहेगी.

होली की ड्रेस

## कलर, फैब्रिक, प्रिंट और कट में ये हैं ट्रेंडी



अनामिका सिंह
फैशन डिजाइनर

इस मौसम के लिए सबसे मुफीद फैब्रिक है कॉटन, मलमल, खादी कॉटन, साटिन कॉटन, रेयॉन आदि. होली के लिए फैशन ट्रेंड में पारंपरिक और ढीली ड्रेसेज हैं. चिकनकारी सूट इस मौसम और अवसर के लिए ऑलटाइम सदाबहार है. पेस्टल शेड्स में ए लाइन कुर्ती ट्रेंड में है. लाइट पर्पल, पिंक, क्रीम, पिस्ता ग्रीन, लेमन यलो और व्हाइट सबसे ट्रेंडी कलर हैं. ए लाइन विद पैंट्स, सलवार सूट विद अफगानी सलवार, धोती सलवार, ट्यूलिप पैंट्स विद कुर्ती भी ट्रेंड में हैं.
गर्मी के मौसम में ब्लॉक प्रिंट्स, बंधेज, बगरू प्रिंट, सांगानेरी प्रिंट, जयपुरी प्रिंटेड सूट पसंद किया जाता है. लूज कुर्ती, शर्ट कॉलर कुर्ती, अंगरखा कुर्ती विद चूड़ीदार, एम्ब्रॉयड्री वाले सूट भी खूब पसंद किए जाते हैं.





होली के खुशनुमा रंग बयां करते पंजाब के फुलकारी सूट्स भी इस मौसम में बहुत खूबसूरत लुक देते हैं.



ए लाइन कुर्ती के संग सिगरेट पैंट और बनारसी दुपट्टा को को-ऑर्डिनेट कर हेवी पार्टी लुक क्रिएट किया जा सकता है. कुर्ती के लिए सिल्क या सैटिन का फैब्रिक उपयोग में लें.



कमलजीत कौर
ब्यूटी एक्सपर्ट

मोहल्ले की धमाल हो या सोसायटी में रंगों की बौछार, सुंदर और गॉर्जियस दिखने की ख्वाहिश किसे नहीं होती. आइए, होली मेकअप के लिए लें एक्सपर्ट से सलाह ताकि आपका मेकअप लुक तो बेहतर करे ही, साथ ही रंगों से बचाव के लिए एक प्रोटेक्टिव लेयर सा भी तैयार कर दे-

## फ्रेश और गॉर्जियस लुक

### प्राइमर

त्वचा साफ करने और मॉइश्चराइजर-सनस्क्रीन लगाने के बाद चेहरे पर प्राइमर की लेयर लगा सकते हैं. ल्यूमिनाइजिंग प्राइमर का इस्तेमाल करें. यह आपकी त्वचा को चमक देगा और स्किन पर लगने वाले गुलाल से बचाएगा.

### फाउंडेशन बेस

प्राइमर लगाने के बाद अपने चेहरे पर फांउडेशन की मोटी परत लगाएं ताकि त्वचा गुलाल के नुकसान से मुक्त रहे. फाउंडेशन लगाने से स्किन के छोटे छिद्र बंद हो जाएंगे, इससे रंग-गुलाल के कैमिकल त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे.
रोज पाउडर- चेहर पर प्राइमर और फाउंडेशन लगाने के बाद रोज पाउडर लगाएं. ताकी फाउंडेशन की परत आसानी से सुख जाए और सेट हो जाए.

### आई मेकअप

होली मेकअप में काजल, लाइनर या मस्कारा, इन तीनों से दूर रहें तब ही बेहतर है. ये आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं.

### लिपस्टिक


होंठो पर मॉइश्चराइजर लगा कर गहरे रंग की लिपस्टिक लगाएं. इससे आपके चहरे को फ्रेश लुक मिलेगा. होली की तैयारी और पकवान बना कर थक चुकी हैं, तो भी ब्राइट लिपिस्टिक से बेहतर लुक मिलेगा.

### हेयर स्टाइल

बालों को सिर के ऊपर जूड़ा बांधे या पोनी करें. हेसरस्टाइल ऐसा हो जिससे रंग आपके सिर में न जाएं. होली खेलने के दौरान बालों को बचाकर खेले.

### मेकअप रिमूव

पार्टी या होली समारोह खत्म होने के बाद मेकअप रिमूव जरूर करें. ताकी आपके स्किन साफ हो सके और अंत में चेहरे को अच्छी तरह मॉइश्चराइज करें.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

आईपीएल : 17वें सीजन में छठे खिताब के लिए 22 को अपने अभियान की शुरुआत करेगी चेन्नई

# धौनी की रणनीति और ऑलराउंडर्स की भरमार से चेन्नई सुपर किंग्स मजबूत

**आकर्ष अनिकेत । रांची ।** 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत होने जा रही है. आईपीएल के 17वें सीजन में अपने छठे खिताब पर नजर गड़ाये बैठी गत चैंपियन चेन्नई सपुर किंग्स (सीएसके) की टीम शुक्रवार को अपने अभियान की शुरुआत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी. सीएसके की सबसे बड़ी ताकत महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी है. धौनी रणनीति बनाने में काफी माहिर हैं. धौनी को ऑलराउंडर्स काफी पसंद हैं और इस बार सीएसके की टीम में नौ ऑलराउंडर्स हैं. ऑलराउंडर्स की भरमार व धौनी की रणनीति सीएसके के लिए इस सीजन काफी अहम साबित हो सकती है. हालांकि डेवोन कॉन्वे और मथीश पथिराना का चोटिल होना टीम की मुश्किलें बढ़ा रहा है.

**1** 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से भिड़ेगी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम

**2** चेन्नई के पास है ऑलराउंडर्स की भरमार, टीम में कुल नौ ऑलराउंडर्स हैं

**3** चोटिल होने के कारण आईपीएल के आधे सीजन से बाहर रहेंगे डेवोन कॉन्वे

**4** रचिन रविंद्र या डेरिल मिचेल में से एक कर सकते हैं चेन्नई के लिए ओपनिंग



### चेन्नई का मजबूती पक्ष

- **बल्लेबाजी :** चेन्नई के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है. ओपनर ऋतुराज गायकवाड पिछले तीन सीजन में 1593 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 11 अर्धशतक शामिल है. पिछले सीजन उनका स्ट्राइक रेट 147.50 का था. उनके जोड़ीदार रचिन रवींद्र या डेरिल मिचेल बन सकते हैं. रचिन पिछले साल विश्व कप में अपनी बैटिंग का जौहर दिखा चुके हैं. वहीं मिचेल विस्फोटक बल्लेबाज हैं, जिनका इस्तेमाल धौनी ओपनर के रुप में कर सकते हैं, तीसरे नंबर पर अंजिक्य रहाणे हैं, जिन्होंने पिछले सीजन 172.49 के स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाए थे. मिडिल ऑर्डर में मोईन अली, रविंद्र जडेजा, धौनी, समीर रिजवी व शिवम दुबे जैसे नाम हैं. लोअर ऑर्डर में भी शार्दूल ठाकुर व दीपक चाहर जैसे बल्लेबाज हैं.



- **ऑलराउंडर्स :** ऑक्शन के बाद चेन्नई के पास काफी ऑलराउंडर्स हो गए हैं. ऑक्शन में चेन्नई ने डेरिल मिचेल, शार्दुल ठाकुर व रचिन रवींद्र जैसे ऑराउंडर्स खरीदे हैं, जिससे अब टीम में कुल नौ ऑलराउंडर्स हो गए हैं.

### चेन्नई का कमजोरी पक्ष

- **ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों की कमी :** चेन्नई की टीम में पांच ही प्रमुख बल्लेबाज हैं, जिसमें कॉन्वे चोट के कारण आधे सीजन से बाहर हो गए हैं. गायकवाड के साथ ओपनिंग के लिए नयी जोड़ी को तैयार करना होगा, जो टीम की मुश्किलें बढ़ा सकती है.

**धारदार तेज गेंदबाजों की कमी :** मुस्तफिजुर और शार्दूल के रूप में चेन्नई ने दो नए तेज गेंदबाज खरीदे, लेकिन टीम में धारदार तेज गेंदबाज नहीं हैं. बाकी टीमें जहां मिचेल स्टार्क, जसप्रीत बुमराह, कगिसो रबाडा और पैट कमिंस जैसे पेसर के साथ उतरेंगी. वहीं चेन्नई का यह पक्ष इस सीजन भी कमजोर ही रहेगा.

**अंतिम एकादश में विदेशी खिलाड़ियों को फिट करने की चुनौती :** अंतिम एकादश में चार ही विदेशी खिलाड़ी शामिल किए जा सकते हैं. मौजूदा स्थिति में तीक्षणा, रचिन व मुस्तफिजुर/पथिराना में तीन विदेशी खिलाड़ी का खेलना तैय लगा रहा है, लेकिन मोईन अली और डेरिल मिचेल में से कोई एक खिलाड़ी ही खेल पाएगा. साथ ही सैंटनर जैसे खिलाड़ी को भी ज्यादातर मैच में बेंच पर ही बैठना पड़ेगा.

## ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं झारखंड के कुशाग्र

**भाषा । विशाखापत्तनम**



- कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं
- दिल्ली कैपिटल्स ने कुशाग्र को 7.2 करोड़ में खरीदा था
- फिलहाल पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं कुशाग्र

दिल्ली कैपिटल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज झारखंड के कुमार कुशाग्र के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना ही सपना साकार होना था. अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं. झारखंड के बोकारो के 19 साल के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाये हैं. इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं. उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ रुपये में खरीदा था. कुशाग्र ने कहा कि मैं पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं. मुझे इतने सारे बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा. मेरा उद्देश्य टीम के लिए मैच जीतना होगा. उन्होंने कहा कि मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मेरे खेल के लिए काफी कुछ गुर दिये. वह एक हाथ से शॉट लगा रहे थे और छक्के जड़ रहे थे. वह गेंद अच्छी तरह हिट कर रहे थे, उम्मीद है कि हम दोनों मिलकर दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच जीतेंगे. सुमित को तीन साल के इंतजार के बाद आईपीएल अनुबंध मिला और इस 28 साल के इस खिलाड़ी ने 2019 में हरियाणा में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था. वहीं 27 वर्षीय भुई को लगता है कि वह सही समय पर लय में आ रहे हैं जो पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं. उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि घरेलू मैदान में मुझे आईपीएल खेलने को मिलेगा. मैं यहां की परिस्थितियों से वाकिफ हूं.

## रोहित ने हार्दिक व बुमराह का भरपूर समर्थन किया : पार्थिव

**भाषा । मुंबई**



- पार्थिव ने रोहित की कप्तानी की तुलना धौनी से की
- पार्थिव ने कहा– तनावपूर्ण मैच में गलती नहीं करते हैं रोहित

पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को कहा की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका पूरा समर्थन किया था. पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी से की. उन्होंने कहा कि मुंबई के क्रिकेटर ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने आईपीएल में अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की. पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने (रोहित) हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया. इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं. बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था. उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा. पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ. वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया. 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा. इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की. उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं, तो रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की.

### ब्रीफ खबरें

#### क्वार्टरफाइनल में पहुंची मणिपुर की टीम

**पुणे ।** हॉकी मणिपुर ने मंगलवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के पूल जी मैच में उत्तराखंड को 11-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया. कर्नाटक ने पूल जी के एक अन्य मैच में दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 13-0 से हरा दिया. मंगलवार को ग्रुप चरण का समापन हुआ. सभी क्वार्टरफाइनल 20 मार्च को होंगे जिसमें पहले मध्य प्रदेश का सामना बंगाल से होगा.

#### ससेक्स की तरफ से खेलेंगे उनादकट

**होव ।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स की तरफ से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे. भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले 32 वर्षीय उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे. उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी.

## आईपीएल के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे सूर्यकुमार यादव

**भाषा । मुंबई**



**खास बातें**

- एनसीए से सूर्य को अब तक नहीं मिली है फिटनेस मंजूरी
- 24 मार्च को गुजरात से भिड़ेगी मुंबई की टीम

स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से फिटनेस मंजूरी मिलना बाकी है, जिससे निश्चित है कि वह 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुंबई इंडियंस के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मैच में नहीं खेल पायेंगे. दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी के बाद उबरने और 'रिहैबिलिटशेन' के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए में थे. दिसंबर से क्रिकेट से बाहर रहे सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया लेकिन पीटीआई को लगता है कि इस 33 साल के खिलाड़ी के फिटनेस के आकलन की जरूरत है. मुंबई इंडियंस के 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, एक अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ और सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में उनकी भागीदारी बाद में तय की जायेगी. सूर्यकुमार ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक अस्पष्ट संदेश पोस्ट किया जिसमें 'दिल टूटने वाली इमोजी' बनी हुई थी.

## आईपीएल में पहले तीन मैच नहीं खेलेंगे वानिंदु हसरंगा



**कोलंबो ।** ऑल राउंडर वानिंदु हसारंगा को 22 मार्च से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है, जिससे वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कम से कम पहले तीन मैच नहीं खेल पायेंगे. हसारंगा श्रीलंका के लिए चार टेस्ट मैच खेल चुके हैं और उन्होंने पिछले साल अगस्त में सफेद गेंद के क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी. लेकिन मंगलवार को इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को श्रीलंका की 17 सदस्यीय टीम में चुना गया. पहला टेस्ट 22 से 26 मार्च तक सिलहट में और दूसरा टेस्ट 30 मार्च से तीन अप्रैल तक चटगांव में खेला जायेगा.

## विनेश व साक्षी ने पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

**नयी दिल्ली ।** महिला पहलवान विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह किया. उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कड़ी निंदा की. इन दोनों पहलवानों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है. यह दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में शामिल थीं, जिन्होंने बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था. अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्विंदियों के भाषणों का जवाब देने के लिए "महिला शक्ति" का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं. नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए. महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है.

## टेनिस : मियामी ओपन में पदार्पण मैच में जीते भारत के नागल

- नागल में कनाडा के गैब्रियल को सीधे सेटों में हराया
- एकतरफा मुकाबले में 7–6, 6–2 से जीते नागल

**भाषा । नयी दिल्ली**



भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में हराकर शानदार शुरुआत की. नागल ने धैर्य और जज्बा दिखाया और क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया. पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे. नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा. उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी. इस जीत से नागल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं. नागल ने राफेल नडाल के अंतिम अवसर पर हटने के कारण अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी, लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे. इस भारतीय खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी. अपने इस प्रदर्शन के दम पर उन्हें एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने में मदद मिली थी.

**क्रिकेट** लगभग एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू

## आईपीएल से टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद: सिद्धू

**भाषा । नयी दिल्ली**

**होगी वापसी**

- राजनीति में व्यस्तता के कारण कमेंट्री से दूर हो गए थे सिद्धू
- सिद्धू ने कहा– आईपीएल पर टिकी रहेंगी दुनिया की नजरें

इंडिया प्रीमियर लीग के जरिए लगभग एक दशक बाद पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे. सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी. सिद्धू ने कमेंट्री में अपनी खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे.

अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने के लिए तैयार हैं. आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा. सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा. इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा. दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी. इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं.



### सिद्धू ने किया विराट व रोहित का समर्थन

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी–20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है. सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी. वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं. फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है. सिद्धू ने कहा कि मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है. उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं. तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने कि उनकी क्षमता अद्भुत है. यही बात रोहित पर भी लागू होती है. सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले साल वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में उन्होंने बहुत अच्छा खेल दिखाया. केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा. एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं किया जा सकता है.

#### लंबे समय तक राज करेगी भारतीय टीम

सिद्धू ने कहा कि मेरा मानना है कि भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है. सिद्धू ने कहा कि हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में बनाए रखा जाता था क्योंकि उसकी जगह लेने के लिए कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था. अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है. यह रोहित के लिए अपमानजनक नहीं है बल्कि यह एक सोची समझी प्रक्रिया है.

## विराट कोहली की उपलब्धि उल्लेखनीय है : स्मृति मंधाना

**भाषा । नयी दिल्ली**



स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा. मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि पुरुष टीम पिछले 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही. इस दौरान लगभग एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे. मंधाना ने मंगलवार को कहा कि खिताब अलग चीज है लेकिन उन्होंने (कोहली) देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है. इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है. उन्होंने कहा कि मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है. वह प्रेरणादायी व्यक्ति रहे हैं. एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है. हम सभी उनका सम्मान करते हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### पिकअप वैन पलटने से 25 लोग घायल

**जमुई।** जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसे में दो दर्जन लोग घायल हो गये. चंद्रमंडीहा के बटिया घाटी के पास एक पिकअप वैन दस फीट गड्ढे में गिर गई. घटना में पिकअप वैन पर सवार 25 लोग घायल हो गये. घायलों में 13 लोगों की हालत गंभीर है. वैन देवघर से पांच बच्चों का मुंडन संस्कार कर वापस जा रही थी. पिकअप वाहन में बांस-बल्ले से डबल छत बना हुआ था. जिसमें 40 लोग सवार थे. चिरण पुल के पास घुमावदार मोड़ होने के कारण पिकअप का आगे का एक चक्का खुल गया.

### नंदना गैस कांड के पीड़ित को मिला मुआवजा

**मुजफ्फरपुर।** जिले के चर्चित नंदना गैस कांड में पीड़ित को मुआवजा मिल गया. इस मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग की पहल पर बिहार सरकार के आपदा कोष से पीड़ित को 16 लाख रुपये का मुआवजा मिला. पीड़ित अशोक साह ने इसकी जानकारी दी. बता दें कि 2021 में 13 सितंबर को जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी अशोक साह के घर पर खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर विस्फोट हो गया था. इससे अशोक का पूरा परिवार जलकर खत्म हो गया. इसमें अशोक की पत्नी शोभा देवी, पुत्री दीपांशी कुमारी, पुत्र अजीत कुमार और विवेक कुमार बुरी तरह से जल गए थे.

### दो हजार लीटर देसी शराब की गयी नष्ट

**भागलपुर ।** होली त्योहार को देखते हुए एसएसपी के द्वारा बनाए गए टीम ने नाथनगर के दियारा इलाके में स्थानीय पुलिस एवं एसटीएफ के संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया. छापामारी अभियान के दौरान पुलिस ने दो हजार लीटर देसी शराब को जब्त कर नष्ट कर दिया. पुलिस ने मौके से तीन भट्ठी को भी नष्ट किया. मंगलवार को सिटी एसपी राज ने बताया कि आगामी होली को लेकर लगातार शराब माफिया पर नकेल कसी जा रही है. सिटी एसपी के द्वारा बनाए गए टीम ने मंगलवार को नाथनगर के दियारा इलाके में छापेमारी अभियान चलाया.

## पशुपति के महागठबंधन में जाने की चर्चा पर विजय सिन्हा बोले

# महागठबंधन है डूबती नाव

**संवाददाता। पटना**

**पारस परेशान**

- भाजपा सबका साथ और सबका विकास करती है
- भाजपा पुराने का सम्मान और नए का स्वागत करती है





लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही बिहार में नेताओं की रणनीति बदलनी शुरू हो चुकी है. जिन्हें किसी गठबंधन में सीट को लेकर संतुष्टि है वे स्थिर हैं, लेकिन जो असंतुष्ट हैं, उनके तेवर बदल रहे हैं. इसी में आरएलजेपी के अध्यक्ष पशुपति पारस हैं. एनडीए के सहयोगी रहे पशुपति ने मोदी कैबिनेट के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया.

उन्होंने कहा कि उनके और उनकी पार्टी के साथ अन्याय हुआ है. वो लंबे वक्त से ईमानदारी से एनडीए की सेवा करते आए हैं. लेकिन जिस तरह बिहार में सीट बंटवारे में उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली है. उससे वो आहत हैं. इसी नाराजगी के चलते केंद्रीय मंत्री से इस्तीफा दे दिया. पारस के इस फैसले पर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास करती है. युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाती है. हमारी पार्टी पुराने का सम्मान और नए का स्वागत करती है. पशुपति पारस को पता है कि उनका सम्मान सिर्फ एनडीए में ही है.

विजय सिन्हा ने कहा कि अभिभावकों का युवाओं को आशीर्वाद मिलते रहना चाहिए. एनडीए में पुराने का सम्मान और नए का स्वागत है. पशुपति पारस देर सबेर एनडीए के साथ ही रहेंगे. पीएम मोदी उन्हें सम्मान देते रहे हैं. क्योंकि उन्हें पता है कि राजद नेतृत्व वाला महागठबंधन डूबती नाव है. जिसमें बैठकर कोई भी राजनीतिक आत्महत्या नहीं करेगा.

पूरे देश और बिहार में मोदी लहर चल रही है. सब चाहते हैं भ्रष्टाचार मुक्त भारत बने, चार जातियों का विकास हो, महिलाओं, गरीबों को उनका हक मिले. वहीं अगर पशुपति पारस के अकेले चुनाव लड़ते हैं तो इस सवाल पर उन्होंने कहा कि मालिक जनता है, जनता निर्णय लेती है. नेता के आने-जाने से फर्क पड़ता तो बहुत लीडर चुनाव के वक्त इधर-उधर जाते हैं. लेकिन जनता मन बना चुकी है कि राष्ट्र का जिसने सम्मान बढ़ाया है. 140 करोड़ जनता जिसका परिवार है. उसका आशीर्वाद पहले भी मिलता आया है. अब आगामी लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा. दरअसल बिहार में एनडीए के सीट बंटवारे में युवा चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) को पांच सीटें मिली हैं. इनमें से चार सीटें वहीं हैं. जिनके सांसद पारस की पार्टी के हैं. वहीं पारस खाली हाथ रह गए हैं. बीजेपी के इस फैसले से माना जा रहा है युवा चिराग पर भरोसा जताया गया है. वहीं सीटों के मामले में पशुपति पारस को साइडलाइन कर दिया गया है.

### पशुपति पारस का हम सबसे पहले वेलकम करेंगे: तेज प्रताप



बिहार में एनडीए में पहले सीटों के बंटवारे को लेकर पेंच फंसा था और अब जब इस पर निर्णय हो गया तो पार्टी से जुड़े नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी है. ना सिर्फ नाराजगी बल्कि पार्टी से नेता साथ भी छोड़ रहे हैं. मंगलवार को मोदी कैबिनेट में मंत्री रहे पशुपति पारस ने एनडीए का साथ छोड़ दिया. वजह साफ है कि वह जो चाहते थे उन्हें नहीं मिला. पशुपति पारस अब महागठबंधन के साथ जाते हैं क्या करते हैं इस पर वह निर्णय लेंगे लेकिन इस मामले पर तेज प्रताप यादव ने अपनी बात कह दी. तेज प्रताप ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पशुपति पारस का हम सबसे पहले वेलकम करेंगे. एनडीए को छोड़कर उन्होंने बहुत अच्छा किया है. तेज प्रताप ने कहा कि बीजेपी में नाइंसाफी होती है. पशुपति पारस के साथ नाइंसाफी हुई. जिसके बाद उन्होंने सही फैसला लेते हुए मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने कहा कि उनका महागठबंधन में स्वागत है. अगर वह महागठबंधन की तरफ से चुनाव लड़ते हैं तो महागठबंधन को इससे काफी फायदा मिलेगा. कहा कि उन्हें बहुत पहले ही पार्टी को छोड़ देना चाहिए था. इस दौरान उन्होंने भाजपा को भी निशाने पर लिया. तेज प्रताप ने कहा कि मेरी भविष्यवाणी है 2025 में भारतीय जनता पार्टी खत्म है. बताया जा रहा है कि पशुपति पारस इस्तीफे के बाद जल्द बड़ा एलान कर सकते हैं.

### रास्ते के विवाद को लेकर फायरिंग में पत्नी घायल

**मोतिहारी।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के अगरवा मोहल्ले में रास्ता के विवाद को लेकर फायरिंग में दंपती जख्मी हो गये. जख्मी दंपती को इलाज के लिये निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया. जख्मी दंपती मधुरंजन वर्मा व उनकी पत्नी सरिता देवी हैं. मधुरंजन को बांह में गोली लगी है वहीं उनकी पत्नी को सीने में गोली लगी है. गोली अभी निकाली नहीं जा सकी है. डॉक्टरों ने महिला की स्थिति को चिन्ताजनक बताया है. एएसपी शिखर चौधरी का कहना है कि जख्मी दंपती का पड़ोसी पर रास्ता विवाद को लेकर गोली मारने का आरोप लगा है. आरोपित की घर में छापेमारी कर पुलिस ने दोनाली बंदूक और तीस कारतूस बरामद की है. बरामद बंदूक की जांच की जा रही है कि लाइसेंसी है या गैर लाइसेंसी है. आरोपित गिरिजा शंकर गुप्ता घर से फरार है. उसकी खोज में पुलिस छापेमारी कर रही है.

## दरभंगा के पूर्व सांसद अशरफ फातमी ने छोड़ा जदयू का साथ

**संवाददाता। पटना**



लोकसभा चुनाव से पहले जदयू को बड़ा झटका लगा. दरभंगा के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी ने जदयू को छोड़कर राजद का दामन थाम लिया है और चुनावी मैदान में उतरने का मन बना लिया है. फातमी ने पत्र लिख कर खुद को जदयू से अलग कर लिया है. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बेहद खास रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री फातमी की घर वापसी पर बिहार की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है.

पांच साल पहले फातमी ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में आस्था जताते हुए जदयू का दामन थामा था. समर्थकों समेत उन्होंने प्रदेश जदयू अध्यक्ष व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी. बताया जाता है कि जिन शर्तों से वो जदयू में शामिल हुए थे. उसे पूरा नहीं किया जा रहा था. उन्हें राज्यसभा से सांसद बनाने का वादा खुद नीतीश कुमार ने किया था. फातमी हाल में नीतीश कुमार के राजग से समझौता के बाद खुद को असहज महसूस कर रहे थे. इससे उनकी लोकसभा से उम्मीदवारी की मंशा पर भी पानी फिरता दिख रहा था. फातमी ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पत्र लिख कर सभी पदों के साथ प्राथमिक सदस्यता से भी खुद को अलग कर लिया है.

## होली पर चलेंगी फेस्टिवल ट्रेन

**संवाददाता। पटना**

होली के मौके पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यूपी एवं बिहार के लिए कई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है. पूर्व मध्य रेलवे ने मंगलवार को चार और होली स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की.

इससे पहले 64 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान हो चुका है. रेलवे के मुताबिक अहमदाबाद, सूरत, उधना और हावड़ा से ये स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी. ट्रेन नंबर 09403/04



अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल 24 मार्च को सुबह 7.20 बजे अहमदाबाद से रवाना होगी और जबलपुर, प्रयागराज छिवकी, डीडीयू, आरा होते हुए अगले दिन शाम 7.30 बजे दानापुर पहुंचेगी. वापसी में यह ट्रेन 25 मार्च को रात 10.30 बजे दानापुर से रवाना होगी और 27 मार्च को सुबह 10.15 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी. ट्रेन नंबर 09053/54 सूरत-बरौनी-सूरत होली स्पेशल 23 मार्च को सुबह 8.05 बजे सूरत से रवाना होगी जबलपुर, प्रयागराज, डीडीयू, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर होते हुए अगले दिन शाम 7 बजे बरौनी पहुंचेगी. बरौनी से 24 मार्च को रात 8 बजे खुलेगी और 26 मार्च को सुबह 5.45 बजे सूरत पहुंचेगी. ट्रेन नंबर 09093/94 उधना-आरा-वलसाड़ सुपरफास्ट ट्रेन 19 मार्च को रात 11.55 बजे उधना से रवाना होगी.

## झरी गांव से पुलिस ने 50 लीटर देसी महुआ किया जब्त

**संवाददाता। गया**

आमस थाने की पुलिस ने मंगलवार को झरी गांव से 50 लीटर देसी महुआ जब्त किया. शराब के साथ तीन महिला धंधेबाज भी पकड़े गए. बता दें कि पुलिस लोकसभा चुनाव को देखते हुए जंगल पहाड़ों से लेकर गांव टोलों में शराब विरोधी छापेमारी अभियान तेज कर दी है. हर दिन शराब की भट्ठियां तोड़ी जा रही हैं. साथ ही शराब के साथ धंधेबाज भी पकड़े जा रहे हैं. थानाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार ने बताया कि झरी गांव में छापेमारी कर पचास लीटर देसी महुआ शराब के साथ तीन महिला को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के हत्थे चढ़ी मंजू देवी पति उपेंद्र भुइयां, रजिया देवी पति हरिलाल भुइयां और नगीना देवी पति जवाहर भुइयां शामिल हैं. एसआई मोनू ने बताया कि छापेमारी के दौरान इनके घरों से बना हुआ शराब और गैलेन में फुलाए जा रहे दर्जनों लीटर महुआ जब्त किए गए हैं. हालांकि पुलिस की भनक लगते ही ये घर से भागने लगीं.

### सहरा में सांप के काटने से बच्चे की हुई मौत

**पूर्णिया।** केनगर प्रखंड के सहरा पंचायत में सांप के काटने से छह साल के बच्चे की मौत हो गई. घटना मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सहारा पंचायत के छोटी बेगना गांव की है. मृत बालक बेगना निवासी किरण शर्मा का पुत्र गौरव कुमार था. किशोर के पिता ने बताया कि रोजाना की तरह वे लोग घर पर बेटे को छोड़कर खेत पर गए थे. देर दोपहर करीब तीन बजे घर लौटने पर बेटे ने बताया कि घर में खेलने के दौरान सांप ने हाथ में डंस लिया. सवा घंटे बाद जब वे लोग घर से खेत पर पहुंचे तो बच्चे की तबीयत लगातार बिगड़नी शुरू हो गई.

## पेपर लीक मामले में बीपीएससी ने मांगे सबूत

**संवाददाता। पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने राज्य पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) से 'ठोस सबूत' मांगे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि शिक्षक भर्ती का प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने से पहले 'लीक' हुआ था.

बीपीएससी द्वारा जारी एक बयान में, कहा गया कि ठोस साक्ष्य प्राप्त होने और समीक्षा के बाद ही, 15 मार्च, 2024 को आयोजित परीक्षा को लेकर आयोग द्वारा निर्णय लिया जाएगा. बयान में कहा गया है कि

**जांच जारी**

- ईओयू की रिपोर्ट में ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं हैं
- लीक होने के बाद ईओयू ने विशेष टीम गठित किया था

बीपीएससी को सौंपी गई शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-3 के कथित पेपर लीक से संबंधित ईओयू की रिपोर्ट में ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं हैं, जिससे परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रश्न पत्र कथित तौर पर लीक होने की बात साबित हो सके. बीपीएससी ने कहा कि टीआरई-3 प्रश्नपत्र के कथित तौर पर लीक होने के बाद ईओयू ने एक विशेष टीम का गठन किया था. जिसने 15 मार्च को हजारीबाग में कई स्थानों पर छापेमारी की. प्रश्न पत्र लीक के संबंध में पहली सूचना ईओयू द्वारा आयोग को 15 मार्च को दोपहर लगभग 2.30 बजे दी गई थी. इससे पूर्व, पहली पाली की परीक्षा 12 बजे समाप्त हो गई थी और दूसरी पाली की परीक्षा 2.30 बजे शुरू हुई थी. शिक्षक भर्ती प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच ईओयू द्वारा की जा रही है. बयान के अनुसार, बीपीएससी ने ईओयू से प्रश्नपत्र और उत्तरों के लीक होने के संबंध में ठोस सबूत मांगे हैं. ठोस सबूत और वांछित जानकारी प्राप्त करने के बाद, आयोग 15 मार्च को आयोजित परीक्षा के संबंध में निर्णय करेगा. बीपीएससी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, ईओयू (बिहार पुलिस) के अपर महानिदेशक (एडीजी) एन हसनैन खान ने कहा कि हमने टीआरई-3 के कथित पेपर लीक मामले में प्राथमिकी दर्ज की और 266 लोगों को गिरफ्तार किया. हमने बहुत ही वैज्ञानिक तरीके से जांच की और मामले से संबंधित सबूत एकत्र किए.

**कारोबार**

### बीएचईएल को मिला एनटीपीसी से ठेका

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे एनटीपीसी से 1,600 मेगावाट की सिंगरौली अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना चरण-3 की स्थापना के लिए ठेका मिला है. बीएचईएल ने एक बयान में कहा कि यह संयंत्र उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के सिंगरौली में मौजूदा 2,000 मेगावाट के तापीय बिजली स्टेशन के पास स्थापित किया जाएगा. सिंगरौली टीपीएस राज्य में एनटीपीसी का पहला बिजली संयंत्र था,

### जेबीएम को 7,500 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नयी दिल्ली।** जेबीएम ऑटो को पीएम-ईबस सेवा योजना के तहत 1,390 इलेक्ट्रिक बस के साथ संबद्ध इलेक्ट्रिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 7,500 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है. कंपनी ने कहा कि यह ऑर्डर 12 से 18 माह में पूरा किया जाएगा. कंपनी की अनुषंगी कंपनी जेबीएम इकोलाइफ मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को 'एल1' घोषित किया गया है और 1,390 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, आपूर्ति, संचालन और रखरखाव और संबद्ध इलेक्ट्रिक और बुनियादी ढांचे का विकास करना होगा.

### पाक में बैंक में ब्याज दरों में नहीं हुआ बदलाव

**कराची।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने लगातार छठी बार अपनी नीति बैठक में प्रमुख उधारी दर में कोई बदलाव नहीं करते हुए इसे 22 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बरकरार रखा. इस बीच पड़ोसी देश में नवनिर्वाचित सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ राहत पैकेज की अगली किश्त हासिल करने के लिए चर्चा कर रही है. आईएमएफ को यह तय करना है कि क्या पाकिस्तान ने 1.1 अरब डॉलर की अगली किश्त पाने के लिए जरूरी शर्तों को पूरा कर लिया है. स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने लगातार छठी नीति बैठक में अपनी प्रमुख नीति दर को 22 प्रतिशत पर बरकरार रखा है.

## स्पाइसजेट के एमडी अजय सिंह ने गो फर्स्ट की बोली बढ़ा दी

# गो फर्स्ट की बिड 100-150 करोड़ रुपये बढ़ी

**1,600** करोड़ रुपये की बोली शुरू में लगी थी




**होगा फायदा**

- गो फर्स्ट की बोली बढ़कर 1,750 करोड़ रुपये हुई
- शारजाह बेस्ड स्काई वन ने भी बोली लगाई थी

**भाषा। नयी दिल्ली**

बैंकरप्ट एयरलाइन गो फर्स्ट खरीदे जाने से पहले उसकी बढ़ रही बिड को लेकर चर्चा में है. इस पर कई कंपनियों की नजर है, जो इसे अपना बनाना चाहती है. इसी में स्पाइसजेट भी है. स्पाइसजेट के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) और चेयरमैन अजय सिंह के कंसोर्टियम ने बैंकरप्ट एयरलाइन गो फर्स्ट को खरीदने के लिए अपनी बोली बढ़ा दी है. रिपोर्ट के मुताबिक अजय सिंह के कंसोर्टियम में बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है.

इस कंसोर्टियम ने अब गोफर्स्ट को खरीदने के लिए अपनी बोली राशि यानी बिड अमाउंट 100-150 करोड़ रुपये बढ़ा दी है. जिसके बाद इस कंसोर्टियम की बोली बढ़कर 1,700 से 1,750 करोड़ रुपये हो गई है. पिछले महीने फरवरी में स्पाइसजेट और बिजी बी एयरवेज ने साथ मिलकर नकदी संकट से जूझ रही एयरलाइंस गोफर्स्ट को खरीदने के लिए 1,600 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी. तब स्पाइसजेट और बिजी बी के अलावा शारजाह बेस्ड स्काई वन ने भी बोली लगाई थी. यह फाइनेंशियल बिड्स गो फर्स्ट की बैंकरप्सी प्रोसेस का हिस्सा है. बता दें कि गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया था. स्पाइसजेट ने कहा था कि अजय ने यह बोली अपनी पर्सनल कैपेसिटी से लगाई है. अगर डील हो जाती है तो स्पाइसजेट नई एयरलाइन के ऑपरेशन में मदद करेगी. यह जरूरी स्टाफ, सर्विस और इंडस्ट्री एक्सपर्टिज प्रोवाइड करेगा.

गो फर्स्ट में एक्सपोजर रखने वाले सरकारी बैंक के एक बैंकर ने बताया कि दोनों ऑफर्स में बिड अमाउंट कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स (सीओसी) की एक्सपेक्टेशंस से काफी कम थी और इसमें भारी कटौती भी शामिल होगी.

यही कारण है कि दोनों बिडर्स को अपने ऑफर को बढ़ाने के लिए कहा गया था. बैंकर ने कहा कि रेजोल्यूशन प्रोफेशनल के जरिए सीओसी स्काई वन के साथ बातचीत कर रही है.

### गो को अपनी फ्लीट के आधे से ज्यादा एयरक्राफ्ट ग्राउंडेड करने पड़े थे

अमेरिका के एयरक्राफ्ट इंजन मैन्युफैक्चरर प्रैट एंड व्हिटनी (पीडब्ल्यू) को गो फर्स्ट को इंजन की सप्लाई करनी थी, लेकिन उसने समय पर इसकी सप्लाई नहीं की. ऐसे में गो फर्स्ट को अपनी फ्लीट के आधे से ज्यादा एयरक्राफ्ट ग्राउंडेड करने पड़े. इससे उसे भारी नुकसान हुआ. फ्लाइट नहीं उड़ने के कारण उसके पास कैश की कमी हो गई और फ्यूल भरने के लिए भी पैसे नहीं बचे. एयरलाइन के ए20 नियो एयरक्राफ्ट में इन इंजनों का इस्तेमाल होता है. एयरलाइन के सीईओ कौशिक खोना का दावा है कि इंजन की खराबी से कंपनी को बीते तीन साल में 1.1 बिलियन डॉलर यानी करीब 8.9 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. गो फर्स्ट वाडिया ग्रुप की बजट एयरलाइन है. कंपनी की वेबसाइट के अनुसार 29 अप्रैल 2004 को गो फर्स्ट की शुरुआत हुई थी. नवंबर 2005 में मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली फ्लाइट ऑपरेट की. एयरलाइन के बेड़े में 59 विमान शामिल हैं. इनमें से 54 विमान ए320 नियो और 5 विमान ए320 सीइओ हैं.

### हमें अपनी क्षमताएं बढ़ाने की जरूरत है : सुधीर सेखरी

**नयी दिल्ली।** उत्पादन क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि और कार्यबल के कौशल विकास जैसे उपायों से 2030 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर के परिधान निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी. भारतीय परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने मंगलवार को यह बात कही. एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि सिलाई करने और गुणवत्ता जांचने जैसे कुशल श्रमिक अभी भी पर्याप्त संख्या में नहीं हैं. ऐसा इसलिए है, क्योंकि व्यस्त सत्र के दौरान श्रमिक अपने मूल गांवों में चले जाते हैं, जिससे कमी पैदा हो जाती है. सेखरी ने कहा कि 2030 तक आरएमजी (रेडीमेड परिधान) निर्यात को 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य साकार हो सकता है, और इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हर संभव कदम उठाना मेरा कर्तव्य है. उन्होंने कहा कि हमें अपनी क्षमताएं बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि भारत में निर्यात कारोबारी अभी भी बड़ी मात्रा वाले ऑर्डर संभालने में असमर्थ हैं. उन्होंने कहा कि परिषद कार्यबल को कुशल बनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है. सेखरी ने कहा कि हम हर साल 1.5 लाख कुशल श्रमिक तैयार कर रहे हैं, लेकिन यह अभी भी पर्याप्त नहीं है.

## भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक संभव : फियो अध्यक्ष

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

**बोले कुमार**

- फियो निर्यातकों के लिए मौके तलाशने पर काम कर रहा है
- फरवरी में निर्यात 41.40 अरब यूएस डॉलर हो गया

लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को यह बात कही. उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है.

कुमार ने कहा कि देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है. ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि मैं एमएसएमई के मुद्दों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा, क्योंकि वे प्रमुख भूमिका निभाने जा रहे हैं. ये इकाइयां 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के वस्तु निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. उन्होंने कहा कि छोटी और मझोली इकाइयां अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें ऋण से संबंधित कुछ मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है. कुमार ने कहा कि मैं बैंकों से इन इकाइयों को समर्थन देने के लिए आगे आने का आग्रह करूंगा.

**निर्यात**

## 2015 से 2023 के बीच भारत से खिलौनों के निर्यात में 239 प्रतिशत तेजी आई

# खिलौना उद्योग का पावरहाउस बन रहा है भारत

**भाषा। नयी दिल्ली**

देश में खिलौनों का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है. इसमें भारत तेजी से बढ़ रहा है. पहले जहां वैश्विक बाजार पर चीन का दबदबा था, वहीं भारत भी अपनी जगह बना रहा है. इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फाइनेंशियल ईयर 2015 से 2023 के बीच भारत से खिलौनों के निर्यात में 239 प्रतिशत तेजी आई है. इस दौरान आयात में 52 प्रतिशत गिरावट आई है. इसके साथ ही खिलौनों को ग्लोबल मार्केट में चीन का दबदबा कम हो रहा है. भारत नेट एक्सपोर्टर बनकर उभरा है. दुनिया की कई कंपनियां अब भारत से खिलौने खरीद रही हैं.

**1.7** अरब डॉलर थी देश की टॉय इंडस्ट्री की वैल्यू

**4.4** अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है 2032 तक



### फंसकूल 33 देशों को एक्सपोर्ट करती है

फंसकूल कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को सप्लाई करती है. इनमें हासब्रो, स्पिन मास्टर, अर्ली लर्निंग सेंटर, फ्लेयर और ड्रूमंड पार्क गेम्स शामिल हैं. इस कंपनी के 60 प्रतिशत खिलौने एक्सपोर्ट होते हैं. फंसकूल दुनिया के 33 देशों को एक्सपोर्ट करती है जिनमें गल्फ देश, यूरोप और अमेरिका शामिल है. आरपी एसोसिएट्स के मालिक पवन गुप्ता ने कहा कि भारत में खिलौनों का उत्पादन बढ़ गया है. कई कंपनियों ने भारत में अपना बेस बनाया है. पहले चीन से खिलौने खरीद रही कई कंपनियां अब दूसरे देशों में शिफ्ट हो रही हैं. इनमें भारत भी शामिल है. इस लिस्ट में माइक्रोप्लास्ट, ड्रिम प्लास्ट और इनकास जैसी बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं.

### हासब्रो जैसे ग्लोबल ब्रांड्स भारत से खिलौने खरीद रहे हैं

एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में खिलौनों की बिक्री के लिए बीआईएस अप्रूवल को अनिवार्य बनाने, देसी खिलौनों को बढ़ावा देने, दुनियाभर की कंपनियों की चाइना-प्लस-वन पॉलिसी और बेसिक कस्टम्स ड्यूटी को बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से देश में खिलौना उद्योग ने उड़ान भरी है. इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि हासब्रो, माट्टेल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे ग्लोबल ब्रांड्स भारत से खिलौने खरीद रहे हैं. इसी तरह ड्रिम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इनकास चीन से भारत में अपना फोकस शिफ्ट कर रही हैं. बीआईएस की अनिवार्यता लागू होने से पहले भारत में 80 प्रतिशत खिलौने चीन से आते थे, लेकिन अब चीन से खिलौनों के आयात में काफी कमी आई है.

**पेज एक का शेष**

### ये हिंदू धर्म का अपमान करने वाले...

अभी तो चुनाव अभियान की शुरुआत हुई है. पीएम मोदी ने कहा कि इंडिया अलायंस के प्लान मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गए हैं. ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है. हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये तमिलनाडु का हर व्यक्ति जानता है. अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट बीजेपी को जाएगा, एनडीए को जाएगा. मोदी ने यह भी कहा कि मोदी, देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बन कर खड़ा है. महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन देने के लिए हमने उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए, हमने फ्री मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए आयुष्मान योजना शुरू की है. इन सभी योजनाओं के केंद्र में नारीशक्ति ही है.

**मोदी के खिलाफ कांग्रेस ने की सीईसी से शिकायत :** लेकिन मोदी ने इसे धार्मिक मोड़ दे दिया है. पीएम मोदी ने लोगों की भावनाओं को भड़काने की कोशिश की है. यह चुनावी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है. उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि पीएम को इस तरह से सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने के लिए चीजों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने से रोका जाए.

### मोदी की गारंटी का हश्र...

कार्य समिति की बैठक में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, पी चिदंबरम और अन्य सदस्य शामिल हुए. बैठक के बाद वेणुगोपाल ने कहा, कांग्रेस कार्य समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र पर विस्तृत चर्चा की. करीब साढ़े तीन घंटे तक चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी की गारंटियों को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए रूपरेखा तैयार की है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सिर्फ घोषणापत्र नहीं होगा, बल्कि एक न्याय पत्र होगा. उन्होंने कहा, हमारी घर-घर गारंटी होगी. बैठक में दिए अपने शुरुआती संबोधन में खरगे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, इस यात्रा से जुड़े मुद्दों की देश विदेश में बहुत चर्चा हुई है. इससे हम देश का ध्यान जनता के असली मुद्दों पर खींच पाए. उन्होंने कांग्रेस की पांच गारंटी का उल्लेख करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आह्वान किया, आप सभी वरिष्ठ नेताओं की बहुत अहम भूमिका होगी. आप सभी से मेरा अनुरोध है कि इसके सभी प्रमुख मुद्दों को पूरे देश में, गांव-मुहल्ला और घर-घर तक पहुंचाने में प्रेरक की भूमिका निभाएं.

## ब्रीफ खबरें

### तस्करी मामले में आरोपी की हिरासत में हुई मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के सांगीपुर क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में वांछित आरोपी की हिरासत में मौत होने के मामले में दो अज्ञात महिला कांस्टेबल के खिलाफ हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है. उन्होंने बताया कि रास्ते में अचानक तबीयत खराब होने के कारण अजय को लालगंज के स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, वहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### वन विभाग की कछुआ गश्ती नौका पर हमला

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में प्रतिबंधित समुद्री जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे ट्रॉलर पर सवार लोगों ने वन विभाग की कछुआ गश्ती नौका पर हमला कर दिया. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि मछली पकड़ने वाले 12 ट्रॉलरों पर सवार लोगों ने एक साथ मिलकर हमला किया था. यह ट्रॉलर गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य में प्रतिबंधित समुद्री जल में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे.

### वाईएसआर कांग्रेस के विधायक कांग्रेस में शामिल

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के नंदीकोटकुर निर्वाचन क्षेत्र से सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधायक थोगुरु ऑर्थर ने पार्टी छोड़ दी और मंगलवार को आंध्र प्रदेश में कांग्रेस में शामिल हो गए. तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश की विधानसभा में मार्शल के तौर पर काम कर चुके ऑर्थर ने 2019 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता था. आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विज्ञप्ति में बताया कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नंदीकोटकुरु से विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए.

### सड़क हादसे में छह वर्षीय बच्चे की मौत

**नोएडा।** जिले में थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 107 के पास हुए सड़क हादसे में छह वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई. थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि छह वर्षीय बच्चा राहुल कुमार पुत्र बिंदा सेक्टर 107 की झुग्गी बस्ती में रहता था. बीती रात को वह पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति से और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

### हत्या के नौ साल बाद हत्या का आरोपी बरी

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने एक मजदूर की 2014 में हुई हत्या के मामले में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया और कहा कि अभियोजन उसके खिलाफ अपना मामला साबित करने में नाकाम रहा है. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित एम शेटे ने 11 मार्च को पारित फैसले में कहा कि जांच अधिकारी जांच करने में विफल रहे. इस फैसले की प्रति सोमवार को उपलब्ध हुई. अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय मोरे ने अदालत को बताया कि राजेश बोधि साव नामक श्रमिक की हत्या कर दी गई थी.



गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर में मुफ्त भोजन प्राप्त करने के लिए कतार में खड़े लोग.

इजरायली हवाई हमलों से नष्ट हुए अपने घर के बाहर रमजान के पवित्र महीने में उपवास तोड़ने पर मजबूर अल-रबाया परिवार के सदस्य.

### टीएमसी ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत, लगाया आरोप, कहा-

# पीएम ने आचार संहिता का उल्लंघन किया : ओ ब्रायन

**भाषा। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्वाचन आयोग से शिकायत कर आरोप लगाया है कि वाराणसी संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के लिए केंद्र सरकार के कोष का इस्तेमाल कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है.

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को एक पत्र लिखा. इसमें कहा गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च को पीएम का एक वाट्सऐप मैसेज मतदाताओं तक पहुंचा, जिसमें उनकी सरकार के कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया था. टीएमसी नेता ने दावा किया कि पीएम मोदी ने 15 मार्च को मतदाताओं को एक पत्र के रूप में संदेश लिखा था.

**सरकारी खजाने का दुरुपयोग :** उन्होंने चुनाव आयोग को लिखे अपने शिकायत पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यालय का उपयोग करके, भाजपा ने भारत सरकार द्वारा भेजे गए एक संदेश की आड़ में उपरोक्त पत्र जारी किया है. यह सरकारी खजाने का दुरुपयोग है. अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में इस तरह का व्यापक प्रचार-प्रसार भाजपा और पीएम मोदी के पक्ष में मतदाताओं को एकजुट करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है. यह भारत के चुनाव आयोग के आदेश का उल्लंघन है. उन्होंने निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भाजपा और उसके उम्मीदवार पीएम मोदी को सरकारी खजाने का इस्तेमाल पार्टी के चुनावी अभियानों के लिए नहीं करने और वाट्सऐप पर भेजा गया पत्र वापस लेने के लिए उचित निर्देश जारी किए जाएं.



**ब्रायन बोले**

- यह भारत के चुनाव आयोग के आदेश का उल्लंघन है
- वाट्सऐप पर भेजे पत्र वापस लेने के निर्देश जारी हों

### सेना का हेलीकॉप्टर इस्तेमाल करना आचार संहिता का उल्लंघन

तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने भी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश में एक चुनावी जनसभा में भाग लेने के लिए भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया, जो आचार संहिता का उल्लंघन है. आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे अपने शिकायती पत्र में साकेत गोखले ने पीएम मोदी की चिलकलुरिपेट यात्रा का जिक्र किया है, जहां उन्होंने टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के साथ एनडीए की एक रैली को संबोधित किया था.

### लोगों के दिल में टीएमसी के लिए कोई जगह नहीं है : भाजपा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिकायत करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि लोगों के दिल में टीएमसी नेताओं के लिए कोई जगह नहीं है और निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जाने वाले चुनावों के बाद यह और साफ हो जाएगा. तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत की थी कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव प्रचार के लिए केंद्र सरकार के धन का उपयोग करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राज्यसभा सदस्य और पार्टी के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि संबंधित व्यक्ति (डेरेक ओ'ब्रायन) 'एक्स' पर अपने हैंडल पर ट्वीट पोस्ट करते रहते हैं और तस्वीरें साझा करते रहते हैं. वह चाहे तो ऐसे गलत और बेतुके दावों के साथ निर्वाचन आयोग, उच्चतम न्यायालय जा सकते हैं, लेकिन इससे उनकी पार्टी को देश, बंगाल के लोगों का दिल जीतने में मदद नहीं मिलेगी जो नरेंद्र मोदी ने अपने सुशासन और जन समर्थक छवि तथा नीतियों से पहले ही जीत लिया है.

### जादू-टोने के शक में की दंपति की हत्या : पुलिस

**फूलबनी (ओडिशा)।** ओडिशा पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि कंधमाल जिले में संदिग्ध रूप से माओवादियों के हाथों मारे गए एक आदिवासी दंपति की हत्या गांव वालों ने जादू-टोना करने के शक में की थी. यह घटना आठ मार्च को कंधमाल जिले के गदापदर गांव में हुई थी. दंपति के शव अगले दिन एक जंगल से खून से लथपथ हालत में बरामद किए गए थे. उनके सिर पर चोटों के निशान थे. कंधमाल के पुलिस अधीक्षक शुभेंदु पात्रा ने बताया कि शुरुआत में संदेह था कि बतासी कन्हार (41) और ताहिरा कन्हार (45) नामक दंपति की माओवादियों ने हत्या कर दी, लेकिन बाद में जांच में पता चला कि उनकी ग्रामीणों ने हत्या की थी.

### मशहूर रेस्तरां मेघना फूड्स पर आईटी की रेड

**बेंगलुरु।** आयकर विभाग (आईटी) ने आज यानी मंगलवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में फेमस बिरयानी रेस्तरां मेघना फूड्स के खिलाफ कार्रवाई की. इनकम टैक्स विभाग ने रेस्तरां पर छापा मारा. इसके कोरमंगला और इंदिरा नगर समेत बेंगलुरु में नौ रेस्तरां हैं. हालांकि, अभी ये स्पष्ट रूप से पता नहीं चला पाया है कि किन कारणों के चलते यह कार्रवाई की गई है. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आईटी अधिकारी इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखे हैं. वे कुछ बताने को तैयार नहीं हैं. रेस्तरां के मालिक भी इस कार्रवाई पर कुछ टिप्पणी नहीं की है.

## न्यूज अपडेट

### आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध : पीएम

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना द्वारा समुद्री डाकुओं के कब्जे में आए बुल्गारियाई जहाज और चालक दल को छुड़ा लिए जाने के बाद पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है. भारतीय नौसेना के जाबांजी भरे इस कारनामे के लिए बुल्गारिया के राष्ट्रपति रुमेन रादेव ने भारत का शुक्रिया अदा किया था, जिसके जवाब में पीएम की यह टिप्पणी आई है. रादेव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि अपहृत बुल्गारियाई जहाज 'रुएन' और उसके चालक दल, जिसमें सात बुल्गारियाई नागरिक भी शामिल थे, को भारतीय नौसेना द्वारा बचाने की बहादुरी भरी कार्रवाई के लिए पीएम मोदी का हार्दिक आभार.

### सीएए पर फिलहाल रोक लगाने से अदालत का इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का आग्रह करने वाले आवेदनों पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मामले में अब नौ अप्रैल को सुनवाई करेगी. केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से कहा कि उन्हें 20 आवेदनों पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय चाहिए. इन आवेदनों में आग्रह किया गया है कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का शीर्ष अदालत द्वारा निपटारा किए जाने तक संबंधित नियमों पर रोक लगाई जानी चाहिए.

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के गडचिरोली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस दौरान दोनों तरफ से खबर है कि इस मुठभेड़ में चार नक्सली भी मारे गये हैं. नक्सलियों की पहचान वर्गीज, मागतू, कुरसांग राजू और कुदिमेत्ता वेंकटेश के रूप में हुई है. इन नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था. पुलिस को उनके पास से एक एके-47 बंदूक, एक कार्बाइन, दो देसी पिस्तौल, नक्सली साहित्य तथा अन्य सामान भी बरामद हुए हैं. इस बात की जानकारी एसपी नीलोत्पल ने दी है. एसपी नीलोत्पल के अनुसार, पुलिस को सोमवार दोपहर को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के मकसद से प्राणहिता नदी पार कर पड़ोसी तेलंगाना से गडचिरोली में आये हैं.

### दिल्ली में जल्द बनेगा एक और 'कनॉट प्लेस'

नयी दिल्ली। दिल्ली का कनॉट प्लेस दुनियाभर में फेमस है, घूमने के साथ-साथ लोग शॉपिंग के लिए कनॉट प्लेस पहुंचते हैं. सुंदर बसावट की वजह से कनॉट प्लेस आने वाले टूरिस्टों का दिल जीत लेता है. अब दिल्ली में कनॉट प्लेस की तर्ज पर एक और बाजार को संवारने का काम शुरू हो गया है. दरअसल, दिल्ली का कमला मार्केट काफी फेमस है. दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में रहने वाले लोग इस बाजार के बारे में बखूबी जानते हैं. कमला मार्केट को कनॉट प्लेस के जैसे सुव्यवस्थित करने के लिए खांका तैयार हो गया है. बता दें कि कमला मार्केट को संवारने का आदेश दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिया है.

### अजित डोभाल डी.लिट की उपाधि से सम्मानित

**बठिंडा (पंजाब)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को यहां पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को डी.लिट की उपाधि से सम्मानित किया गया. राष्ट्रीय सुरक्षा में दशकों लंबे शानदार करियर से राष्ट्र में अहम योगदान देने वाले डोभाल को एक दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया. विश्वविद्यालय के कुलपति ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में डोभाल को डी.लिट की उपाधि प्रदान की. डोभाल ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां होना मेरे लिए सम्मान की बात है. मैं विश्वविद्यालय, कुलपति और कुलाधिपति का यह पुरस्कार प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं जो कि मेरे लिए बड़े गर्व और सम्मान का विषय है. मैं इस अवसर पर अपने युवा मित्रों को भी बधाई देता हूं.

### अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा रूस : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद कहा कि मॉस्को यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी यूक्रेन के लंबी दूरी के और सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है. रूस की सेना ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में प्रगति की है लेकिन यह प्रगति धीमी रही है और महंगी साबित हुई है. यूक्रेन ने रूस में तेल रिफाइनरी और डिपो को निशाना बनाने के लिए अपने लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल किया है. यूक्रेन में स्थित क्रेमलिन के प्रतिद्वंद्वियों के एक समूह ने सीमा पार हमले भी शुरू किए हैं. पुतिन ने कहा कि हम जरूरी होने पर यूक्रेनी सरकार द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों पर कुछ सुरक्षित क्षेत्र बनाने पर विचार करेंगे.

### 22 मार्च तक करा सकेंगे एच-1बी वीजा पंजीकरण

**वाशिंगटन।** अमेरिका में विदेशी कामगारों के लिए वित्त वर्ष 2025 के वास्ते सबसे अधिक मांग वाले एच-1बी वीजा के लिए प्रारंभिक पंजीकरण 22 मार्च को पूर्वी समयानुसार अपराह्न 12 बजे खत्म हो जाएगा. अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवाओं ने बताया कि इस अवधि के दौरान संभावित आवेदकों तथा कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए प्रत्येक लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने के लिए उसके एक ऑनलाइन खाते का उपयोग करना होगा. एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गैर-आप्रवासी कामगार के लिए आवेदन फॉर्म आई-129 और प्रीमियम सेवा के लिए आवेदन फॉर्म आई-907 अब यूएससीआईएस के ऑनलाइन खाते पर उपलब्ध है.

### आसिफा भुट्टो ने उपचुनाव के लिए भरा नामांकन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी बेटी आसिफा भुट्टो ने सिंध प्रांत में नेशनल असेंबली की एक सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर देश की उथल-पुथल वाली राजनीति में कदम रखा है. शहीद बेनजीराबाद जिले की एनए-207 सीट आसिफा के पिता आसिफ अली जरदारी के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई है. 31 वर्षीय आसिफा कुछ समय से पाकिस्तान की राजनीति में सक्रिय हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष और उनके पिता जरदारी ने आसिफा भुट्टो को उचित समय तक संसदीय राजनीति से दूर रखा था.आसिफ अली जरदारी ने 10 मार्च को पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी. इस शपथ समारोह में आसिफा भुट्टो भी मौजूद थीं.

## सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**भाषा। नयी दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दौरान एसएमएस या सोशल मीडिया मंचों के जरिए आपत्तिजनक संदेश फैलने से रोकने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने और शिकायत के लिए एक नंबर व ईमेल एड्रेस जारी करने समेत कुछ कदम उठाए हैं. पुलिस विभाग ने यहां जारी एक नोटिस में कहा कि संयुक्त पुलिस आयुक्त बी.एस. जायसवाल को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान एसएमएस या विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिए आपत्तिजनक संदेश फैलाने संबंधी मामलों से निपटने के लिए नोडल अधिकारी (सोशल मीडिया निगरानी एवं साइबर क्राइम) नियुक्त किया गया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने एक नंबर '8130099025' और एक ई-मेल एड्रेस nodalmcc.election 24@dillipolice.gov.in भी जारी किया है, जहां लोग सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री से संबंधित मामलों की शिकायत कर सकते हैं.

**उठाए कदम**

- पुलिस ने एक नंबर और एक ई-मेल एड्रेस भी जारी की है
- आपत्तिजनक मामलों की शिकायत कर सकते हैं लोग

### कई टारगेट एक साथ किए जा सकते हैं तबाह, पेटेंट भी मिला

## सेना के मेजर ने बनाया यूनिक डिवाइस

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय सेना को एक बड़ी कामयाबी मिली है. दरअसल सेना के ही एक मेजर ने ऐसी डिवाइस का निर्माण किया है, जिसकी मदद से एक ही समय पर कई ठिकानों को तबाह किया जा सकता है. साथ ही इसकी मदद से सेना के जवानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी. इस अविष्कार को पेटेंट भी मिल चुका है. भारतीय सेना ने बयान जारी कर इसे बड़ी उपलब्धि बताया है. भारतीय सेना ने बयान जारी कर बताया कि सेना की कॉर्प्स ऑफ इंजीनियर्स के मेजर राजप्रसाद आरएस ने एक ऐसा डिवाइस बनाया है, जिसकी मदद से एक साथ कई लक्ष्यों को तबाह किया जा सकता है. खास बात ये है कि सेना के जवान इस वायरलेस डिवाइस की मदद से दूर से ही लक्ष्यों को तबाह कर सकते हैं. इससे उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी. इस डिवाइस को ''पोर्टेबल मल्टी टारगेट डेटोनेशन डिवाइस'' नाम दिया गया है. सेना ने बताया कि इस डिवाइस को पेटेंट मिलने के बाद सेना में शामिल भी कर लिया गया है.



### 'राजनीतिक हथियार' बन गई है ईडी: आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर 'राजनीतिक हथियार' बनने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उच्चतम न्यायालय ने एजेंसी के इस आरोप को खारिज कर दिया था कि बीआरएस नेता के. कविता अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में लाभ के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में शामिल थीं. आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी का मकसद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है. तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य कविता को ईडी ने पिछले सप्ताह उनके हैदराबाद स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया था और वह 23 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं. ईडी ने सोमवार को एक बयान में दावा किया कि कविता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत आप के शीर्ष नेताओं के साथ दिल्ली आबकारी नीति बनाने और उसे लागू कराने में फायदा उठाने के लिए साजिश रची.

### भारत ने चीन के बेतुके बयान को किया खारिज, कहा-

## अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत ने चीन के अरुणाचल प्रदेश को लेकर दिए गए बेतुके बयान को सिरे से खारिज कर दिया है और अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को आधारहीन बताया है. भारत ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा. भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया है और कहा है कि भारत की विकास यात्रा का लाभ अरुणाचल प्रदेश के लोगों को मिलता रहेगा.

**चीन के विदेश मंत्रालय ने दिया था बयान :** विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया चीनी सेना के उस दावे के बाद सामने आई है, जिसमें चीन ने अरुणाचल प्रदेश को चीनी क्षेत्र का हिस्सा बताया था. चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि 'जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन का हिस्सा है और चीन भारत के कथित अरुणाचल प्रदेश को न कभी स्वीकार करेगा और इसका सख्ती से विरोध करता है.' पीएम मोदी ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में सेला टनल का उद्घाटन किया था. उसके बाद ही चीन ने अरुणाचल को लेकर बयान दिया. जिस पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में चीन को कड़ा जवाब दिया है. चीन की तरफ से 15 मार्च को यह बयान दिया गया. भारत पहले भी चीन के ऐसे दावों को सिरे से खारिज कर चुका है. भारत ने अपने पूर्व के एक बयान में कहा था कि चीन का भारतीय नेताओं के अरुणाचल दौरे का विरोध बेतुका है और इसका कोई आधार नहीं है.

**खास बातें**

- विकास यात्रा का लाभ लोगों को मिलता रहेगा
- अरुणाचल प्रदेश को चीनी क्षेत्र का हिस्सा बताया था

**विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?**

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि 'चीन के रक्षा मंत्रालय की तरफ से भारत के राज्य अरुणाचल प्रदेश पर किए बेतुके दावे पर हमने नोटिस लिया है. चीन की तरफ से बार-बार आधारहीन तर्क दिए जा रहे हैं. अरुणाचल प्रदेश, भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा. अरुणाचल प्रदेश के लोगों को आधारभूत ढांचे के विकास और अन्य विकास परियोजनाओं का लाभ मिलता रहेगा.'




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )